सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 16 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 132, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 161 अंकों की गिरावट

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती बढ़त गंवाकर सेंसेक्स 160.73 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 अंक पर बंद हुआ। } 10

भारत के रक्षा इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 16,000 करोड़ की लागत वाली लड़ाकू विमान अवसंरचना परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह भारत के रक्षा इतिहास में एक ऐतिहासिक अध्याय है। } 12

प्रदेश में माफिया का आतंक समाप्त : योगी

योगी ने महराजगंज में 79 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

विशेष/जिला संवाददाता

महराजगंज/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब आपका वोट सही जगह पड़ता है, तब

- प्रदेश में सुशासन और विकास का नया वातावरण तैयार किया
- पूर्वांचल को माफिया, दंगा और भय के माहौल से बाहर निकाला
- आपके एक सही वोट से सुनिश्चित हुआ विकास : सीएम
- इंसेफेलाइटिस व बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं से जूझ रहा था प्रदेश

विकास, सुरक्षा, रोजगार और सुशासन सुनिश्चित होता है, लेकिन एक गलत वोट जातिवाद, क्षेत्रवाद, परिवारवाद, माफियावाद, अराजकता और गरीबों की जमीनों पर कब्जे जैसी दुष्प्रवृत्तियों को जन्म देता है। डबल इंजन सरकार ने इन प्रवृत्तियों पर प्रभावी रोक लगाकर प्रदेश में सुशासन और विकास का नया वातावरण तैयार किया है। महराजगंज समेत पूरे पूर्वांचल को माफिया, दंगा व भय के माहौल से बाहर निकालकर विकास, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, मजबूत सड़क ...शेष पृष्ठ 10 पर

हाईकोर्ट ने भोजशाला को घोषित किया मंदिर

नमाज अदा करने का आदेश रद्द, हिंदुओं को उपासना का मिला अधिकार

एजेंसी

इंदौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के ऐतिहासिक विवाद के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए इस मध्यकालीन स्मारक की धार्मिक प्रकृति हिंदू मान्यताओं में ज्ञान की देवी के रूप में पूजी जाने वाली वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर के तौर पर तय की।

अदालत ने रेखांकित किया कि परमार वंश के राजा भोज की विरासत से जुड़े इस स्थल पर हिंदुओं की पूजा-अर्चना की निरंतरता कभी समाप्त नहीं हुई है। उच्च न्यायालय ने विवादित परिसर में केवल हिंदुओं को उपासना का अधिकार दिए जाने की गुहार स्वीकार की और इसके साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुस्लिमों को हर शुक्रवार स्मारक में नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी। उच्च ...शेष पृष्ठ 10 पर

शीर्ष अदालत जाने की तैयारी में मुस्लिम पक्ष

इंदौर। धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को सरस्वती मंदिर करार दिए जाने और इस मध्यकालीन स्मारक में नमाज की अनुमति समाप्त करने संबंधी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के शुक्रवार के फैसले को मुस्लिम पक्ष ने शीर्ष अदालत में चुनौती देने की घोषणा की है। मुस्लिम पक्ष के वकील अशहर वारसी ने कहा हम भोजशाला मामले में उच्च न्यायालय के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं और इसे शीर्ष अदालत में जल्द से जल्द चुनौती देंगे। उन्होंने दावा किया कि भोजशाला परिसर में एएसआई का वैज्ञानिक सर्वेक्षण ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

महिला ने पांच दिन में चार बच्चों को दिया जन्म, सभी सुरक्षित

मुरादाबाद। संभल जिले की एक महिला ने मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर अस्पताल में पांच दिन के अंतराल में चार बच्चों को सामान्य प्रसव से जन्म दिया। चिकित्सकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने इसे दुर्लभ मामला बताया। अस्पताल के अनुसार, संभल के ओवरी गांव की रहने वाली अमीना ने नौ मई को पहले बच्चे को जन्म दिया और इसके बाद 14 मई को चिकित्सकों की निगरानी में तीन अन्य बच्चों का जन्म हुआ। चार नवजात बच्चों में दो बेटे और दो बेटियां हैं और अमीना छह मई को इस अस्पताल में भर्ती हुई थीं। डॉ. शुभ्रा अग्रवाल के नेतृत्व वाली टीम ने जटिलता के बावजूद सफलता प्राप्त की। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यह अस्पताल में पहला मामला है, जहां चार बच्चों का सामान्य प्रसव हुआ। उन्होंने बताया कि महिला का इलाज गर्भावस्था के तीसरे महीने से हो रहा था और अल्ट्रासाउंड में चार भ्रूणों की पुष्टि हुई थी।

आरजी कर हत्या मामले में तीन आईपीएस सस्पेंड

कोलकाता। आरजी कर अस्पताल में बलात्कार और हत्या मामले की फाइल फिर से खोले जाने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव पूर्व किए गए वादे पर अमल करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान कथित लापरवाही और कर्तव्य में चूक के आरोप में तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। राज्य सचिवालय में इस फैसले की घोषणा करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, पूर्व उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी और अभिषेक गुप्ता को उनके खिलाफ शुरू की गई विभागीय जांच के मद्देनजर निलंबित करने का आदेश दिया गया है।

नीट-यूजी पेपर लीक का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

सीबीआई ने पुणे से प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी को दबोचा ❍ कई वर्षों से नीट समिति से जुड़ा था प्रोफेसर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले के कथित सरगना एक प्रोफेसर को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच शुरू होने के तीन दिन के भीतर इसे सुलझाने का दावा करते हुए पुणे के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया है, जिसे प्रश्नपत्र लीक का मुख्य स्रोत बताया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, रसायन विज्ञान के विशेषज्ञ और लातूर निवासी प्रोफेसर पी वी कुलकर्णी कई वर्षों से नीट प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समितियों से जुड़े रहे हैं। प्रोफेसर कुलकर्णी को पुणे स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, पी वी कुलकर्णी को गहन पूछताछ के बाद पुणे से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, गोपनीय सामग्री तक विशेष पहुंच का फायदा उठाते हुए प्रोफेसर कुलकर्णी ने अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अपने घर पर विशेष कोचिंग कक्षाएं आयोजित कीं, जिनमें

उन्होंने छात्रों को वे प्रश्न, विकल्प और उत्तर लिखवाए जो तीन मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा में पूछे गए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने बयान में कहा, अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में कुलकर्णी ने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को संगठित किया था। मनीषा वाघमारे को सीबीआई ने 14 मई को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि छात्रों ने इन विशेष कक्षाओं में शामिल होने के लिए कथित तौर पर कई लाख रुपये दिए थे। इन कक्षाओं में छात्रों ने प्रश्न अपनी नोटबुक में लिखे थे, जो बाद में तीन मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से पूरी तरह मेल खाते थे। प्रवक्ता ने कहा कि सीबीआई की जांच टीमों ने रसायन विज्ञान के प्रश्नपत्र लीक होने के वास्तविक स्रोत और उन बिचौलियों की पहचान कर ली है, जिन्होंने कई लाख रुपये लेकर छात्रों को इन विशेष कक्षाओं तक पहुंचाया। उन्होंने कहा, पिछले 24 घंटों में सीबीआई ने देशभर में कई स्थानों पर छापेमारी की और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा मोबाइल फोन जब्त किए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि जब्त सामग्री की विस्तृत फॉरेंसिक और तकनीकी जांच जारी है। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को अहिल्यानगर से धनंजय लोखंडे और पुणे से उसकी सहयोगी मनीषा वाघमारे को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि जांच में पता चला कि लोखंडे को प्रश्नपत्र वाघमारे से मिला था। इसके बाद लोखंडे ने इसे नासिक निवासी शुभम खैरनार को दिया, जिसने आगे इसे यश यादव तक पहुंचाया और फिर यादव ने इसे अन्य लोगों में प्रसारित किया। सीबीआई ने जयपुर से मंगलीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा गुरुग्राम से यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को भी पकड़ा गया है। अधिकारियों के अनुसार, खैरनार ने अप्रैल में यादव को बताया था कि मंगलीलाल बिवाल अपने छोटे बेटे के लिए लीक हुए नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र की व्यवस्था कराने के बदले 10 से 12 लाख रुपये देने को तैयार है। उन्होंने बताया कि खैरनार ने कथित ...शेष पृष्ठ 10 पर

21 जून को फिर होगी परीक्षा

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की पुनः परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अनियमितताओं के आरोपों के मद्देनजर सुधारों के तहत अगले वर्ष से मेडिकल प्रवेश परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता छात्र और उनका भविष्य है। उन्होंने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा के संचालन

में पाई गई अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्वाई की जा रही है। उन्होंने कहा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता छात्रों का भविष्य है। इस बार हम किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने देंगे। सरकार आपके साथ है। परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों के बाद तीन मई को आयोजित हुई नीट-यूजी परीक्षा रद्द कर दी गई थी। प्रधान ने कहा कि यह मामला उस समय सामने आया जब राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की शिकायत प्रणाली के माध्यम से गेस पेपर के प्रश्न पत्रों साथ नीट-यूजी परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के कथित तौर पर मेल खाने को लेकर आपत्तियां प्राप्त हुईं, जिसके बाद जांच शुरू की गई। उन्होंने कहा यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच : सीजेआई

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से करते हुए शुक्रवार को कहा कि वे आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा हासिल करने के लिए प्रयासरत रहने पर एक वकील को फटकार लगाते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि समाज में पहले से ही ऐसे परजीवी मौजूद हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं और पूछा कि क्या याचिकाकर्ता भी उनके साथ जुड़ना चाहता है। पीठ ने याचिकाकर्ता वकील से कहा, पूरी दुनिया वरिष्ठ अधिवक्ता बनने की पात्र हो सकती है, लेकिन कम से कम आप इसके पात्र नहीं हैं। सीजेआई ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि दिल्ली उच्च न्यायालय याचिकाकर्ता को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा प्रदान भी कर दे, तो शीर्ष अदालत उसके पेशेवर आचरण को देखते हुए उसे रद्द कर देगी। सीजेआई ने फेसबुक पर याचिकाकर्ता द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा का भी उल्लेख किया।

अनियमितता पर 200 निजी अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई

विशेष संवाददाता

- आयुष्मान योजना के तहत मानकों में लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई
- 100 निजी अस्पतालों का रोका भुगतान, 100 से योजना की निलंबित

लखनऊ। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सऐवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेह बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले निजी चिकित्सालयों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश हैं कि योजना के लाभार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में इसे अधिक प्रभावी, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए समय-समय पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में अस्पतालों की सूचीबद्धता और गुणवत्ता परीक्षण ...शेष पृष्ठ 10 पर

विकास योजनाओं को गति देने पर जोर

मुख्यमंत्री धामी की वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों संग बैठक

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तृत संवाद किया। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी तथा केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति बढ़ाने, आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सेवाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जनप्रतिनिधियों ने युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने, स्थानीय उत्पादों के विपणन को मजबूत करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही पर्यटन क्षेत्र के विस्तार के माध्यम से स्थानीय आय वृद्धि के नए रास्ते तलाशने पर भी विचार रखे गए।

बैठक में कृषि, बागवानी और पारंपरिक उत्पादों के संवर्धन के जरिए पलायन की चुनौती को कम करने के उपायों पर भी चर्चा हुई। महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से और अधिक सक्षम बनाने, कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर

पेट्रोल और डीजल के दाम तीन रुपया बढ़े

एजेंसी

नयी दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले चार वर्षों में पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली वृद्धि है। कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण तेल विपणन कंपनियों का घाटा बढ़ने के बीच यह वृद्धि की गई है। इसके साथ ही, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों ने बताया ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- 899 ग्राम पंचायतों में एक साथ लगी ग्रीन चौपाल (पृष्ठ-10)
- 75 जिलों की गोशालाओं में होंगी कृषि सखियां (पृष्ठ-10)
- रुपया 22 पैसे टूटकर 95.86 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- ब्लिंकिट से खराब अंडों की बिक्री पर मांगा जवाब (पृष्ठ-10)
- विदेशी मुद्रा भंडार 696.99 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

एआई ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्क्लेव में जुटे देशभर के वरिष्ठ नौकरशाह, उच्चस्तरीय वर्कशॉप में भविष्य की गवर्नेंस पर मंथन

लखनऊ टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का नया केन्द्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से देश के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी और एआई इनोवेशन हब के रूप में उभर रहा है। इसी दिशा में शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित ह्यएआई ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्क्लेव 2026 में देशभर से 50 से अधिक आईएएस अधिकारियों व अन्य वरिष्ठ प्रशासकों ने भाग लिया।

कॉन्क्लेव के दौरान ह्यद एआई-पावर्ड पब्लिक एडमिनिस्ट्रेटरः कॉम्पिटेंसीज फॉर ए न्यू एरा ऑफ गवर्नेंस विषय पर उच्चस्तरीय कैपेसिटी-बिल्डिंग वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसका संचालन एनआईएचआईटी की संस्थापक और इंडिया-यूएस सीईओ फोरम की वर्किंग ग्रुप-7 की शेरपा डॉ. सुबी चतुर्वेदी ने किया। डॉ. सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, विशेषकर लखनऊ, भारत में एआई इनोवेशन का सबसे उपयुक्त केंद्र बनकर उभर रहा है। पहले यह शहर तहजीब की पहचान था, अब वर्तमान सरकार के नेतृत्व में नवाचार की नई पहचान बना रहा है। इनमोबी जैसी कंपनियों के डीपटेक ऑपरेशन्स शुरू होने से प्रदेश में गवर्नेंस, रिसर्च, टैलेंट, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और आंत्रप्रेन्योरशिप का नया इकोसिस्टम

विकसित हो रहा है। कॉन्क्लेव के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एआई नीति और टेक्नोलॉजी विजन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। हाल में लखनऊ की वृंदावन योजना में 368 करोड़ रुपये की लागत से देश की पहली एआई सिटी को मंजूरी दी गई है, जबकि यूपी एआई मिशन के लिए 225 करोड़ रुपये का विशेष बजट आवंटित किया गया है। इस अवसर पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकारी कार्यप्रणालियों में एआई ट्रांसफॉर्मेशन का राष्ट्रीय मॉडल बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह राज्य की ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को नई गति देगा।

आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि सरकार एआई, क्वांटम और डीपटेक जैसी उभरती तकनीकों के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हालिया बजट में यूपी एआई मिशन, एआई सिटी और नई उभरती तकनीकों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। कॉन्क्लेव में एआई इकोसिस्टम, साइबर सुरक्षा, डिजिटल गवर्नेंस, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और नागरिक केंद्रित सेवाओं में एआई की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रस्तुत फ्रेमवर्क का उल्लेख करते हुए नैतिक, जवाबदेह, सुलभ और मानव केंद्रित एआई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित ...शेष पृष्ठ 10 पर

अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़, 132 लोग गिरफ्तार

एजेंसी

लुधियाना। लुधियाना पुलिस ने शुक्रवार को शहर में अब तक के सबसे बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है, जिसमें फर्जी कॉल सेंटर चलाने में कथित तौर पर शामिल 132 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह पॉप-अप स्कैम, दूर बैठे कंप्यूटर तक पहुंच हासिल कर धोखाधड़ी और फर्जी बैंक सुरक्षा अलर्ट के माध्यम से विदेशी नागरिकों को निशाना बनाता था। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस गिरोह के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर हाल ही में संधू टॉवर और सिल्वर ओक के पास स्थित व्यावसायिक परिसरों सहित कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान विभिन्न अवैध कॉल सेंटर से कुल 132 लोगों को पकड़ा गया। यह गिरोह परिष्कृत ऑनलाइन धोखाधड़ी और वित्तीय घोटालों के माध्यम से विदेशी नागरिकों को निशाना बना रहा था। उन्होंने बताया कि 1.07 करोड़ रुपये, 98 लैपटॉप, 229 मोबाइल फोन और 19 वाहन बरामद किए गए हैं। 300 से अधिक बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगाई गयी है और कई अन्य खातों के लिये यह प्रक्रिया जारी है। आयकर अधिकारियों को सूचित कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

वर्तमान पीढ़ी को अतीत व बदलाव बतायें प्रबुद्धजन

गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था, कर्फ्यू का खामियाजा भुगत चुका है प्रदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज के प्रबुद्धजन का आह्वान किया कि वे वर्तमान पीढ़ी को देश-प्रदेश के अतीत और आज दिख रहे बदलाव से अवगत कराएं। नौजवानों को बताना होगा कि नौ-दस साल पहले प्रदेश में क्या हालात थे और आज क्या परिवर्तन आया है। प्रदेश को अव्यवस्था, अराजकता, दंगे-कर्फ्यू में झोंकने वालों के हाथों नौजवानों को गुमराह होने से बचाने के लिए ऐसा करना बहुत आवश्यक है। जागरूकता की यह जिम्मेदारी उठाने के लिए प्रबुद्धजन को आगे आना होगा।

सीएम योगी शुक्रवार को राप्तीनगर में आयोजित प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। महानगर भाजपा के राप्तीनगर मंडल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करने तथा वंदे मातरम के सामूहिक गायन के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम आज के युवा को पहले की स्थितियों से अवगत नहीं कराएंगे तो वह नहीं जान पाएगा कि तुष्टिकरण का खामियाजा क्या होता है। यह प्रदेश 9-10 वर्ष पहले गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था, कर्फ्यू, क्षेत्रीय दलों द्वारा शोषण का खामियाजा भुगत चुका है। युवाओं को आगाह कर उनके सामने ऐसी स्थिति पैदा नहीं होने देनी है। क्षणिक स्वार्थवश नागरिकों के भविष्य से खिलवाड़ देशद्रोह है और यह छूट किसी संगठन या संस्था को नहीं दी जा सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सबने बदलते भारत, बदलते उत्तर प्रदेश और बदलते गोरखपुर को देखा है। 2017 के पहले जब बच्चा पैदा होता था तो मां-बाप उसे इंसेफेलाइटिस से बचाने को लेकर चिंतित रहते थे। बच्चे के बड़ा होने पर पढ़ाई, नौजवान होने पर नौकरी या रोजगार की चिंता थी। रोजगार के लिए यूपी से बाहर जाने पर पहचान का संकट था। विकास बाधित था। बिजली, सड़क और रोजगार नहीं था। अन्नदाता किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। व्यापारी गुंडा टैक्स देने को मजबूर था, चिकित्सक भयाक्रांत रहते थे, बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। दंगा-कर्फ्यू, अराजकता, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार ही उत्तर प्रदेश की पहचान बन गए थे। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में विकास, सुरक्षा और रोजगार की गारंटी है। बेटी, व्यापारी सभी सुरक्षित हैं। इंसेफेलाइटिस पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। गोरखपुर का बंद पड़ा खाद कारखाना फिर चल रहा है। गोरखपुर में एम्स संचालित है और कभी खुद बीमार रहा बीआरडी मेडिकल कॉलेज आज बेहतरीन सुविधाएं दे रहा है। हर तरफ फोरलेन की कनेक्टिविटी है। पिछले नौ वर्ष में अकेले गोरखपुर में 15 हजार करोड रुपये के प्रोजेक्ट आए हैं और इतने ही लगने वाले हैं। इन परियोजनाओं से पूर्वी उत्तर प्रदेश के 50 हजार नौजवानों को अकेले गोरखपुर में नौकरी और रोजगार मिला है।

वर्तमान चुनौती के लिए मोदी के आह्वान का अनुसरण करें

सीएम योगी ने कहा कि अच्छे कार्य के बावजूद कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते हर तरफ ईंधन की आपूर्ति बाधित है। अमेरिका जैसे देश में डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दाम चार गुना बढ़े हैं। यूरोप के देशों की हालत खराब है। पाकिस्तान जैसे-तैसे गुजर कर रहा है। अरब देश परेशान हैं, अंधकार में रहने के लिए मजबूर हैं। दुनिया में अव्यवस्था का वातावरण है। 12 फरवरी से यह स्थिति बनी हुई है। अमेरिका-ईरान तनाव के कारण डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे देश पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है, बावजूद इसके भारत सरकार कीमतों को नियंत्रित रखे हुए है। मुख्यमंत्री ने लोगों से प्रधानमंत्री की अपील का पालन करते हुए बिजली व ईंधन की बचत करने तथा छोटे-छोटे प्रयासों से देश को मजबूती देने का आह्वान किया। मोदी जी के इस आह्वान से प्रेरणा प्राप्त कर ईंधन संरक्षण के लिए सोलर एनर्जी, सार्वजनिक व इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और कार पूलिंग जैसे उपायों पर अमल करने की जरूरत है। हम सबको वर्तमान चुनौती के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा। सम व विषम परिस्थितियों में समभाव के साथ कार्य करने का सामर्थ्य हर भारतीय को विकसित करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रबुद्धजन नौजवानों को बताएं कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले देश में क्या था और आज क्या बदलाव आया है। बदलता भारत आज दुनिया के लिए प्रेरणा बना है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान दुनिया में सबसे बेहतरीन प्रबंधन पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का रहा। दुनिया के सबसे विकसित देश अमेरिका में भारत की तुलना में कोरोना से चार गुना मौतें हुईं, जबकि उसकी आबादी भारत की चौथाई है। अमेरिका की तुलना में कम संसाधन के बावजूद हमारा कोरोना प्रबंधन इसलिए बेहतरीन रहा कि हमारे पीएम मोदी खुद फ्रंटफुट पर आकर नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नकारात्मक नैरेटिव से बचते हुए नेशन फर्स्ट की भावना के साथ हर नागरिक को देशहित में सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए, क्योंकि बूंद-बूंद से ही बड़ा परिवर्तन संभव होता है।

899 ग्राम पंचायतों में एक साथ ग्रीन चौपाल लगा पेश किया उदाहरण

- पेट्रोल-डीजल खपत घटाने का प्रस्ताव पारित किया

अम्बेडकरनगर। प्रदेश सरकार के पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता मिशन को आगे बढ़ाते हुए अम्बेडकरनगर में शुक्रवार को सभी 899 ग्राम पंचायतों ने एक साथ ग्रीन चौपाल का आयोजन कर इतिहास रच दिया गया। सुबह 9 से 10 बजे तक चले इस कार्यक्रम में पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने, हरित परिवहन को बढ़ावा देने व पर्यावरण संरक्षण के व्यापक प्रस्ताव पारित किए गए। अम्बेडकरनगर का यह सामूहिक प्रयास पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान के परिप्रेक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में ईंधन व ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देशन में इस आयोजन में ग्राम प्रधानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी पंचायतों में एक ही समय पर लगाई गई ग्रीन चौपाल में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। ग्राम प्रधानों ने पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने का बीड़ा उठाते हुए सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और हरित परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने का सामूहिक प्रण लिया। इस दौरान पौधरोपण, जल संरक्षण, गो-संरक्षण, स्वच्छता, जैविक खेती, सौर ऊर्जा, पराली न जलाने और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मानसून को देखते हुए 30 जून तक प्री-प्लांटेशन की तैयारियां पूरी करने की कार्ययोजना भी बनाई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से जनपद ने दो महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पहला, अधिकतम ग्राम पंचायतों द्वारा एक साथ एक समय में आयोजन करना। दूसरा, सबसे कम समय में इतने वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन। सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रीन चौपालों में आगामी पौधरोपण महोत्सव पर हर परिवार द्वारा कम से कम पांच पौधे लगाने और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने की बात कही गई। इसके अलावा जल संरक्षण, गोझसंरक्षण, स्वच्छता, हरित एवं जैविक खेती, मृदा संरक्षण ऊर्जा संरक्षण, सौर ऊर्जा, पर्यावरण व शिक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी सहमति दर्ज की गई।

प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की ओर से किया गया यह अभिनव प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के आह्वान पर ग्रामीण क्षेत्रों तक ऊर्जा बचत और हरित परिवहन का संदेश पहुंचाना सराहनीय है। मंत्री ने जनता से अपील की कि हर नागरिक व्यक्तिगत स्तर पर पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने का संकल्प ले और आवश्यकता अनुसार ही वाहन का उपयोग करे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से अल्पसंख्यक परिवारों को मिला सहारा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति और धर्म के भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है। खासतौर पर अल्पसंख्यक समाज के हजारों परिवारों को इस योजना से राहत और सम्मान मिला है।

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक अल्पसंख्यक वर्ग के 52,134 जोड़ों का विवाह इस योजना के तहत संपन्न कराया जा चुका है। सरकार की इस पहल ने उन परिवारों की चिंता कम की है जो बेटियों की शादी के खर्च को लेकर वर्षों तक परेशान रहते थे।

योगी सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता और सामाजिक सहयोग ने गरीब परिवारों को नई उम्मीद दी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और समानता का भी बड़ा संदेश दे रही है।

9 साल में अल्पसंख्यक वर्ग के 52,134 जोड़ों की शादियां हुईं

2017-18 में 1635, 2018-19 में 4973, 2019-20 में 6040, 2020-21 में 1878, 2021-22 में 5160, 2022-23 में 8096, 2023-24 में 8535, 2024-25 में 9381, 2025-26 में 6436

कार्यक्रमों में सभी धर्मों और समुदायों के जोड़ों का एक साथ विवाह कराना समाज में भाईचारे और सौहार्द की भावना को मजबूत करता है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शादी जैसे बड़े आयोजन में गरीब परिवारों को अक्सर कर्ज और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था, लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने इस समस्या को काफी हद तक कम किया है। सरकार लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रही है कि प्रदेश में विकास और कल्याणकारी योजनाओं का आधार जाति या धर्म नहीं, बल्कि जरूरत और पात्रता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना इसका बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है।

18 मंडलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष किए जा रहे तैयार

16 हजार किमी नालों की सफाई पूरी, 300 बाढ़ परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरकार इस वर्ष मानसून के दौरान जीरो जनहानि और कृषि भूमि को कम से कम नुकसान सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना, नालों की सफाई, तटबंधों की सुरक्षा, बाढ़ सुरक्षा समितियों के गठन समेत तमाम उपाय आगामी मानसून के दौरान बड़ी राहत साबित होंगे। प्रदेश के सभी 18 मंडलों में 31 मई तक एकीकृत बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया गया है ताकि पहली जून से इन्हें संचालित किया जा सके।

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुताबिक इस वर्ष रिकॉर्ड गति से कार्य करते हुए अब तक लगभग 4 हजार किलोमीटर लंबाई के तटबंधों को सुरक्षित किया गया है। वहीं नदियों-नालों के किनारे बसे गांवों और कृषि भूमि को कटान से बचाने के लिए 300 परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

इन्हें 15 जून 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। संवेदनशील और अति-संवेदनशील स्थानों पर कटाव निरोधक कार्य पूरे किए जा रहे हैं। नदियों के किनारों पर पत्थर की पिचिंग और जियो-बैग्स का उपयोग कर सुरक्षा घेरा भी मजबूत किया जा रहा है। विभाग के मुताबिक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए ड्रेनेज सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मार्च 2026 तक 16 हजार किलोमीटर से अधिक लंबाई में नालों की सिल्ट सफाई का काम पूरा हो चुका है। बारिश शुरू होने से पहले बचे सभी संवेदनशील जगहों पर सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके जरिए भारी बारिश होने पर पानी की निर्बाध निकासी से फसलों और गांव-बस्तियों को डूबने से बचाया जा सकेगा। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की तरफ से लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज समेत प्रदेश के सभी 18 मंडलों में 31 मई तक एकीकृत बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बाढ़ और प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी के लिए यह कक्ष 15 जून से 15 अक्टूबर तक 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। जलस्तर की रियल टाइम निगरानी और आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई इनके जरिए सुनिश्चित कराई जाएगी। सामाजिक स्तर पर भी विभाग अपनी तैयारियां पुख्ता कर रहा है। विभिन्न ग्रामीण इलाकों में ह्यबाढ़ सुरक्षा समितियां तैयार की जा रहीं हैं।

इनमें संबंधित क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर, ग्राम प्रधान, लेखपाल समेत अन्य स्थानीय लोगों को जोड़ा जा रहा है, जिनकी जिम्मेदारी बाढ़ और आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना पहुंचाने की होगी। साथ ही राहत से जुड़े काम में मदद करेंगे।

75 जिलों की गोशालाओं में होगी कृषि सखियों की तैनाती

विशेष संवाददाता (vol)

- गो संरक्षण के साथ रोजगार का मास्टर प्लान तैयार

लखनऊ। प्रदेश सरकार अब गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और जैविक खेती से जोड़कर नए रोजगार मॉडल के रूप में विकसित करने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार ने मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में कृषि सखियों की तैनाती की जाएगी।

इस पूरी योजना में उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन की महिलाओं को विशेष भूमिका सौंपी जा रही है। योगी सरकार की योजना है कि ग्रामीण क्षेत्र की माताएं और बहनें गो संरक्षण में भी सहभागी बनें और गोशालाओं को आत्मनिर्भरता व समृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करें। इसके लिए प्रदेश स्तर पर महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा, जो आगे गांव-गांव में अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित करेंगी।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार की रणनीति के अनुसार प्रदेश की सभी गोशालाओं को रोजगार और जैविक कृषि के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। गोशालाओं से निकलने वाले गोबर का उपयोग बड़े पैमाने पर जैविक खाद तैयार करने में होगा। इसके लिए महिलाओं के माध्यम से खाद निर्माण इकाइयां संचालित की जाएंगी। इससे एक ओर जहां गो संरक्षण को मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। खासतौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह अभियान मील का पत्थर साबित हो सकता है।

महराजगंज में मुख्यमंत्री ने बांटे स्वीकृति पत्र, चेक और टूलकिट

- 208 करोड़ रुपये की 79 परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

महराजगंज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महराजगंज में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चेक, टूलकिट और आवास की चाबियां वितरित कीं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया और उन्हें उपहार भी भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग की ओडीओपी योजना के अंतर्गत अंगद को तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत सीमा कन्नौजिया को टूलकिट वितरित कीं। पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत राजकुमार कुशवाहा को 30 लाख रुपये की धनराशि का चेक दिया गया। ग्राम प्रधान पंचायत कल्याण कोष योजना के तहत बिजना देवी को 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एपीओ कंचन मौर्या फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक सुरेंद्र कुमार को कृषि यंत्र वितरण हेतु अनुदान राशि का चेक सौंपा गया। इसी प्रकार द्वारिका को भी अनुदान राशि से संबंधित कृषि यंत्र (ट्रैक्टर) की चाबी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत प्रतिभा जायसवाल को 5 लाख रुपये की परियोजना लागत का चेक दिया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अवतारी देवी को आवास की चाबी सौंपी गई, जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से विनोद को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत उर्मिला देवी को 5 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक वितरित किया गया।

भाजपा सरकार की नीतियां फेल है : अखिलेश यादव

सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर 2027 की तैयारियों पर दिया जोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं, नेताओं और परिचितों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश संकट में है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। जो हालात हैं, उसमें महंगाई में लगातार वृद्धि होगी। भाजपा सरकार की नीतियां फेल है। डॉ. राममनोहर लोहिया की दाम बांधो नीति से ही महंगाई पर लगाम लगेगी। अनाप-सनाप लूट पर रोक लगेगी। आमदनी और खर्च के अनुपात में संतुलन होना चाहिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में विधानसभा चुनाव लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा है। लोकतंत्र बचाने में यूपी की बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करेगी लेकिन इस बार जनता की ताकत के सामने भाजपा टिक नहीं पायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नौ वर्ष में प्रदेश में विकास का कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। इस सरकार में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गयी। हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार है। यह सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में वर्तमान संकट का कारण भाजपा है। वही सभी समस्याओं की जड़ है। जनता को भ्रमित करती है। महिला आरक्षण विधेयक 2023 में संसद में पास होकर कानून बन चुका है। महिला आरक्षण कानून तत्काल 2027 में लागू होना चाहिए। भाजपा महिलाओं को गुमराह करना बंद करें। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के खिलाफ पीडीए एकजुट है। पीडीए भाजपा का विकल्प है। 2027 के चुनाव में भाजपा का सफाया होना तय है।

मंत्रियों के नाम के बाद, क्या उनके विभागों की पर्ची भी ऊपर से आयेगी

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के नाम के बाद, अब क्या उनके विभागों की पर्ची भी ऊपर से आएगी? उन्होंने कहा मंत्रालयों के बंटवारे की देरी की असली वजह सिर्फ.ये है कि मंत्रालय-विभाग की कमीशन-कमाई के बंटवारे के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। दीर्घ प्रतीक्षा के बाद जो नये मंत्री बने हैं वो बेचारे तो बस दर्शक दीर्घा में बैठकर, गेंद को इधर-उधर आते-जाते देख रहे हैं। भाजपाई डबल इंजन बाकी सब मंत्रियों को डब्बा कर देता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने ठाना है कि नये मंत्रियों को जो भी मंत्रालय-विभाग मिलेगा, उस पर पूरी तरह से निगाह-निगरानी रखी जाएगी, जिससे ये नये-नवेले मंत्रीगण अपने खजाने न भर सकें। इस बात के लिए कागजी प्रमाण के साथ-साथ और भी आडियो-वीडियो सबूत इकट्ठे किये जाएंगे और इन भाजपाइयों की कलई खोली जाएगी। अब जनता ही भाजपाई लोगों को अपने टैक्स के पैसों की लूट करने से रोकेगी क्योंकि भ्रष्टाचार रोकने के बाकी सारे विभाग तो भ्रष्ट भाजपा ने बर्बाद कर ही दिये हैं। जनता को लगता है अब सोशल मीडिया और सिटिजन जर्नलिज्म के माध्यम से ही उनको न्याय मिल सकता है। भाजपा सरकार जानती है कि ये आखिरी बार है जब वो सत्ता में है इसीलिए ये भाजपाई दसों हाथों से पैसा बटोरना चाहते हैं। जागरूक जनता अब इन भाजपाइयों को उनके गंदे मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगी।

नीट अभ्यर्थी रितिक के निधन पर अखिलेश ने जताया शोक

विशेष संवाददाता (vol)

- सपाईयों ने रितिक की मौत पर प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखीमपुर के गंगोत्री नगर निवासी नीट अभ्यर्थी रितिक मिश्रा के असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। रितिक मिश्रा नीट अभ्यर्थी थे। नीट परीक्षा के पेपर लीक होने से वे बहुत व्यथित थे। अवसाद की स्थिति में उन्होंने आत्महत्या कर ली। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

नीट परीक्षा निरस्त होने से तनाव में अवसाद के कारण विधानसभा धौरहरा के ग्राम कटौली के ऋतिक मिश्रा ने आत्महत्या कर ली थी। इस सम्बंध में जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई की छात्र ऋतिक मिश्रा के परिजनों को सरकार 2 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में मुआवजा दे जो छात्र प्रतियोगी परीक्षाएं देने जाते हैं उनके किराये भत्ते की क्षतिपूर्ति के लिए सरकार 50,000/-रू. दे जिन संस्थाओं व संबंधित विभाग व मंत्री की जिनकी संलिप्तता है उन्हें बर्खास्त किया जाए। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक आरए उस्मानी, पूर्व विधायक शमशेर बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, वरुण चौधरी, विकास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, प्रदेश सचिव कयूम खान, जिला महासचिव अंसार महलूद, तृप्ति अवस्थी, महिला सभा की अध्यक्ष प्रख्याति खरे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

आज के विद्यार्थी ही कल के नागरिक और राष्ट्र के भविष्य निर्माता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जागरूक नागरिक और राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं, इसलिए उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संविधान के प्रति सम्मान की भावना होना अत्यंत आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आज कानपुर के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संसदीय परंपराओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कानपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, अशोका एजुकेशन सेंटर तथा पूर्णचंद्र विद्यानिकेतन के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही, सदन की व्यवस्था तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को निकट से देखा और समझा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आत्मीय संवाद करते हुए विधानसभा की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया तथा जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाती है तथा प्रदेश के विकास से संबंधित नीतियां और कानून बनाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में जागरूकता, नेतृत्व क्षमता तथा उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच तथा निरंतर अध्ययन के महत्व के बारे में भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का आधार केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, परिश्रम और समाज के प्रति संवेदनशीलता भी है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने विधानसभा भवन की ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सदन की कार्यवाही, प्रश्नकाल और विधायी प्रक्रिया से संबंधित अनेक जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। महाना ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से उत्तर दिया।

विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रबंधन ने इस शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनकी समझ को भी सुदृढ़ बनाते हैं। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पिछड़ा वर्ग आयोग ने 87% शिकायतों का निस्तारण किया

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के संकल्प के साथ सभी वर्गों को न्याय दिला रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग लगातार शिकायतों की सुनवाई कर त्वरित निस्तारण कर रहा है। आयोग साल 2024 से अप्रैल 2026 तक आई कुल शिकायतों में से करीब 87 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निस्तारण कर चुका है। इस तरह आयोग ने योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए न केवल बड़ी संख्या में लंबित मामलों का निस्तारण किया है, बल्कि नई शिकायतों पर भी समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की है। दरअसल योगी सरकार की प्राथमिकताओं में पिछड़ा वर्ग के लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान, शिकायतों की सुनवाई और प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई शामिल है।

मास्टर ट्रेनर्स को चारा विकास के पहलुओं पर मिली जानकारी

चारा विकास के लिए मास्टर ट्रेनर्स और चारा उत्पादकों का प्रशिक्षण आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हरे चारे की कमी के मद्देनजर प्रदेश के पशुपालन विभाग के तत्वावधान में भा.कृ.अनु.प.- भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में चारा विकास के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 27 अप्रैल से 14 मई तक आयोजित किया गया जिसमे प्रदेश के समस्त 75 जिलों के पशुपालन एवं कृषि विभाग से कुल 125 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम दो-दिवसीय कुल 6 बैच में सम्पन्न कराया गया।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स को चारा विकास के निम्न पहलुओं पर जानकारी दी गयी तथा प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया। उत्तर प्रदेश में पशुधन एवं चारा उपलब्धता का परिदृश्य तथा क्षेत्रवार चारा विकास योजना, विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के लिए उपयुक्त चारा उत्पादन तकनीकियाँ एवं वर्ष पर्यंत चारा उत्पादन प्रणाली, बारानी, गोचर भूमियों एवं गौशालाओं के लिए चरागाह, वन-चरागाह एवं उद्यान चरागाह प्रणाली, समस्याग्रस्त दशाओं तथा गैर-परंपरागत स्त्रोतों से चारा उत्पादन तकनीकियां और पशुधन आहार प्रबंधन एवं चारा संरक्षण की विधियां के विषय में बताया गया।

प्रतिभागियों ने उन्नत चारा तकनीकियों की जानकारी के साथ-साथ तकनीकियों के प्रसार के लिए विशेषज्ञों से विचार-मंथन भी किया। कार्यक्रम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण उपरान्त अपने जनपदों के पशुपालक किसान, कृषि उद्यमी एवं गौशाला संचालकों को प्रशिक्षित कर उनका क्षमता विकास करने के लिए कार्ययोजना भी बताई गयी। मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के अलावा प्रदेश के चारा उत्पादक किसानों एवं गौशाला संचालकों के लिए आयोजित किये जा रहे एकदिवसीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 7 जिलों के कुल 106 चारा उत्पादकों एवं गौशाला संचालकों को चारा उत्पादन, संरक्षण एवं उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम से कुल 1125 चारा उत्पादक किसानों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

संक्षेप

धर्म शिक्षक बनने पर जतायी खुशी

प्रतापगढ़। भारतीय सेना में धर्म शिक्षक के पद पर चयनित होने पर लोगों ने खुशी जतायी है। विकासखण्ड सांगीपुर के कपूरपुर राजमतीपुर निवासी आचार्य त्रिलोकपति तिवारी पुत्र शिवमूर्ति तिवारी का चयन भारतीय सेना में धर्म शिक्षक के पद पर हुआ है। परिवारीजनों ने बताया कि त्रिलोकपति की बीती चौदह मई को तैनाती हुई है। प्रधान संजय सिंह, संत बहादुर सिंह, ऋषिराम तिवारी, संतोष सिंह, मंगेश मौर्या, दिलीप तिवारी आदि ने खुशी जतायी है।

दरोगा की तहरीर पर आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर दरोगा की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी बीती चौदह मई को खालसा सादात में हुई मारपीट की सूचना पर पहुंचे। दरोगा ने दी गई तहरीर में कहा है कि खालसा सादात गांव में सुबह करीब छः बजे मकान बनाने को लेकर एक पक्ष की अनीता सरोज पत्नी अजय सरोज, आंचल सरोज पत्नी विजय सरोज, शकुंतला पत्नी अमृतलाल सरोज तथा द्वितीय पक्ष के रामजतन सरोज व उसके पुत्र मिश्रीलाल सरोज तथा ओमप्रकाश पुत्र मोहनलाल निवासी भवानीगढ़ के बीच गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी की घटना हुई। जिसमें अनीता, आंचल तथा रामजतन चोटिल भी हो गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोर्ट के आदेश पर एससीएसटी व मारपीट का मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। कोर्ट के आदेश पर सांगीपुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के डिहवा थरिया गांव निवासी माया राम सरोज उर्फ बाबूलाल पुत्र मातापेर का आरोप है कि रास्ते के विवाद में पुरानी रंजिश को लेकर बीते वर्ष ग्यारह सितंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे पडोस के ओमप्रकाश वर्मा पुत्र पंचम वर्मा, लल्लन वर्मा पुत्र रामसुंदर वर्मा तथा उसके पुत्र किशुन वर्मा, उदयभान वर्मा पुत्र जगन्नाथ ने दरवाजे पर पहुंचकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर पीड़ित को मारापीटा। गंभीर चोट लगने पर पीड़ित बेहोश हो गया। शोरशराबा सुनकर बचाव में पहुंचे पीड़ित के भाई राजू को भी आरोपियों ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने घरेलू सामानों मे तोडफोड़ भी किया। घटना को लेकर पीड़ित ने तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नही हुई। परेशान पीड़ित ने कोर्ट में न्याय की गुहार की है। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

किशोरी के अपहरण का केस

प्रतापगढ़। अपहरण की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित का आरोप है कि उसकी बहन बीती तेरह मई को दोपहर करीब बारह बजे मामा के घर से निकली थी। वापस न लौटने पर उसकी काफी खोजबीन की गयी लेकिन कहीं पता नही चला। पीड़ित का यह भी आरोप है कि किशोरी दिलीप नाम के युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी। आशंका है कि आरोपी दिलीप उसे अपहृत कर ले गया। जांच के बाद उदयपुर पुलिस ने आरोपी दिलीप के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

सिपाही ने दी तहरीर, सात पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर सिपाही की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी नीतीश यादव ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह मई को कौशिल्यापुर गांव में संदीप उर्फ संजय केसरवानी व अनिल केसरवानी पुत्रगण छंगू लाल, अमित पुत्र बाबूलाल, प्रिया पत्नी अनिल केसरवानी तथा द्वितीय पक्ष की दुखीलाल केसरवानी की पत्नी प्रेमा देवी पुत्र रवि व पुत्री वर्षा के बीच रंजिशन मारपीट की घटना हुई। जिसमें दोनों पक्ष को चोटें आयीं। दोनों पक्ष आपस में झगड़ते रहते हैं। सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

देवपुर मस्जिदिया में ग्राम चौपाल आयोजित
डीएम ने सुनी फरियाद

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन बाजार के ग्राम पंचायत देवपुर मस्जिदिया में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में गांव की समस्या-गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल आयोजित की गई।

चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, पेंशन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सभी योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए। साथ ही बिजली विभाग की एकमुश्त समाधान योजना, राशन वितरण, वरासत, भूमि विवाद, आपदा राहत एवं कृषक दुर्घटना बीमा योजना के मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने महिलाओं से स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की तथा सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम भी सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ईद-उल-जुहा को लेकर एसएसपी ने की अपराध गोष्ठी

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी कर जिले की कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। बैठक की शुरूआत जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रस्तुतीकरण से हुई।

एसएसपी ने आगामी ईद-उल-जुहा पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल गश्त, साइबर अपराध रोकथाम अभियान तथा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित मामलों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने महिला उत्पीड़न, संपत्ति अपराध, गुमशुदा बच्चों की बरामदगी एवं लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में गैंगस्टर एवं गुंडा एक्ट के तहत निरोधात्मक कार्रवाई, बीट सूचना प्रणाली, आईजीआरएस, सीसीटीएनएस और एनसीआरपी प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। एसएसपी ने सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष समेत पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य, तभी मिलेगा उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ

श्रावस्ती। जनपद के किसानों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए नवागंतुक जिला उद्यान अधिकारी सन्तोष कुमार दूबे ने बताया है कि शासन के स्पष्ट निर्देशानुसार उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसी भी किसान को विभागीय योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास मिशन, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) सहित अन्य योजनाओं का संचालन जनपद में किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को बागवानी, फल, सब्जी, मसाला एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं एवं अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। शासन द्वारा अब इन योजनाओं में पारदर्शिता एवं वास्तविक किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री को आवश्यक कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर प्रदान किया जाएगा। ऐसे में किसान समय रहते अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं की जानकारी देने एवं रजिस्ट्री प्रक्रिया में सहयोग के लिए अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है।

जनगणना-2027 को लेकर पत्रकारों को दिया गया प्रशिक्षण

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। भारत सरकार द्वारा जनगणना-2027 को पूरी तरह डिजिटल तरीके से कराने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों को डिजिटल जनगणना और स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी देना तथा आम लोगों को जागरूक करने में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

प्रशिक्षकों ने बताया कि यह देश की पहली पूर्ण डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें लोग घर बैठे ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए एचएलओएसई पोर्टल तैयार किया गया है। नागरिक मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन कर अपने परिवार की जानकारी भर सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान पत्रकारों को पोर्टल चलाने की प्रक्रिया, डेटा सुरक्षा और ऑनलाइन जानकारी भरने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि डिजिटल व्यवस्था लागू होने से कागजी कार्यवाही कम होगी और आंकड़ों को सुरक्षित रखने में आसानी होगी। साथ ही जानकारी जुटाने की प्रक्रिया तेज और अधिक पारदर्शी बनेगी। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल जनगणना से सरकार को योजनाएं बनाने और संसाधनों के सही उपयोग में मदद मिलेगी। पोर्टल को सरल और उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया गया है ताकि आम लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम में पत्रकारों ने स्व-गणना प्रक्रिया और पोर्टल से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका प्रशिक्षकों ने जवाब दिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनपद में जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाना रहा।

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनायें : सीएमओ
ट्रिपल ए बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ करायी गयी स्व गणना

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के दिशा-निर्देशानुसार जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही है।

इसी क्रम में विकास खंड गिलौला के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर भिखारीपुर मसड़ी में ट्रिपल ए (आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी) बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता यादव एवं एएनएम कंचन लता की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों, उनकी प्रगति तथा क्षेत्र स्तर पर आने वाली समस्याओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान टीकाकरण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी गतिविधियां तथा गांव स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में फील्ड स्तर पर कार्य कर रहीं आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक बेहतर सेवाएं पहुंचाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही आगामी जनगणना प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों का ऑनलाइन स्व गणना कार्य भी कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता यादव ने बैठक में मौजूद सभी आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को स्व गणना की प्रक्रिया की जानकारी दी और उनका ऑनलाइन पंजीकरण सहित आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराईं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग के लगभग 1800 अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत हैं। शासन के निर्देशानुसार विभागीय बैठकों एवं कार्यक्रमों के साथ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्व गणना कार्य कराया जा रहा है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की जा सके।

दो बच्चों की गंगा में डूबने से हुई मौत

हरदोई। हरदोई में भागवत कथा की कलश यात्रा के दौरान गंगा घाट पर स्नान के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार को भागवत कथा की कलश यात्रा के दौरान ग्राम सभा कटरी महादेवा के नोखेपुरवा गंगा घाट पर स्नान के दौरान पांच बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गये और तेज बहाव के कारण बह गए। पुलिस ने बताया कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने स्नेहा (12), सोनम (11) और अंशी (14) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन संध्या और ओमजी तेज धार में बह गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिलगाम सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद स्थानीय गोताखोरों और पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम तक खोज अभियान चलाया, जिसमें 14 वर्षीय संध्या का शव बरामद कर लिया गया। वहीं, ओमजी (16) का कोई सुराग नहीं मिलने पर पूरी रात राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और गोताखोरों की टीम गंगा नदी में तलाश करती रही।

पूंजीपतियों के फायदे के लिए काम कर रहीं केंद्र सरकार: प्रमोद तिवारी

- लालगंज व रामपुर संग्रामगढ़ में पार्टी की कार्यशाला में संगठन को सशक्त बनाने पर दिया जोर

जिला संवाददाता

प्रतापगढ़। रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के लालगंज एवं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के मण्डल एवं न्याय पंचायत व बूथ पदाधिकारियों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मंहगाई तथा बेरोजगारी व स्मार्ट मीटर एवं छुटटा जानवरों से हो रही जनता को परेशानी भाजपा को सत्ता से बेदखल कर देगी। शुक्रवार को यहां कैम्प कार्यालय पर भारी तादात में जुटे बूथ स्तर के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पांच राज्यों में चुनाव बीतते ही मोदी सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थो के दामों में बढ़ोत्तरी कर जनता की जेब पर फिर डांका डाला है। उन्होने कहा कि पेट्रोल प्रति लीटर 3.14 रुपए व डीजल प्रति लीटर 3.11 रुपए की यह बढ़ोत्तरी सिर्फ चंद पूंजीपतियों के लिए मुनाफाखोरी का हथकण्डा है। उन्होने कहा कि बढ़ती मंहगाई तथा पेपरलीक व बेरोजगारी एवं यूपी में जबरिया स्मार्ट मीटर तथा छुटटा जानवरों से फसल नुकसान जैसी कई विफलताओं को लेकर मौजूदा भाजपा सरकार के प्रति लोगों का गुस्सा रोज बढ़ रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं की हौंसला आफजाई करते हुए कहा कि केरल में पार्टी के नेतृत्व में सरकार के गठन के साथ तमिलनाडु में भी पार्टी गठबंधन की सरकार से यह साफ है कि कांग्रेस भाजपा के सभी अलोकतांत्रिक कदमों को रोकने में समर्थ है। उन्होने रामपुरखास में मौजूदा पार्टी विधायक आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में जनता द्वारा एक नये विश्व रिकार्ड को लेकर भी कार्यकताओं से घर घर पहुंचकर विकास से जुड़ी उपलब्धियों को साझा करने पर जोर दिया। अध्यक्षता करते हुए विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रामपुरखास में विकास के मौजूदा संसाधन अब यहां औद्यौगिक क्षेत्र को भी निर्माण के क्षेत्र में आकर्षित कर रहे हैं। उन्होने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि विकास और सुरक्षा के मजबूत वातावरण को बनाए रखते हुए हर व्यक्ति के मान सम्मान व सुरक्षा के प्रति वह समर्पित हों। विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने संगठन सृजन अभियान पर प्रकाश डाला। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, आचार्य विंदेश्वरी पटेल, शिव बहादुर सरोज, देशराज यादव, संजय पाल, पूनम द्विवेदी, श्रीराम वर्मा, मो0 खलील, भारत यादव आदि ने कार्यशाला में सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना को सम्मानित भी किया। पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी के गीतों पर भी कार्यकताओं का हौंसला बढ़ा दिखा। इसके पहले गुरूवार की देर शाम संग्रामगढ़ के सरयू इन्द्रा महाविद्यालय के समीप सरयू प्रसाद तिवारी कालेज ऑफ लॉ के परिसर में रामपुर संग्रामगढ़ के कार्यकताओं की कार्यशाला हुई। यहां भी सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने क्षेत्र में चिकित्सा, सड़क, पेयजल, शिक्षा आदि के क्षेत्र में मिली उपलब्धियों को रामपुरखास के विकास की मजबूत चमक कहा। यहां कार्यशाला की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिपंस लालजी यादव व संचालन डॉ0 नन्हेलाल यादव ने किया।

महादेवा मेले को लेकर प्रशासन की अपील, भारी वाहनों पर रोक

श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि बहराइच-बाराबंकी राष्ट्रीय मार्ग पर घाघरा नदी के संजय सेतु की मरम्मत चल रही है, इसलिए पुल पर आवागमन पूरी तरह बंद है। फिलहाल लोगों की सुविधा के लिए पास में बनाए गए अस्थायी पीपा पुल से मोटरसाइकिल, कार, एम्बुलेंस और स्कूल वैन का आवागमन कराया जा रहा है। आगामी महादेवा मेले में रविवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने कहा है कि पीपा पुल पर ट्रैक्टर-ट्रॉली, बैलगाड़ी, डीसीएम, बस और अन्य भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे केवल उन्हीं छोटे वाहनों का इस्तेमाल करें, जिन्हें पुल पर चलने की अनुमति है।

इसके अलावा पुल पर वाहनों की अधिकतम गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है। तेज रफ्तार और ओवरटेक करने पर रोक रहेगी। पुल पर एक साथ ज्यादा लोगों के रुकने या सेल्फी लेने की भी अनुमति नहीं होगी। जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं और वाहन चालकों से पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने तथा नियमों का पालन करने की अपील की है।

कूड़ा-घोघी तटबंध पर कटाव निरोधक कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर/ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कूड़ा नदी के बांये तट पर स्थित कूड़ा-घोघी तटबंध के ग्राम इमिलिया एवं मस्जिदिया के समीप चल रहे कटाव निरोधक कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लांचिंग एप्रन एवं स्टेप स्लोप पिचिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 250 मीटर एज क्रेटिंग, स्टेप स्लोप पिचिंग, स्लोप पिचिंग तथा तीन पंक्तियों में परक्यूपाइन कार्य प्रस्तावित है। कार्य प्रारम्भ 31 मार्च 2026 से हुआ है तथा इसे 30 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता को संतोषजनक बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान ड्रेनेज खण्ड के अभियन्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम पर टिप्पणी देश की 150 करोड़ जनता का अपमान

इटावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल भाजपा के नहीं बल्कि देश के 150 करोड़ लोगों के नेता हैं। ऐसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना पूरे देश का अपमान है। जिसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी उक्त उद्गार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने हमीरपुर से सपा सांसद अरजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री के ऊपर की गयी ओछी व अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित विरोध एवं धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मातृ शक्ति ने सहभागिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किय उन्होंने आगे कहा कि जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं तब से देश में चोर उचक्के परिवारवादी की परिवार की राजनीति संकट में आ गई है तभी वह प्रधानमंत्री के लिए गंदी भाषा का प्रयोग करके अपने आप को चर्चा में बने रखना चाहते हैं उन्होंने अपने शासनकाल में कभी भी जनता के हित के कार्य नहीं किय उनके पास खाने के लिए कोई शब्द नहीं है इसलिए वह अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।

कुलपति ने नर्सिंग लेड क्लीनिक का उद्घाटन किया

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में प्रदेश का पहला नर्सेस लेड क्लीनिक का उद्घाटन कुलपति प्रो. डॉ अजय सिंह के कर कमलों के द्वारा किया गया। क्लीनिक का उद्घाटन नर्सिंग स्टाफ के द्वारा संपादित कार्यों के महत्व को सम्मानित करना था। प्रो. डॉ. अजय सिंह ने क्लीनिक के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला। कहा, नर्स-लेड क्लीनिकों की स्थापना स्वास्थ्य देखभाल के लिए महत्वपूर्ण प्रयास है। यह न केवल नर्सों के नैदानिक प्रशिक्षण को बल्कि नर्सिंग के सभी मनकों को बढ़ाएगा। नर्सिंग छात्रों के नैदानिक कौशल में सुधार होगा और रोगी की संतुष्टि को बढ़ाने के लिए पैशनेट केयर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देकर सिस्टम तैयार किया जाएगा, जो अंततः देश में बेहतरीन नर्सिंग प्रोफेशनल्स के विकास को बढ़ावा देगा। नर्सिंग संवर्ग के अधिकारी जो शिक्षा संबंधी कार्यों में सम्मिलित नहीं हैं उनके लिए छात्रों को प्रशिक्षित करने का अनोखा और नवीन कार्य साबित होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रतिकुलपति डा. रमाकांत यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य नर्सिंग अधिकारी एवं डीन नर्सिंग एवं अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ट्रक से कुचलकर दो शिक्षकों की मौत

बरेली। जिले में शुक्रवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में बेसिक शिक्षा विभाग के दो शिक्षकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों शिक्षक मोटरसाइकिल से परीक्षा ड्यूटी के लिए जा रहे थे कि तभी बरेली-शाहजहांपुर राजमार्ग पर फरीदपुर टोल प्लाजा के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि दोनों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, सिविल लाइंस निवासी पीके यादव और मुंशीनगर निवासी प्रमोद यादव फरीदपुर ब्लॉक के लोंगपुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात थे। शुक्रवार सुबह दोनों रोज की तरह साथ में परीक्षा ड्यूटी के लिए निकले थे। फरीदपुर थाना प्रभारी राधे श्याम ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है और टोल प्लाजा व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

पिता ने बेटी पर चाकू से किया हमला, हालत गंभीर

मेरठ। जिले के एक गांव में कथित प्रेम प्रसंग से नाराज पिता ने अपनी बेटी पर चाकू से कई बार वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवती की पहचान तैय्यबा (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तैय्यबा का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग था और वह कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ घर से भाग गई थी, जिससे पिता अलताफ नाराज था। पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार देर रात जब युवती सो रही थी, तभी पिता ने चाकू से हमला करने का प्रयास किया। जान बचाने के लिए युवती घर से बाहर भागी लेकिन आरोपी पिता ने उसे पकड़कर उसपर कई वार किए।

संक्षेप

कृष्णपाल अध्यक्ष, सुरेश महामंत्री चुने गये

पाटन उन्नाव। बीघापुर बार एसोसिएशन के चुनाव मे कृष्णपाल सिह चैहान अध्यक्ष एवं सुरेश पटेल कड़े मुकाबले के बाद महामंत्री चुने गये। शुक्रवार को बीघापुर उन्नाव बार एसोसिएशन के सम्पन्न हुए चुनाव मे कुल पडे.मतदान 90 वोटों मे अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कृष्ण पाल सिंह चैहान को 55 व उनके प्रतिद्वंदी राम प्रकाश शर्मा को 34 वोट मिले। कृष्ण पाल सिंह चैहान 21 वोटों से विजयी घोषित हुए। एक वोट इंवैलिड रही। वही महामंत्री पद पर सुरेश पटेल ने अपने प्रतिद्वंदी अजय कुमार को कडे. मुकाबले मे मात्र दो वोट से विजयी हुए। सुरेश को 46 एवं अजय कुमार को 44 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष पद पर दीपक कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी रणविजय सिंह, निर्मल कुमार, श्यामू सिंह एडवोकेट रहे। विजयी प्रत्याशियों को उनके समर्थकों ने माला फूल पहना कर गर्मजोशी से स्वागत किया। और मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। तथा विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। इस मौके पर हरिश्चंद्र एडवोकेट, आशुतोष सिंह एडवोकेट, राजेन्द्र सिंह राठौर, प्रभात सिंह, कपिल साहू, प्रदीप कुमार, अजय कुमार, विजय सिंह, मुकेश राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आग से प्रभावित परिवारों की समाजसेवी ने मदद की

पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के सुमेरपुर ब्लॉक के बक्सर व सेढ़ूपुर गाँव में बुधवार दोपहर व रात को लगी भीषण आग से एक दर्जन से अधिक घरो को चपेट में ले लिया आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आग ने कई घरो को चपेट में ले लिया जिससे घर में रखा सामान मोटर साईकिल पंखे अनाज पैसे, जरूरी कागजात आदि जलकर स्वाहा हो गये। जानकारी मिलने पर विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर में राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने तत्काल बड़ा मानवीय कदम उठाते हुए वृहद रूप से राशन सामग्री व आर्थिक सहयोग किया बक्सर में अग्निपीड़ित परिवारों धनीराम पुत्र रघुबर, कमलेश पुत्र धनीराम, रामस्वरूप पुत्र रघुबर, दुर्गा पुत्र रघुबर, रामचंद, सुंदरलाल, संतोष, माधुरी, बिनोद, दिनेश, उमेश, राजेश, रामदेवी, प्रकाश को राशन सामग्री व आर्थिक मदद देकर बड़ी राहत दी है वही दूसरे गाँव सेढ़ूपुर में कुंजबिहारी पासवान, छेदी, बच्चू, केशन, लक्ष्मण के घरो में आग से बहुत नुकसान हुवा जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर राशन सामग्री, आर्थिक मदद देकर मानवता का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से मुन्ना सिंह बक्सर, धर्मेंद्र सिंह, पम्मू, राजेन्द्र पाल, सचिन, आर के सिंह मामाजी, पप्पू सिंह, पंकज बाबाजी, प्रखर सिंह, सुनील सिंह, रामजी यादव, लोटन पासवान, राजू, सौरभ, आदि बड़ी संख्या में उपस्थिति लोगों ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के मानवतावादी कदम की भूरि भूरि प्रशंशा की व उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

कूलर में करंट उतरने से महिला की मौत

जसवंतनगर। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला धूमा में शुक्रवार दोपहर कूलर में करंट उतरने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम नगला धूमा निवासी करिश्मा पत्नी शेर सिंह जाटव शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे घर में रखे कूलर में पानी डाल रही थीं। इसी दौरान अचानक कूलर में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गईं। करंट लगने से वह जमीन पर गिर पड़ीं। घटना के समय घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद उनके ससुर रामचंद्र घर के अंदर पहुंचे तो करिश्मा को कमरे में जमीन पर पड़ा देखा। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र मोहम्मद हसन को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। मो. असफाक पुत्र जियाउलहक निवासी- ग्राम चिर्रा, थाना टिकैतनगर, बाराबंकी।

15 जून तक पूर्ण हो जायेगी गोड़धोइया नाला परियोजना

गोरखपुर में जल भराव एक बड़ी चुनौती थी, अब समस्या का समाधान : मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार शाम गोड़धोइया नाला परियोजना के कार्यों का दो स्थानों (जीरो पॉइंट जंगल छत्रधारी और बिछिया एसटीपी) पर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अब तक हुए कार्यों पर संतोष जताते हुए शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद बिछिया एसटीपी के पास उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि यह परियोजना 15 जून तक पूर्ण हो जाएगी और उसके बाद एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 495 करोड़ रुपये की लागत वाले गोड़धोइया नाला परियोजना (पक्का नाला निर्माण, डायवर्जन, इंटरसेप्शन और ट्रीटमेंट की परियोजना) के कार्यों का जायजा लेने सबसे पहले इसके जीरो पॉइंट जंगल छत्रधारी पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माण कार्य, पक्के नाले में जल प्रवाह को देखने के साथ ही परियोजना के ड्राइंग मैप व मॉडल का अवलोकन किया। कार्यदायी संस्था जल निगम (शहरी) के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि परियोजना की अब तक की कुल भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 9.25 किमी की लंबाई में नाला निर्माण हो चुका है। 38 एमएलडी की एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) बन गई और वर्तमान में इसका ट्रायल रन चल रहा है। 61 एमएलडी क्षमता के पंपिंग स्टेशन का भी कार्य पूर्ण हो गया है और इसका भी ट्रायल रन किया जा रहा है। 17.94 किमी इंटरसेप्टिंग सीवर लाइन में से 17.50 किमी तक काम हो गया है, शेष कार्य भी जारी है। 14 ब्रिज/कल्वर्ट भी बन गए हैं। शेष कार्य को भी तेजी से कराया जा रहा है। यह परियोजना एक मृत नाले को पुनर्जीवित करने का माध्यम बनी है। इसके बाद सीएम योगी इस परियोजना के तहत बिछिया में बन रहे एसटीपी पर पहुंचे। एसटीपी का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत 15 जून तक गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट के सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। इससे इस वर्ष मानसून से पहले आधे शहर की जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी। परियोजना का काम पूरा होते शहर के उत्तरी छोर की करीब पांच लाख आबादी को बड़ी राहत मिल जाएगी।

उन्होंने कहा कि गोरखपुर में जल भराव एक बड़ी चुनौती थी। इससे जल जनित और मच्छर जनित बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा था। अब इस समस्या का समाधान हो गया है। उन्होंने कहा कि गोड़धोइया नाला अब न केवल अतिक्रमण मुक्त हो गया है बल्कि जल भराव की समस्या को दूर करने का भी बड़ा माध्यम बन रहा है। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव के दौरान इस नाले के दोनों तरफ पौधरोपण अभियान को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा अब गोड़धोइया नाले में कोई सीवर और कोई गंदा नाला नहीं गिर रहा है, इसमें केवल शुद्ध पानी प्रवाहित होगा। सीवर और ड्रेनेज के लिए इसमें दोनो तरफ अलग से लाइन बिछायी गयी है, जो भूमिगत है। उन्होंने कहा कि करीब 9.5 किमी का आरसीसी से निर्मित किया नाला 9 मीटर चौड़ा है। वर्षा काल में यह नाला गोरखपुर महानगर के जल को रामगढ़ताल, तरकुलानी होते हुए राप्ती नदी में छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि इस नाले में 14 कलवर्ट/ब्रिज बनाए गए हैं जो इस पार से उस पार तक आवागमन को आसान बनाएंगे। इस नाले के दोनों तरफ सड़क के निर्माण कार्य को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे इस क्षेत्र के लोगों को एक वैकल्पिक मार्ग प्राप्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि इस परियोजना में 38 एमएलडी की एसटीपी और 61 एमएलडी क्षमता के पंपिंग स्टेशन का भी निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि गोड़धोइया नाले के पुनरूद्धार का निर्माण कार्य को लगभग 15 जून तक पूर्ण करने का प्रयास है। इससे गोरखपुर को जल जमाव, मच्छर व बीमारी की समस्या का स्थायी समाधान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि मोहल्लों की गंदगी अब सीवर लाइन से सीधे एसटीपी तक पहुंचाकर उसका शोधन होगा। इससे इस क्षेत्र की लगभग 5 लाख आबादी लाभान्वित होगी।

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, भाजपा के महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, क्षेत्रीय पार्षद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बिछिया जंगल तुलसीराम पश्चिमी, शिवपुर शहबाजगंज, जंगल शालिग्राम, बिछिया जंगल तुलसीराम पूर्वी, रेलवे बिछिया कॉलोनी, शाहपुर, भेड़ियागढ़, घोसीपुरवा, सेमरा, बशारतपुर, मानबेला, राप्तीनगर, लोहिया नगर, जंगल नकहा, राम जानकी नगर, शक्तिनगर एवं चक्सा हुसैन से जनित सीवेज जो नाले में बहते हैं, उन्हें 38 एमएलडी एसटीपी पर शोधित कर रामगढ़ताल में प्रवाहित किया जाएगा। नाला अतिक्रमण मुक्त होने से इसके कैचमेंट एरिया (अधिग्रहण क्षेत्र) में आने वाली विभिन्न कालोनियों में जलभराव की समस्या का भी निदान हो जाएगा।

कुलपति के पांच वर्ष पूर्ण होने पर के.के. कॉलेज में अभिनंदन समारोह

इटावा। छत्रपति शाहू महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय पाठक के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के गौरवमयी पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, जनपद के केके. कॉलेज में एक अभिनंदन एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विनय पाठक का महाविद्यालय परिसर पहुँचने पर एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। इसके बाद कॉलेज परिवार, शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ द्वारा कुलपति जी को पांच वर्ष के ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बड़ी बजनी माला, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भावभीना नागरिक अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने कुलपति का उनके व्यस्ततम समय में से कॉलेज को अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कॉलेज विकास परिषद के निदेशक प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी, कूपा अध्यक्ष प्रो. वी.के. कटियार, प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा, मंत्री ओंकारनाथ वर्मा उपस्थित रहे, जिनका शिक्षक-कर्मचारियों ने बुके देकर स्वागत किया। समारोह के दौरान कुलपति प्रो. विनय पाठक द्वारा महाविद्यालय में डिजिटल शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं, छात्रों को आधुनिक व डिजिटल माध्यम से शिक्षा देने हेतु स्मार्ट क्लास रूम का लोकार्पण, कॉलेज की अकादमिक गतिविधियों को डिजिटल मंच प्रदान करने हेतु ई न्यूज लेटर, पर्यावरण संरक्षण और आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से औषधीय पादप वाटिका, समाज के वंचित वर्ग की सहायता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अनूठी जनहितकारी पहल के लिए साड़ी बैंक का उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि कूटा एवं कूपा के संरक्षक तथा ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज कानपुर के प्राचार्य प्रो. विवेक द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि के.के. कॉलेज विश्वविद्यालय के अंतिम छोर पर स्थित एक बेहद प्रतिष्ठित संस्थान है। प्रो. विवेक द्विवेदी ने कुलपति की सराहना करते हुए आगे कहा, विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर और गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए पूर्व में यदि कुलपति प्रो. सर्वज्ञ सिंह कटियार जी का नाम सर्वप्रथम लिया जाता था।

इस्लामिक समर कोर्स का आगाज 17 मई से ,मस्जिद डॉ. बन्ने मियां में सजेगी दीनी क्लास

इटावा। इस्लामिक समर कोर्स की शानदार सफलता और बच्चों की बेहतरीन दीनी, अखलाकी एवं शैक्षिक तरबियत को देखते हुए इस वर्ष भी दूसरा इस्लामिक समर कोर्स 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह समर कोर्स डॉ. मोहम्मद ऐनुन नईम एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी इटावा, दरगाह चिश्तिया नईम मियांएवं मस्जिद डॉ. बन्ने मियां चैकी शमशेरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। यह समर कोर्स 17 से 24 मई तक मस्जिद डॉ. बन्ने मियां, चैकी शमशेरी, इटावा में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य बच्चों की दीनी, नैतिक, सामाजिक और व्यक्तित्व निर्माण से जुड़ी तरबियत करना है, ताकि आने वाली नस्ल को बेहतर इंसानी और इस्लामी मूल्यों के साथ तैयार किया जा सके। समर कोर्स में बच्चों को कुरआन शरीफ की बुनियादी बातें, छोटी सूरतें एवं दुआएं याद कराई जाएंगी।

प्रदर्शनी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार

उन्नाव। एसके इंटर प्रॉइसेस के संतोष कुमार ने बताया कि कटरी देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव में ग्राम लालतू का पूर्व परिहार चक्रवंशी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसकी ग्रामीण जनता को जानकारी देने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 15 मई से 17 मई तक चलेगी। जिसमें भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित कर आम जनमानस को जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों से किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर प्रदर्शनी का अवलोकन कर सरकार की कल्याण कारी योजनाओं नीतियों की जानकारी लें।

राजस्व टीम के सामने झोपड़ी में लगी आग

गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम रकौली में गुरुवार की शाम अवैध कब्जा हटाने पहुंची राजस्व एवं पुलिस टीम के सामने अचानक एक झोपड़ी में आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद कब्जा हटाने की कार्रवाई अधूरी छोड़ प्रशासनिक टीम को बैरंग लौटना पड़ा। मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव है वहीं दोनों पक्षों के द्वारा आरोप-प्रत्यारोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम रकौली स्थित गाटा संख्या 164 रकबा 0.3080 हेक्टेयर भूमि को लेकर बंगेश चौधरी एवं अशोक यादव के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। मामला हाईकोर्ट, दीवानी न्यायालय बांसगांव तथा उपजिलाधिकारी गोला न्यायालय में विचाराधीन रहा है। उक्त भूमि पर अशोक यादव कई वर्षों से नाद-खूंटा गाड़कर तथा छप्पर डालकर कब्जा किए हुए हैं। करीब पांच वर्ष पूर्व उपजिलाधिकारी न्यायालय से बंगेश चौधरी मुकदमा जीत चुके हैं, लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका। हाल ही में बंगेश चौधरी ने उपजिलाधिकारी गोला को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। लेखपाल की रिपोर्ट में भी भूमि बंगेश चौधरी के पक्ष में बताई गई थी। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने 11 मई को नायब तहसीलदार बालचंद चौहान के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक एवं चार लेखपालों की टीम गठित कर कब्जा हटाने का निर्देश दिया था। निर्देश के क्रम में गुरुवार शाम राजस्व टीम पुलिस बल तथा जेसीबी के साथ मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान नाद-खूंटा उखाड़ा जाने लगा, तभी आसपास भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसी बीच अचानक झोपड़ी में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और प्रशासनिक कार्रवाई रोकनी पड़ी। राजस्व टीम का आरोप है कि टीम को आते देख अंदर मौजूद किसी महिला ने स्वयं झोपड़ी में आग लगा दी, जबकि अशोक यादव ने विपक्षी पक्ष पर आग लगाने का आरोप लगाया है।

शिक्षक समायोजन प्रक्रिया को लेकर दिया बीएसए को ज्ञापन

उन्नाव। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश (प्राथमिक संवर्ग), जनपद उन्नाव के पदाधिकारियों द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में चल रही शिक्षक समायोजन प्रक्रिया के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने समायोजन प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, न्यायसंगत एवं शिक्षक हितों के अनुरूप संपन्न कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में संगठन द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जारी सरप्लस शिक्षकों की सूची में अनेक त्रुटियां परिलक्षित हो रही हैं। अतः प्राप्त आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण किए जाने के उपरांत ही समायोजन की कार्यवाही की जाए तथा रिक्त पदों वाले विद्यालयों की सूची सार्वजनिक रूप से पोर्टल पर अपलोड की जाए। महासंघ ने यह भी मांग की कि जिन विद्यालयों में 30 अप्रैल 2026 तक दो शिक्षक कार्यरत थे, वहां पुनः तैनाती न की जाए तथा केवल उन्हीं विद्यालयों में समायोजन किया जाए जहां वास्तव में शिक्षकों की आवश्यकता है। महिला शिक्षकों के समायोजन में विशेष संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता बरतने तथा उन्हें यथासंभव वर्तमान कार्यस्थल अथवा निकटतम विकासखंड में बनाए रखने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। संगठन ने दिव्यांग शिक्षकों को समायोजन प्रक्रिया से पृथक रखने, अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सरप्लस घोषित न करने तथा विषयवार आवश्यकता के आधार पर ही अतिरिक्त शिक्षकों का निर्धारण किए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रशासन से आग्रह किया कि समायोजन हेतु निर्धारित समस्त मानकों को सार्वजनिक किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे शिक्षकों में विश्वास बना रहे और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी, जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता कोषाध्यक्ष सोनू बाजपेयी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कुश्ती दंगल में मनोज बोहा ने संजय गाजीपुर को दो मिनट में दिखाया आसमान

सरहरी, गोरखपुर। सरहरी क्षेत्र के महराजगंज चौराहे के बाजार परिसर में स्व० राजेश यादव के द्वितीय पुण्य तिथि के अवसर पर बिराट कुस्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें गोरखपुर जिले के पहलवानो सहित गाजीपुर ,दिल्ली , महराजगंज , सन्तकबीर सहित कई जिलो के पहलवानो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई दंगल में दर्जनों जोड़ी छोटे बड़े पहलवानो ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन कर बाहबाही लूटी ग्राम सभा नन्दापार महराजगंज के निवासी स्व० गुल्लू यादव के छोटे पुत्र स्व राजेश यादव जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। अल्प आयु में ही छात्र जीवन से शुरू राजनीति के सफर में जिला पंचायत सदस्य के रूप में चुने जाने के कुछ ही दिनो के तत्पश्चात काल के गाल में समा गये। उन्ही के दूसरी पुण्य तिथि के अवसर पर कुस्ती दंगल का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम शुक्रवार को शुबह दस बजे स्व० राजेश यादव के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिरहा गायको ने अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरूआत की दंगल प्रतियोगिता में लगभग अस्सी जोड़ा पहलवानो ने अपने कला का प्रदर्शन किया।

किसान ने फांसी लगाकर दी जान

उदी, इटावा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के ग्राम असवा कछार में कर्ज से परेशान एक युवा किसान ने गुरुवार शाम नीम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। किसान ने बैंक से कृषि ऋण ले रखा था, जिसकी रिकवरी को लेकर वह मानसिक तनाव में था। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। असवा कछार निवासी महेंद्र सिंह (34) पुत्र मुलायम सिंह राजपूत के पास करीब पांच बीघा खेती थी। परिजनों के मुताबिक, महेंद्र ने सेंट्रल बैंक की उदी शाखा से लगभग एक लाख 20 हजार रुपये का कर्ज लिया था। कर्ज की अदायगी न हो पाने के कारण बैंककर्मी रिकवरी के लिए घर आ रहे थे, जिससे वह परेशान रहता था। गुरुवार शाम करीब 5 बजे घर से 400 मीटर दूर खेत पर उसका शव नीम के पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। महेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से पत्नी व दो बच्चों (एक बेटा व एक बेटी) का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वटसावित्री पूजन आज होगा

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष वट सावित्री व्रत अमावस्या 16 मई दिन शनिवार शनि जयंती के पर्व के रूप में सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त मातायें बहनें अपने पतियों की दीघार्यु एवं संतान समृद्धि के लिए कामना की।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-आक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोनः लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:** Catg-LJND-07-26, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः** 12-05-2026 समय 16:59 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 27-05-2025 समय 10:00 बजे। **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 27-05-2026 समय 12:30 बजे। **नीलामी का प्रकारः** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः** E-Auction Module of *www.ireps.gov.in*

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य–40 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

ई निविदा संख्याः NER-LJN-2026-140, कार्य का नाम : NER-LJN Division :- LJN Division की छोटी ट्रैक मशीनों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध, जिसमें ओवरहॉलिंग, प्रमुख मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स का प्रतिस्थापन शामिल है, अगले 2 वर्षों के लिए, **अनुमानित लागत** : ₹ 60,00,000.00, **अग्रिम धन** : ₹ 1,20,000.00, **समापन अवधि** : 24 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-140** के लिए ई-निविदा दिनांक 18.06.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी सज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
मुजाधि/डब्ल्यू-104

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

कोटे की दुकान से 185 कुंतल राशन गायब

ऊसराहार, इटावा। लापरवाह कोटेदार ने राशन की दुकान से 185 कुतंल गरीबो का राशन गायब कर दिया। तहसीलदार की मौजूदगी मे दुकान का ताला तोड़ा गया तो दुकान मे पचास किलो अनाज ही मौजूद मिला है। पूरे मामले मे कोठेदार को निलंबित कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ताखा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरसईनावर में सरकारी राशन के वितरण में बड़ी धांधली और कोटेदार की मनमानी का मामला सामने आया है। निरीक्षण के दौरान उचित दर विक्रेता भुवनेश कुमार की दुकान बिना किसी पूर्व सूचना के बंद पाई गई, जिसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर कार्यवाही की है पीडीएस रिपोर्ट के अवलोकन से पता चला कि कोटेदार भुवनेश कुमार द्वारा मई माह में मात्र 02.68 प्रतिशत राशन का ही वितरण किया गया था। दोबारा जांच होने पर यह आंकड़ा केवल 03.01 प्रतिशत तक ही पहुँच सका। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए पूर्ति निरीक्षक सुरजीत सिंह द्वारा बार-बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन कोटेदार ने निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया। पूर्ति निरीक्षक ने ग्राम पंचायत में जाकर सीधे कार्डधारकों से पूछताछ की, तो स्थिति और भी चैंकाने वाली मिली। पुनीत कुमार, दलवीर सिंह, फूलश्री, प्रदीप कुमार, मीना देवी और सुरेंद्र सिंह सहित वीस से अधिक ग्रामीणों ने लिखित बयान दर्ज कराए हैं कि उन्हें मई माह का राशन नहीं दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान अक्सर बंद रहती है और उन्हें राशन के लिए भटकना पड़ता है। पूर्ति निरीक्षक ने कई बार कोटेदार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा, जिसका उत्तर कोटेदार ने नही दिया और दुकान को भी नही खोला। मामला उपजिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा के संज्ञान मे आया तो तहसीलदार जावेद अंसारी की देखरेख मे दुकान का ताला तोडा गया दुकान पर मात्र पचास किलो राशन ही बरामद हुआ जबकि दुकान पर गेहू चावल बाजरा सहित पूरा राशन 186 कुंतल होना चाहिए था। जिससे साफ जाहिर था कि पूरा सरकारी राशन गायब किया गया है पूर्ति निरीक्षक सुरजीत सिंह की रिपोर्ट के बाद कोठेदार भुवनेश कुमार के विरूद्ध ऊसराहार थाने मे संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। पूर्ति निरीक्षक सुरजीत सिंह ने बताया राशन डीलर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर दुकान को निलंबित कर दिया गया है, दुकान से जुडे राशन उपभोक्ताओं को नजदीकी दुकान पर राशन दिया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, जनपद-उन्नाव

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

website :-www.ugoonp.in E-mail:-nppmaurava@gmail.com

पत्रांकः112/अल्पकालीन नि.सू./न.पं. ऊगू/2026-27 दिनांक - 14/05/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत, ऊगू, उन्नाव मे पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो/एजेन्सियों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त होने वाली धनराशि से विभिन्न वार्डो मे नाली निर्माण कार्य किये जाने हेतु निविदा दिनांक -06/06/2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत ऊगू जनपद - उन्नाव में आमन्त्रित की जाती है। उक्त सभी निविदाये अपरान्ह 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय नगर पंचायत ऊगू उन्नाव मे खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय स्वयं ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि उपस्थिति रह सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद/एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि ''अधि

संक्षेप

दुधवा में मिला दुर्लभ प्रजाति का कामन ब्रॉजबैक ट्री स्नेक

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी नित्य प्रतिदिन वन्य जीव विशेषज्ञों एवं वन्य जीवन में रुचिकर लोगों की जिज्ञासा तृप्ति का एक सर्वोत्तम श्रोत बनता जा रहा है। यहां निरंतर वन्य जीवन को और बेहतर बनाए जाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की परिणति निरंतर वन्य जीवन की वंशवृद्धि के रुप में हो रही है। दुधवा टाइगर रिजर्व अपने आंचल में अथाह जैवविविधता की धरोहर

संजोए हुए है। यहां आज कुछ नया मिलता है, तो अगले दिन कुछ और यह सिलसिला ऐसा है कि थमने का नाम ही नही ले रहा है। इसी का परिणाम है कि नित्य प्रतिदिन वन्य जीवन से जुड़े विशेषज्ञ, शोधार्थी पर्यटक निरंतर इसकी ओर आकृष्ट हो रहे हैं। वन्य जीव के इस अथाह सागर रुपी दुधवा वन में अब तक विविध नवीन जैव विविधता सामने आने का परिणाम यह रहा है कि अब न केवल विशेषज्ञ, शोधार्थी, पर्यटक, अपितु यहां कार्य कर रहे अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस अनंत जैव विविधता पर सूक्ष्म दृष्टि बनाए रखते हैं, जैसे ही कुछ नवीन लगता है, उसकी जानकारी प्रारंभ कर दी जाती है। इसी कड़ी में दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के दुधवा बाघ संरक्षण फाउण्डेशन के अंतर्गत कार्यरत सुश्री नाजरुन निशा को बेलरायां रेंज में ग्रासलैण्ड में रहने वाली बर्डस का सर्वे किए जाने के उपरांत वापस आते समय एक अद्भुत सर्प दिखाई दिया। सर्प जीवन में खासी रुचि रखने वाली नाजरुन द्वारा उसका वीडिया एवं फोटो सुरक्षित करने के बाद वापस आकर उसका अध्ययन किया तो पाया कि यह सर्प कामन ब्रांजबैक ट्री स्नैक है।

पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग

सीतापुर। विकास खंड गोंदलामऊ के ग्राम प्रधानों ने शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग को लेकर जोरदार आवाज उठाई। प्रधानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार को सौंपते हुए कहा कि यदि समय पर चुनाव संभव नहीं हैं तो ग्राम पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति की जाए, ताकि विकास कार्य प्रभावित न हों। प्रधानों ने कहा कि पंचायतें गांव के विकास की रीढ़ हैं और कार्यकाल समाप्त होने के बाद स्थिति स्पष्ट न होने पर योजनाएं ठप पड़ सकती हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए। ग्राम प्रधानों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि वे गांव स्तर पर जनता की समस्याओं का समाधान करते हैं, ऐसे में प्रशासनिक शून्यता से विकास कार्य बाधित होंगे। बीडीओ संदीप कुमार ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन को शासन और मुख्यमंत्री कार्यालय तक तत्काल भेजा जाएगा।

डीएम को सौंपा गुप्त पत्र, भूमाफियाओं में मचा हड़कंप

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। ऑनलाइन सट्टे, अवैध कब्जों और भूमाफियाओं के गठजोड़ को लेकर अब सियासी पारा चरम पर पहुंच गया है।

जिले की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए सांसद राकेश राठौर ने शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. से मुलाकात कर शहर में तेजी से फैल रहे कथित काले कारोबारों का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। जानकारी के अनुसार सांसद करीब 12 बजे अपने आवास से निकलकर सीधे डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी के चैम्बर में लगभग दस मिनट तक बंद कमरे में मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने एक गुप्त शिकायती पत्र सौंपते हुए शहर में धड़ल्ले से चल रहे ऑनलाइन सट्टे, अवैध कब्जों और बिना मानचित्र स्वीकृति के हो रही प्लाटिंग को लेकर गंभीर शिकायतें दर्ज कराईं। सांसद ने आरोप लगाया कि मनी चैराहे से लेकर शहर के कई हिस्सों में ऑनलाइन सट्टे का नेटवर्क खुलेआम संचालित हो रहा है। इस धंधे में गरीब परिवारों के युवा और मासूम बच्चे तेजी से फंस रहे हैं, लेकिन पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। उन्होंने कहा कि प्रभावी कार्रवाई न होने से सट्टेबाजों और उनके संरक्षकों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं।

सांसद ने खैराबाद से लेकर शहर तक फैले अवैध प्लाटिंग नेटवर्क पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता से जुड़े रसूखदार लोगों के संरक्षण में भूमाफिया नियम-कानून को ताक पर रखकर करोड़ों रुपये का जमीन कारोबार चला रहे हैं। बिना नाम लिए उन्होंने एक व्यापारी नेता और उसके नेटवर्क की ओर इशारा करते हुए कहा कि जनता को फजीर्वाड़े और अवैध सौदों के जरिए ठगा जा रहा है। सांसद ने यहां तक कहा कि उनके खुद के आवास के आसपास भी अवैध प्लाटिंग की गई है, जिससे साफ है कि इस सिंडिकेट को किसी का भय नहीं रह गया है। सूत्रों के मुताबिक सांसद की शिकायत के बाद प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है और शहर की एक चर्चित आलीशान

इमारत प्रशासनिक जांच के दायरे में आ गई है। हालांकि अधिकारी खुलकर कुछ बोलने से बच रहे हैं, लेकिन अंदरखाने ह्लबाबा के बुलडोजरह्व की चर्चा तेज हो गई है। जिलाधिकारी ने सांसद को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों की प्राथमिकता से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सांसद के इस तेवर के बाद भूमाफियाओं, अवैध प्लाटिंग कारोबारियों और सट्टा संचालकों में जबरदस्त बेचैनी देखी जा रही है।

भाजपा नेता और पुत्र पर सांसद का तीखा तंज

सीतापुर। सांसद ने बिना नाम लिए व्यापार संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले एक भाजपा नेता और उनके पुत्र पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता को नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले लोगों के ऊपर ही अब धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लग रहे हैं। सांसद ने तंज कसते हुए कहा कि अभी हाल ही में 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है, जबकि 40 हजार रुपये का पीड़ित व्यक्ति उनके आवास पर न्याय की गुहार लगाते बैठा है। उन्होंने कहा कि शहर में चारों ओर लूट का माहौल बना हुआ है। कोई जमीन के नाम पर ठगा जा रहा है तो कोई निवेश के नाम पर। सत्ता की हनक में कुछ लोग खुद को कानून से ऊपर समझ बैठे हैं। सांसद के इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई और भाजपा खेमे में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

डीएम और सांसद की मुलाकात से प्रॉपर्टी कारोबारियों में दहशत

सीतापुर। सांसद और जिलाधिकारी की बंद कमरे में हुई मुलाकात के बाद शहर के बड़े प्रॉपर्टी कारोबारियों और अवैध प्लाटिंग से जुड़े लोगों में भारी दहशत फैल गई। सूत्रों के अनुसार कई बड़े कारोबारी अपने सोर्स सक्रिय कर यह पता लगाने में जुट गए कि आखिर सांसद ने डीएम को क्या-क्या शिकायतें सौंपी हैं और प्रशासन आगे किस पर कार्रवाई करने जा रहा है। शहर में दिनभर चचाओं का बाजार गर्म रहा। भाजपा नेताओं के यहां लोगों का जमावड़ा लगा रहा और हर कोई सांसद-डीएम मुलाकात के मायने तलाशता नजर आया। चाय की दुकानों से लेकर पान ठेलों तक सिर्फ एक ही चर्चा रही कृ ह्लअब किस पर गिरेगी कार्रवाई की गाज? कई लोगों के बीच यह भी चर्चा रही कि यदि प्रशासन ने शिकायतों को गंभीरता से लिया तो आने वाले दिनों में अवैध प्लाटिंग और कथित सट्टा नेटवर्क पर बड़ा एक्शन देखने को मिल सकता है। जिले की सियासत में इस मुलाकात ने नई हलचल पैदा कर दी है।

डीएम की फटकार के आगे झुका कॉलेज प्रशासन, गरीब छात्र को मिला एडमिट कार्ड

सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा के संघर्ष और जिला प्रशासन की सख्ती के बाद आखिरकार बीपी वर्मा डिग्री कॉलेज प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा। फीस बकाया होने का हवाला देकर परीक्षा से वंचित किए गए छात्र सुभाष को कॉलेज ने प्रवेश पत्र जारी कर दिया है, साथ ही छूटा हुआ पेपर कराने पर भी सहमति दे दी है। बताया गया कि छात्र सुभाष का एक पेपर तीन दिन पहले छूट गया था। कॉलेज प्रशासन ने करीब 15 हजार रुपये फीस बकाया बताते हुए परीक्षा कराने से इंकार कर दिया था। कई बार अनुरोध के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू छात्र को लेकर जिलाधिकारी से मिले और पूरे मामले की शिकायत की। डीएम की फटकार के बाद कॉलेज प्रशासन हरकत में आया और छात्र को एडमिट कार्ड जारी कर दिया। छात्र ने वीडियो जारी कर बताया कि उसका पेपर हो गया है और छूटी परीक्षा भी कराई जाएगी।

पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में शराब सेल्समैन और कैंटीन संचालक से लूट व गोलीकांड की घटना आखिरकार मनगढ़ंत निकली। पुलिस की गहन जांच और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में दोनों के बयान संदिग्ध पाए गए, जिसके बाद पूछताछ में पूरा मामला खुल गया। जांच में पता चला कि दोनों शराब के नशे में थे और बाइक से गिरने के दौरान सुजीत की कमर में लगा तमंचा खुद चल गया, जिससे उसके पैर में गोली लग गई। घटना छिपाने के लिए दोनों ने लूट की झूठी कहानी रच दी और रुपये व तमंचा झाड़ियों में फेंक दिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20,040 रुपये नकद, एक अवैध तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद किया है।

छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दी जानकारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को गोला प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन की उपयोगिता, सुरक्षा और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. अंजलि नाथ और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चेतन वर्मा ने छात्राओं को वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह बीमारी समय रहते टीकाकरण और जागरूकता के माध्यम से काफी हद तक रोकी जा सकती है। चिकित्सकों ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देशभर में निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। उन्होंने अभिभावकों से अपनी बेटियों का टीकाकरण कराने की अपील करते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधार कार्ड अथवा आयु प्रमाण पत्र दिखाकर यह टीका लगवाया जा सकता है। कार्यक्रम में बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और टीकाकरण के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और समय पर बचाव ही बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है।

प्रभारी मंत्री ने पीड़ित परिवार को थमाये राहत के चेक

लखीमपुर खीरी। मितौली तहसील के ग्राम जमुनिया कढ़ीले में 13 मई की रात आई तेज आंधी और बारिश ने एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। मकान की छत भरभराकर गिरी और उसके नीचे दबकर 40 वर्षीय रतिराम पुत्र दीना की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर गांव पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और सरकारी सहायता का भरोसा दिया। गांव पहुंचे प्रभारी मंत्री ने पूर्व सांसद जुगुल किशोर, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता और डीएम अंजनी कुमार सिंह की मौजूदगी में मृतक की पत्नी और बच्चों को चार लाख रुपये की दैवीय आपदा सहायता, 6500 रुपये गृह अनुदान का डेमो चेक सौंपा। साथ ही खाद्यान्न किट देकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। गांव में मंत्री के पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। परिजनों की आंखें नम थीं तो प्रशासनिक अमला राहत पहुंचाने में जुटा नजर आया। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, प्रभारी तहसीलदार दिनेश कुमार बीडीओ मोहित कौशिक समेत बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

वट सावित्री पूजा को लेकर पालिकाध्यक्ष ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर होने वाले वट सावित्री पूजन को लेकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर के विभिन्न पूजा स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पालिका कर्मियों को साफ-सफाई, पेयजल और श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष ने सेठानी हाता मोहम्मदी रोड, बरम बाबा मुन्नूगंज, मां मंगला देवी मंदिर खुटार रोड, फूल बाबा आश्रम मंदिर, मृत्युंजय नाथ मंदिर कुम्हारन टोला, दुर्गा मंदिर शिवम चैराहा, हनुमान मंदिर लखीमपुर रोड, त्रिलोक गिरि मंदिर, हनुमान मंदिर नीलकंठ मैदान तथा नगर पालिका परिसर सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि वट सावित्री व्रत महिलाओं की आस्था और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे में पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और शर्बत आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पूजा करने आने वाली महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

छोटी काशी कॉरिडोर का विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारतीय भाषा समर कैंप के तीसरे दिन गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को वर्चुअल सिटी टूर के अंतर्गत छोटी काशी

कॉरिडोर का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को नगर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया गया।

नगर पालिका परिषद के जेई आदर्श मिश्रा ने विद्यार्थियों को पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित किए जा रहे छोटी काशी कॉरिडोर की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना गोला नगर के धार्मिक महत्व को नई पहचान देने के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर में राजस्थान के शिल्पकारों द्वारा रिटेनिंग दीवारों पर भगवान शिव से जुड़े विभिन्न प्रसंगों और कथाओं को आकर्षक ढंग से उकेरा गया है। इनमें सेतुबंध रामेश्वरम, शिव परिवार, सप्तऋषियों के चित्र, रावण की तपस्या, भगवान शिव की नटराज मुद्रा तथा शिव मंत्रों को कलात्मक शैली में प्रदर्शित किया गया है। जेई आदर्श मिश्रा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्नानागार और विश्राम गृह का निर्माण भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कॉरिडोर के निर्माण से नगर की सांस्कृतिक पहचान और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर शिक्षक राम सनेही, डॉ. राजेश कुमार, तेजराम गंगवार और नीलम कुमार ने मंदिर में दर्शन कर कॉरिडोर में चल रहे कार्यों की सराहना की।

एक इंच सरकारी जमीन निकले तो कार्रवाई कर दें

सीतापुर। सरकारी भूमि विनिमय को लेकर उठे विवाद के बीच नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने विपक्षियों पर तीखा हमला बोला है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने साफ कहा कि यदि उनके पास एक इंच भी सरकारी जमीन अवैध रूप से पाई जाती है तो प्रशासन तत्काल कार्रवाई करे, उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। अभिषेक गुप्ता ने कहा कि उनकी पत्नी के नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद से उनका परिवार केवल जनता की सेवा में लगा है। उन्होंने दावा किया कि जिस भूमि को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है, उसका विनिमय पूरी तरह वैधानिक प्रक्रिया और न्यायालय के आदेश के तहत हुआ है। बदले में सरकार को अधिक मूल्यवान भूमि दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग राजनीतिक और निजी स्वार्थ में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। बोले जिन लोगों पर खुद सरकारी जमीन कब्जाने के आरोप हैं, वही आज नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जिलाधिकारी द्वारा 100 बीघा जमीन खाली कराने के आदेश के बाद कुछ लोगों के होश उड़ गए हैं। इसलिए बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि ने दो टूक कहा कि सरकारी जमीनों से कब्जे हटाने की कार्रवाई न रुकी है और न रुकेगी।

पीडब्ल्यूडी की भूमि पर किया गया अवैध रेस्टोरेंट का निर्माण

लखीमपुर खीरी। बेलरायां-पनवारी मार्ग पर सिंगाही रोड स्थित पहली पुलिया के पास लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी की भूमि एसडीएम निघसान के संरक्षण में अवैध रूप से चुगली रेस्टोरेंट की बिल्डिंग खड़ी हो गई। बिल्डिंग खड़ी होने पर एसडीएम व पीडब्ल्यूडी विभाग की फजीहत शुरू हो गई। पीडब्ल्यूडी खंड 3 विभाग एसडीएम को कोष रहे हैं।

एसडीएम पीडब्ल्यूडी विभाग को कोष रहे। पीडब्ल्यूडी विभाग ने रेस्टोरेंट की दीवारों पर पहले ही लाल निशान लगाकर अतिक्रमण की जद में आने वाले चुगली रेस्टोरेंट को चिह्नित कर दिया था। फिर भी कार्यवाही अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नहीं की जा रही हैं। बताया जाता है कि रेस्टोरेंट संचालक ने अवैध कब्जा कर निर्माण कराया है। इतना ही नहीं राहगीरों की सुरक्षा के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए लोहे के क्रैश बैरियर को भी काटकर हटा दिया गया। आरोप है कि रेस्टोरेंट के सामने से बैरियर को हटाकर पीडब्ल्यूडी विभाग की आंखों में धूल झोंकी है। एसडीएम से शिकायत के बाद कोई कार्यवाही नहीं की गई। इधर मामले को पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों ने संज्ञान में लेकर कब्जा मुक्त कराने की नोटिस जारी की है। वहीं रेस्टोरेंट संचालक द्वारा मामले को लेकर लखनऊ तक पैरवी किए जाने की भी चर्चा है। लेकिन विभागीय स्तर पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने बताया कि टीम को भेजा गया है। जाँच कर कार्रवाई होगी वैसे ऐई देख रहे। संबंधित भवन पर लाल निशानदेही करवाई गई है। अवैध बने चुगली रेस्टोरेंट के मामले में एसडीएम निघासन पीडब्लू डी विभाग को पत्र भेजकर अपना पलड़ा झाड़ रहे हैं। रेस्टोरेंट बनाने की अनुमति कब दी गई कब नक्शा पास हुआ भूमि का प्रकार क्या है यह सब सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता है अवैध निर्माण करने वाले हाई कोर्ट स्टे लेने गए थे हाई कोर्ट ने स्टे खारिज कर दिया। इस संदर्भ में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है दिखवाते हैं गलत निर्माण मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

मांगों को लेकर मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन

महोली (सीतापुर) ग्रामीण एवं खेतिहर मजदूर यूनियन नरेगा संघर्ष मोर्चा के आवाहन पर शुक्रवार को तहसील परिसर में एकत्रित हुए कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बीबी ग्राम जैसे कानून को रद्द करके मनरेगा कानून को यथास्थिति में सही तरीके से लागू किया जाए, फेस हाजिरी की बाध्यता खत्म कर पुरानी सरल हाजिरी व्यवस्था लागू की जाए, मनरेगा में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को साल में कम से कम 300 दिन काम दिया जाए, मजदूरी बढ़ाकर 700 रुपया प्रतिदिन की जाए, मनरेगा में समय से कम और समय से मजदूरी की गारंटी दी जाय, गांव में जरुरत के हिसाब से नए काम खोले जाए ताकि मजदूरों को पलायन न करना पड़े। इस दौरान राम बेटी, सरोजनी देवी, प्रियांका, गुड्डी, जमुना, मलती, वंदना, सुखरानी, सरिता, रीता देवी, बापू, रोशन लाल, मंगू लाल, राधेश्याम, श्री राम, राजाराम समेत सैकड़ों मजदूर मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवरिया

Office of The Municipal Board, Deoria

अबुबकर नगर दक्षिणी, देवरिया, उ.प्र.-274001

Website - http://nppdeoria.in e-mail - eonppdeo@gmail.com

पत्रांक : 559/वि०वि०-2025-26/देवरिया — दिनांक : 15/05/2026

अति अल्पकालिक नीलामी सूचना

एतद् द्वारा ई-निदिया प्रणाली के पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों/का समूह को सूचित किया जाता है कि न. पा. परि., देवरिया द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पालिका द्वारा स्थापित प्रचार-प्रसार हेतु एल.ई.डी. स्क्रीन वित्तीय वर्ष 2026-27, निविदा स्वीकृति तिथि से 31 मार्च, 2027 तक संचालन किये जाने हेतु निलामी ई-निविदा पोर्टल https://www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 16/05/26 से दिनांक 23/05/26 को 03 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा के साथ यथेष्ठ मूल्य की धरोहर धनराशि तथा निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि को UP e-tender online Account में नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर प्राप्ति रसीद निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। ई-निलामी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विज्ञापन अनुभाग नगर पालिका परिषद, देवरिया में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

1. ई-नीलामी डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय 16/05/2026 11 बजे
2. ई-नीलामी डाउनलोड की अन्तिम तिथि व समय 23/05/2026 03 बजे
3. ई-नीलामी बिड़ खोले जाने की तिथि व समय 24/05/2026 10 बजे

क्र.सं.	कार्य का विवरण	न्यूनतम बोली	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य
1	हनुमान मन्दिर, पूर्वा चौराहा, टाउन हाल कैम्पस एवं मालवीया रोड पर लगे एल.ई.डी. स्क्रीन का संचालन कार्य।	6,00,000=00	60,000=00	1208=00

1. नीलामी को स्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी न० पा० परि०, देवरिया में निहित होगा।
2. निविदादाता को जी०एस०टी० नम्बर, आधार कार्ड, पैन कार्ड निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. यह कि एल0ई0डी0 स्क्रीन के रख-रखाव की जिम्मेदारी फर्म की होगी।
4. यह कि एल0ई0डी0 स्क्रीन का स्थान बदला नही जा सकेगा।
5. यह कि ठेके के लिए अधिक दर (धनराशि) आने पर ठेकेदार के पक्ष में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात ही मानी जायेगी। उच्चतम बोलीदाता की जमानत की धनराशि ठेके की धनराशि में समायोजित की जायेगी। उच्चतम बोलीदाता द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण न करने पर प्रथम उच्चतम बोलीदाता की बोली निरस्त कर जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6. बोलीदाता को बोली में दिये गये सभी प्रपत्र के सत्यता एवं सूचना के सम्बन्ध में शपथ प्रमाण पत्र मूल रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया को सम्बोधित करते हुए निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
7. यह कि उक्त एल०ई०डी० स्क्रीन की वसूली पालिका द्वारा प्रदत उपविधि के अनुसार किया जायेगा। यदि कोई शिकायत या अनियमितता पायी जाती है तो बिना कारण बताये ठेका जनहित में निरस्त कर दिया जायेगा।
8. बोलीदाता के पक्ष में आदेश होने के उपरान्त 50% धनराशि 15 दिवस के अन्दर एवं शेष 50% धनराशि 3 माह के अन्दर पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उक्त ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
9. सरकारी कार्यक्रमों हेतु पालिका अपनी सुविधानुसार अतिरिक्त एल0ई0डी० स्क्रीन लगवा सकेगी अथवा पूर्व से लगे एल0ई0डी0 स्क्रीन का निःशुल्क इस्तेमाल कर सकती है।
10. ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि एल0ई0डी0 स्क्रीन पर किसी भी प्रकार का अभद्र / मजहब/धर्म/व्यक्ति विशेष को ठेस पहुँचाने वाले फोटो अथवा विडियो को प्रसारित नही करेगा। अगर ऐसा करते हुए पाया जाता है तो सम्बन्धित फर्म के खिलाफ एफ0आई0आर0 आदि कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।
11. किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होने पर इसकी समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, देवरिया

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, देवरिया।

संक्षेप

पैसे के लेनदेन को लेकर युवक की पिटाई

परशदेपुर, रायबरेली। डीह थाना के परशदेपुर चैकी क्षेत्र में पैसे के लेनदेन को लेकर एक युवक की पिटाई कर दी गयी। इसमें युवक गम्भीर रूप से घायल हुआ है। पीड़ित ने चैकी में दो लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चैकी क्षेत्र के रामबाग पदुमपुर गांव निवासी शिवकरन शुक्रवार को एक शादी समारोह में मंडप सजाने जा रहा था । कनकपुर गांव के पहले ही अटावां गांव निवासी अनुज कुमार व दीपक ने रास्ता रोककर उसकी जमकर पिटाई कर दी।जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने चैकी में तहरीर देते हुए बताया कि विपक्षी से कुछ समय पहले पिकअप गाड़ी खरीदी थी जिसका कुछ पैसा शेष रह गया था। इसी को लेकर मुझे रास्ते मे रोककर गाली देते हुए मेरे साथ मारपीट की गयी। चैकी इंचार्ज मोहित कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

शराब तस्करी में दो पकड़े, 1.90 लाख की शराब बरामद

मथुरा। नौहझील पुलिस ने निषाद राज चैराहे से रायपुर की ओर जाने वाले मार्ग से बीती रात हरियाणा से तस्करी हेतु लाई गई एक लाख 90 हजार रुपये की शराब बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त कार भी मिली है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर निषादराज चैराहे से रायपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर शराब तस्करी की सूचना मिली, जिसके आधार पर रात्रि 1.15 बजे पुलिस टीम ने वाहन चैकिंग के दौरान बैगनआर कार संख्या एचआर 29 एके 3743 को चैक किया तो उसमें दो पेटियों में 96 क्वार्टर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जो हरियाणा मार्का थी, इसकी अनुमानत कीमत एक लाख 90 हजार रुपये बतायी गई है। पुलिस ने इस मामले में सोनू उर्फ भूरा पुत्र रोहन सिंह निवासी राजागढ़ी सुरीर, गजेन्द्र शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा, निवासी महरूम गढ़ी निवासी नौहझील को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि यह दोनों लोग शराब तस्करी के बड़े गैंग से जुड़े हुए हैं। पुलिस पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनों लोगों ने अपने नाम पते भी गलत बताये थे। बाद में कड़ाई से पूछताछ के बाद उनकी सच्चाई सामने आ गई।

जमीन के विवाद में गोली चलने से क्षेत्र में दहशत

पुलिस ने गोली चलाने वालों को पकड़ा

लालगंज, रायबरेली। क्षेत्र के पूरे कल्लू मजरे कोरिहरा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। कहासुनी के बाद एक पक्ष के रिवाल्वर से गोली चला देने से इलाके में दहशत फैल गई। घटना में चार व्यक्ति घायल हुए, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दिनदहाड़े रिवाल्वर से गोली चलाकर घायल कर देने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी रवि कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि आरोपी को पकड़कर जांच पड़ताल की जा रही है । पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। गोली कांड में प्रयुक्त असलहा भी बरामद हो गया है। रास्ते के विवाद को लेकर घटना हुई है।

पूरे कल्लू मजरे कोरिहरा गांव के शिव प्रकाश पुत्र रघुनंदन, रामचंद्र उर्फ चंदन यादव पुत्र राम आसरे, मनोज यादव पुत्र राम आसरे और प्रमोद यादव लालगंज नगर के जीवनदीप टॉकीज के पीछे जेसीबी से रास्ता बना रहे थे। तभी गांव के ही अतुल यादव व अंकित यादव पुत्र बालेश्वर, बालेश्वर पुत्र मुन्नू लाल, अनुज पुत्र बालेश्वर, विजय बहादुर पुत्र मोतीलाल, खैरहनी निवासी विवेक कुमार, पूरे उसरहा निवासी शिवम कुमार , शेखवापुर निवासी भले लोधी में मौके पर पहुंचकर रास्ते की जमीन को अपना बताते हुए हमला बोल दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अतुल यादव ने अंकित की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चला दी जिससे चंदन यादव के पैर में और मनोज यादव के कमर में गोली लग गई। वही प्रमोद यादव का कहना है कि उनके भी पैर के निचले हिस्से से गोली छूते हुए निकल गई। शिव प्रकाश को भी आरोपियों ने लाठी डंडों से मारा पीटा। सूचना मिलते हीलालगंज पुलिस ने चारों घायलों का लालगंज के सरकारी अस्पताल में दवा इलाज व मेडिकल कराया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसपी ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जमीनी विवादों में हस्तक्षेप व मजबूत बीट पुलिसिंग समय की मांग है। नामजद आरोपियों में अतुल यादव व अंकित यादव पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर कानपुर में कार्यरत हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

एचपीवी टीकाकरण को गति देने के लिए अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

मथुरा। जनपद स्तर पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से आज आईएमए हॉल में स्वास्थ्य विभाग, आईएमए एवं जे.एस.आई. संस्था द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ संजीव यादव एवं आई0एम0ए0 मथुरा अध्यक्ष डॉ बी0एस0 गोयल के द्वारा सयुंक्त रूप से की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत आईएमए मथुरा सचिव डॉ ललित वार्ष्णेय के द्वारा अभिवादन से की गई एवं कार्यक्रम का एजेंडा एवं रूपरेखा से समस्त सदस्यों को अवगत कराया गया। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ संजीव यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्रीजी द्वारा राजस्थान के अजमेर से शुरू की गई ऐतिहासिक स्वास्थ्य पहल के तहत 14 वर्ष की किशोरियों के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। जनपद में यह अभियान मार्च 2026 से संचालित हो रहा है। आईएमए मथुरा अध्यक्ष डॉ बीएस गोयल ने बताया निजी चिकित्सालयों में यह वैक्सीन बहुत पहले से दी जा रही थी पर इसका मूल्य बहुत अधिक होने की वजह से आप जन इस से लाभान्वित नहीं हो पा रहे थे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहितास सिंह ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला महिला चिकित्सालय मथुरा पर यह टीका निःशुल्क उपलब्ध है। अब तक जिले के सभी सीएचसी पर कार्य दिवसों में 170 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है और सभी स्वस्थ हैं। फैजान अली ने एचपीवी वैक्सीन के भंडारण, परिवहन, प्रशासन की विधि, सावधानियों एवं निगरानी संबंधी विस्तृत पजानकारी दी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान को गति प्रदान करने एवं सभी विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉक्टर अंजू गुप्ता प्रेसिडेंट फोगसी ने बताया की विश्व स्तर पर 160 देशों में अब तक लगभग 50 करोड़ लाभार्थियों को यह टीका लगाया जा चुका है। या वैक्सीन सुरक्षित है और पूर्णतया असरदार है कैंसर से बचाने के लिए एकमात्र वैक्सीन है जिस के द्वारा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी भयानक बीमारी से बचाना आसन हो गया है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वर्तिका ने बताया कि इस वैक्सीन पर बहुत अधिक अध्यन किए गए हैं और हम अपने क्लिनिक में पिछले 10 वर्षों से इस वैक्सीन लाभार्थियों को पहुँच रहे हैं।

गौकशी के विरोध में विहिप बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। गोसाईगंज क्षेत्र में कथित अवैध गौकशी और गौमांस व्यापार के विरोध में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने तहसील जयसिंहपुर पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कार्यकताओं ने मामले में कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। तहसीलदार मयंक मिश्र को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गौकशी, गौतस्करी और गौमांस के अवैध कारोबार की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि जिन भवनों या स्थानों का उपयोग इस तरह की गतिविधियों में किया जा रहा है, उनके विरुद्ध प्रशासन कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करे। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन गौ संरक्षण के समर्थन में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने को बाध्य होगा। तहसीलदार मयंक मिश्र ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले में नियमानुसार जांच एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला सहसंयोजक यशदीप ठठेर, प्रखंड संयोजक अमन जायसवाल, प्रखंड सहमंत्री एवं पालक अधिकारी बृजेश जायसवाल, धर्म जागरण जिला सहसंयोजक सुरेंद्र यादव, सेमरी खंड अध्यक्ष सत्यम अग्रहरि, सत्यम सिंह, बलवंत सिंह, अवनीश बनवाल और हैप्पी पांडे समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विश्व संकटग्रस्त प्रजाति दिवस पर विद्यार्थियों ने दिया वन्यजीव संरक्षण का संदेश

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में विश्व संकटग्रस्त प्रजाति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाया कि किस प्रकार मानव गतिविधियों, जंगलों की कटाई और अवैध शिकार के कारण अनेक जीव-जंतु विलुप्त होने की कगार पर पहुंच रहे हैं, यदि समय रहते वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियां कई दुर्लभ प्रजातियों को केवल पुस्तकों में ही देख पाएंगी। विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति ने विलुप्त होती प्रजातियों की स्थिति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि वन्य जीव और प्रकृति मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़-पौधों एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकास कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित की जाये

- जिले में शांति, सुरक्षा व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाये

रायबरेली। प्रदेश सरकार के कबीना डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण भवन में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक में अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जनपद में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

कबीना मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं एवं जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवास की पात्रता सूची को पंचायत भवन, राशन की दुकान व अन्य महत्वपूर्ण स्थल पर डिस्प्ले की जाए। निराश्रित गोवंष की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को संरक्षित कराया जाये। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे काफी संख्या में निराश्रित गोवंश दिखाई पड़ते है इसलिए नदी के किनारे के क्षेत्रों में विषेश अभियान चलाकर निराश्रित गोंवषों को संरक्षित कराया जाये। ग्राम सभा स्तर पर ज्यादा से ज्यादा गौशालाएं बनाई जाए, जिससे शत प्रतिशत गोवंशों को संरक्षित किया जा सके। स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाया जाए, जिससे जनसामान्य को चिकित्सकीय सेवाओं को बेहतर लाभ मिल सके। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि निमार्णाधीन शत प्रतिशत पानी की टंकियों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर संचालित कराया जाये। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कराकर कम से कम समय में राहत पहुंचाने का कार्य किया जाये। बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा, विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, ईंधन बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। विधायक सलोन अशोक कुमार, डीएम सरनीत कौर ब्रोका, एसपी रवि कुमार, सीएमओ अंजुलता, सीएमओ डॉ. नवीन चन्द्रा, एडीएम(प्रशासन) सिद्धार्थ, एएसपी आलोक सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, डीडीओ अरुण कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद कुमार, उपायुक्त एनआर एलएम सविता सिंह, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या सहित जनपद के समस्त वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

गाजे-बाजे से हुआ कैबिनेट का अभिनंदन

रायबरेली। जनपद में प्रथम आगमन पर कैबिनेट मंत्री डॉ मनोज कुमार पांडेय ने चुरुआ बार्डर स्थित हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन कर प्रभु का आशीर्वाद लिया तत्पश्चात उनके स्वागत के लिए ढोल नगाडे व आतिशबाजी के साथ जन सैलाब सड़को पर उमड़ पड़ा लोगो में भारी उत्साह दिखा ! डॉ० मनोज पांडेय ने जहां जहां जनता का हुजूम देखा वहीं अपनी गाड़ी से उतरकर जनता का आशिर्वाद लिया। ऐसे मे चुरुआ बार्डर से जगह जगह सैकड़ो स्थानों पर स्वागत अभिनंदन हुआ भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन पहुँच कर पदाधिकारियों कार्यकताओं को संबोधित किया व भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों एव कार्यकताओं ने भी जिला कार्यालय में भव्य स्वागत किया और कार्यालय में हजारो की संख्या में आम जनमानस व समर्थकों ने भी स्वागत अभिनंदन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने किया। मंच पर उपस्थित सलोन विधायक अशोक कोरी, राजा राकेश प्रताप सिंह, जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ,जितेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राम देव पाल, सुशील शर्मा, आर बी सिंह, अजय त्रिपाठी,सुरेंद्र दाढ़ी, व डॉ० अनुराग पांडेय ब्रजेश दत्त गौड़,विवेक शुक्ला, प्रभात साहू,मुकेश श्रीवास्तव, डॉ धनंजय सिंह, अभिलाष कौशल, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। तत्पश्चात आज अपने गृह जनपद रायबरेली में प्रथम आगमन पर सारस होटल के समीप वीरांगना झलकारी बाई व सिविल लाइन चैराहे पर स्थापित महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

हैदर अब्बास हत्याकांड के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

सुलतानपुर। हैदर अब्बास हत्याकांड के चर्चित मामले में जेल में निरुद्ध कोतवाली नगर के चुनहा करौंदिया निवासी खादिम की जमानत अर्जी शुक्रवार को जिला जज सुनील कुमार ने खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया कि 23 जनवरी 2026 को चुनहा करौंदिया निवासी हैदर अब्बास की आरोपितों ने लाठी, डंडा व धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की पत्नी अफरोज बानों को भी आरोपितों ने मारकर गम्भीर चोटें पहुंचाई थी। मामले में मृतक के गांव के खादिम, बिलकिश बानों व तौकीर हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरेडिका में महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर साहित्यिक व्याख्यान व वाक्य प्रतियोगिता आयोजित

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वाक प्रतियोगिता तथा साहित्यिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) पुष्पा बरनवाल, बैसवारा डिग्री कॉलेज, लालगंज, रायबरेली आमंत्रित थी। कार्यक्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायबरेली से विभिन्न कार्यालयों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रो. पुष्पा बरनवाल ने आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हिंदी भाषा और साहित्य को नई दिशा प्रदान की। हिंदी गद्य, भाषा-शुद्धि तथा राष्ट्रीय चेतना के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर आरेडिका के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अभिनव यादव, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन सहित अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

'आधुनिक प्रबंधन व शल्य चिकित्सा' विषय पर प्रभावशाली चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

रायबरेली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नेत्र विज्ञान विभाग द्वारा 'स्ट्रैबिस्मस (भेंगापन) आधुनिक प्रबंधन एवं शल्य चिकित्सा' विषय पर एक सफल एवं प्रभावशाली सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भेंगापन के नवीनतम निदान एवं उपचार विधियों पर विशेषज्ञों के बीच ज्ञान-विनिमय को बढ़ावा देना था। एम्स रायबरेली का नेत्र विज्ञान विभाग लंबे समय से नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, विशेष रूप से ग्रामीण एवं वंचित वर्गों में आंखों की बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संस्थान निरंतर उन्नत चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण को भी प्राथमिकता देता रहा है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रगति गर्ग ने किया, जिनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, समर्पण एवं संवेदनशील दृष्टिकोण ने विभाग को नई ऊचाइयों तक पहुंचाया है। डॉ. गर्ग न केवल एक कुशल चिकित्सक हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक मार्गदर्शक भी हैं, जिन्होंने विशेष रूप से भेंगापन से ग्रस्त बच्चों में आत्मविश्वास जगाने और उनके जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से अनेक बच्चों ने न केवल दृष्टि सुधार पाई है, बल्कि सामाजिक आत्मविश्वास भी प्राप्त किया है। वे अपने जीवन में नई आशा और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ पा रहे हैं। अतिथि वक्ता डॉ. विनिता सिंह, प्रो. नेत्र विज्ञान विभाग, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने भेंगापन प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया तथा लाइव स्क्विंट सर्जरी का प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। सीएमई कार्यक्रम में संस्थान के अनेक प्रतिष्ठित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें डॉ. नीरज कुमारी, डीन अकादमिक; डॉ. अर्चना वर्मा, डीन रिसर्च, डॉ.नीरज श्रीवास्तव, अपर चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. मृतुन्जय कुमार विभागाध्यक्ष (बाल रोग विभाग) व डॉ. सुनीता सिंह, विभागाध्यक्ष (बाल शल्य चिकित्सा विभाग) की विशेष उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

ग्राम पंचायत अधिकारियों ने समस्याओं को लेकर सीडीओ को सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। ग्राम पंचायत अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति, जनपद शाखा सुलतानपुर ने शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी शासन की योजनाओं को गांव स्तर पर सफलतापूर्वक लागू करने में पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन कई प्रशासनिक और तकनीकी परेशानियों के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में प्रत्येक माह उच्च अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई। समिति ने कहा कि समय पर समस्याओं का निस्तारण नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। पदाधिकारियों ने जीएसटी, सीएसटी और आयकर कटौती से संबंधित स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि ग्राम पंचायतों को अभी तक जीएसटी लॉगिन आईडी और पासवर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिससे वित्तीय कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। समिति ने मनरेगा योजना में लक्ष्य आधारित दबाव बनाए जाने पर भी चिंता जताई और इसे मांग आधारित योजना के अनुरूप संचालित करने की मांग की। साथ ही व्हाट्सएप एवं डिजिटल माध्यमों से जारी आदेशों पर तत्काल जवाब न दे पाने पर कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। समाचार पत्रों में प्रकाशित शिकायतों पर केवल सचिवों को दोषी ठहराकर कार्रवाई किए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई ज्ञापन पर उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तिवारी, मंत्री प्रेमलाल यादव, ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह तथा मंत्री कृपाशंकर शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराने वाली महिला आरक्षी की गवाही 26 को

सुलतानपुर। इंस्पेक्टर नीशू तोमर के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराने वाली महिला आरक्षी शुक्रवार को कोर्ट में गवाही देने नहीं आई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने महिला आरक्षी को गवाही के लिए 26 मई को तलब किया है। महिला आरक्षी ने 14 जुलाई 2022 को कोतवाली नगर में इंस्पेक्टर नीशू तोमर के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप है कि हलियापुर थाने में तैनात रहने के दौरान उसके साथ इंस्पेक्टर नीशू तोमर ने दुष्कर्म किया था।

चलते ट्रक में लगी आग, मची अफरा-तफरी

मथुरा। जैंत थाना क्षेत्र स्थित एनएच-19 पर शुक्रवार तड़के एक चलते ट्रक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते ट्रक आग का गोला बन गया और हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही जैंत पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर आग पर काबू पाया जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब चार बजे दिल्ली-मथुरा रोड पर तरंग के सामने दिल्ली से नागपुर जा रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक में पुरानी कबाड़ बैटरियां भरी हुई थीं। आग लगते ही चालक ने किसी तरह ट्रक रोककर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने ट्रक के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया घटना की सूचना मिलते ही जैंत पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को मौके पर बुलाया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक का आधे से अधिक हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था आग लगने के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर वाहनों का आवागमन बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में आग बुझने और ट्रक हटाए जाने के बाद यातायात को सुचारू कराया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

युवती के अश्लील फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

मथुरा। जनपद की साइबर क्राइम पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती के अश्लील फोटो वायरल करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है। गौरतलब हो कि 5 मई 2026 को एक पीड़ित पिता ने थाना साइबर क्राइम में तहरीर दी थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुलदीप नामक युवक ने उनकी पुत्री के अश्लील फोटो को अलग-अलग नामों से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वायरल किया है।

शौचालय में ताला बंद मिलने से डीआरएम नाराज

बछरावां, रायबरेली। बछरावां रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम का पारा उस समय चढ़ गया जब उन्हें नवनिर्मित शौचालय में ताला बंद मिला काफी देर तक ताला न खुलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके साथ ही उन्होंने नवनिर्मित टिकट विंडो को देखा वहां पर टिकट बनाने के लिए बनाए गए काउंटर की ऊंचाई व चैड़ाई देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि टिकट काउंटर की ऊंचाई वह चैड़ाई को कम करके पी आर एस यहां पर शिफ्ट किया जाए। उन्होंने अधूरे पड़े कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

लखनऊ मंडल के रेलवे के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा को बछरावां रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान जब नवनिर्मित शौचालय का ताला बंद मिला तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर था। काफी देर तक ताला न खुलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। इसके साथ ही नवनिर्मित टिकट विंडों को उन्होंने देखा वहां पर कई प्रकार की खामियां उन्हें मिली। टिकट काउंटर की ऊंचाई व चौड़ाई देखकर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कैसे बनाया गया है टिकट लेने के लिए यात्रियों व दिव्यांगों को ऐसे में तो बहुत दिक्कत होगी साथ में चल रहे अन्य अधिकारियों ने उन्हें समझाने का भी प्रयास किया परंतु उन्होंने कहा कि इसकी ऊंचाई कम करके यात्रियों तथा टिकट बनाने वाले कर्मचारियों की सुविधा को देखते हुए और बेहतर ढंग से बनाया जाए। टिकट विंडो पर लाइटों के लगाए जाने वाले बॉक्स खाली दिखने तथा पंखा व एसी न लगाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में यह कार्य हो जाना चाहिए। डीआरएम श्री वर्मा जब नवनिर्मित शौचालय को देखने पहुंचे तो वहां पर ताला बंद मिला काफी देर तक ताला नहीं खुला। शौचालय के अंदर फावड़ा ,तसला तथा अन्य सामग्री भरी होने पर संबंधित लोगों को उन्होंने फटकार लगाई । उन्होंने कहा कि इसको जल्दी दुरुस्त करिए। रेलवे स्टेशन पर अधूरे पड़े कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इसका लोकार्पण होगा। इस मौके पर स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार बाजपेई, आरपीएफ चैकी इंचार्ज सीबी राय, तथा आरक्षण सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार ,अवनीश पांडे, संजय यादव एवं स्टेशन मास्टर प्रियंका सहित रेलवे के कर्मचारी मौजूद रहे ।

हरचंदपुर में लगा मेगा विद्युत कैंप, उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर हुआ निस्तारण

रायबरेली। रायबरेली जोन के अंतर्गत विद्युत वितरण खण्ड त्रिपुला से संबंधित उपखण्ड हरचंदपुर पर मेगा विद्युत कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप में उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। बिल संशोधन, नए विद्युत संयोजन, स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों का समाधान और बकाया बिल जमा कराने की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई। जनहित में आयोजित इस मेगा कैंप का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर, पारदर्शी और त्वरित विद्युत सेवाएं देना था। बड़ी संख्या में उपभोक्ता कैंप में पहुंचे और अपनी समस्याओं का मौके पर समाधान पाकर राहत महसूस की। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऐसे शिविरों का लाभ उठाएं और समय पर अपनी शिकायतों का निस्तारण कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कैंप में उपखंड अधिकारी अखिलेश कुमार यादव, प्रधान लिपिक विष्णु कुमार, रिंकी यादव, टीजी टू संदीप कुमार, राम मिलन यादव, रामजस सिंह, बलराम सिंह, रज्जन यादव, राम शंकर यादव उपस्थित थे।

डीएम ने कर-करेत्तर, राजस्व वसूली और आईजीआरएस की प्रगति की समीक्षा की

जिला संवाददाता

देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर, राजस्व वसूली, राजस्व वादों के निस्तारण, आईजीआरएस तथा सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली एवं राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी ने कर एवं करेत्तर वसूली की विभागवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी संबंधित अधिकारी नियमित अनुश्रवण करते हुए वसूली कार्य में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने राजस्व न्यायालयों से जुड़े पीठासीन अधिकारियों को न्यायालयों के कार्य दिवस बढ़ाने तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से धारा 24 एवं 116 से संबंधित पुराने वादों के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वादों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा फरियादियों को समय से न्याय उपलब्ध कराया जाए।बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न की जाए, बल्कि मौके पर जांच कर वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसकी संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए तथा फीडबैक का सही तरीके से अंकन किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस एवं सीएम डैशबोर्ड शासन की प्राथमिकता वाले विषय हैं, इसलिए इसमें लापरवाही कतई स्वीकार नहीं की जाएगी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि जनपद की रैंकिंग एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली में और सुधार लाया जा सके।

डीएम ने की अभियोजन एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा

देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की कानून-व्यवस्था की स्थिति, लंबित अभियोजन प्रकरणों तथा न्यायालयों में चल रहे मामलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अभियोजन मामलों की समीक्षा करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों से कहा कि गंभीर एवं संवेदनशील मामलों में नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जा जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि न्यायालयों में लंबित मामलों में साक्ष्यों एवं गवाहों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए, जिससे मामलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने पुलिस एवं अभियोजन विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया।बैठक में महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट एवं अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए तथा ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखें। साथ ही जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए जनसामान्य में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

कुशीनगर जिले में एक सप्ताह बाद फिर दिखा तेंदुआ, फैली दहशत

कुशीनगर। जिले के एक गांव में तेंदुए के दिखाई देने से दहशत फैल गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।स्थानीय लोगों के अनुसार, बुधवार रात करीब 10 बजे आबादी के पास एक खेत में तेंदुआ चहलकदमी करता नजर आया और कुछ लोगों ने उसका वीडियो भी बनाया। तेंदुआ भेड़ों के झुंड तक पहुंच गया था लेकिन शोर मचाने पर वह जंगल की ओर भाग गया। सूचना पर पडरौना रेंजर अशोक यादव, डिप्टी रेंजर अमित कुमार तिवारी और वनकर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। आधी रात तक आसपास के खेतों और बगानों में गश्त की गई लेकिन तेंदुए का सुराग नहीं मिला।रेंजर ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात में अकेले बाहर न निकलने की अपील की। विभाग की टीम इलाके में निगरानी कर रही है।एक सप्ताह पहले माघी कोठिलवा गांव में तेंदुए ने हमला कर दो महिलाओं समेत पांच लोगों को घायल कर दिया था हालांकि दूसरे दिन उसे पकड़ लिया गया था।

शिव मंदिर पोखरे से निकला 15 किलो का विशाल कछुआ, श्रद्धा से उमड़ी भीड़

कसया, कुशीनगर। नगर स्थित प्राचीन श्रीनाथ शिव मंदिर परिसर के पोखरे से शुक्रवार को करीब 15 किलो वजन का एक विशाल कछुआ निकलने से इलाके में कौतूहल का माहौल बन गया। कछुए के बाहर आते ही लोगों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुट गई और लोग इसे देखने के लिए पहुंचने लगे। सुबह सुबह कछुआ को देख लोगों ने शुभ माना और अपने को धन्य कहा। लोगों के अनुसार यह कछुआ काफी पुराना और दुर्लभ प्रजाति का बताया जा रहा है। मंदिर के महंत त्रिलोकी बाबा ने कछुए को सुरक्षित रूप से मंदिर परिसर में रखवाया है। उनका कहना है कि वन्यजीव संरक्षण के दृष्टिकोण से इसे वन विभाग को सौंपना उचित होगा, ताकि इसकी देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।हालांकि कुछ ग्रामीण कछुए को अपने घर ले जाने की इच्छा जता रहे हैं। इसको लेकर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। त्रिलोकी बाबा ने स्पष्ट किया कि कछुए को किसी व्यक्ति को नहीं दिया जाएगा और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर उनके सुपुर्द किया जाएगा। मंदिर पोखरे से निकले इस विशाल कछुए को लेकर कई लोग इसे शुभ संकेत मान रहे हैं। फिलहाल कछुआ मंदिर परिसर में सुरक्षित रखा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी शिव मंदिर पोखरे में कई विशाल कछुआ हैं। जिनके संरक्षण की आवश्यकता है।

महिला का शव पंखे से लटका मिला

कुशीनगर। जिले में 30 वर्षीय एक महिला का शव उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना तमकुहीराज थाना क्षेत्र के शिव सरेया बुजुर्ग गांव में हुई।महिला की पहचान अंजलि शर्मा के रूप में हुई है, जो बृहस्पतिवार रात को घर का काम खत्म करने के बाद अपने बच्चों के साथ सोने गई थी।पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह अंजलि के बच्चों ने शव को पंखे से लटका हुआ देखा और शोर मचाया। महिला के भतीजे ने हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा और पुलिस व फोरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य जुटाए हैं। पति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टीट्यूट भठहीं खुर्द में लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर विकास खण्ड के भठही खुर्द स्थित एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर भव्य लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग की छात्र-छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा, मानवता, अनुशासन और समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। समारोह में सेवा और संवेदना के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। उप्र पिछड़ा राज्य आयोग के सदस्य एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फूलबदन कुशवाहा ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती हैं। मरीजों की सेवा करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने कहा कि एक कुशल नर्स अपने व्यवहार और सेवा भावना से मरीजों को मानसिक संबल भी प्रदान करती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से ईमानदारी, धैर्य और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने कहा कि नर्सिंग केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का सबसे श्रेष्ठ क्षेत्र है। वहीं कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन सुभाष प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष निर्मला त्रिपाठी तथा प्राचार्य धर्म सिंह माली ने भी संबोधित किया और छात्र- छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के निदेशक उद्धव त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार और सेवा भावना प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में समाज और देश की बेहतर सेवा कर सकें। इस अवसर पर आलोक चतुर्वेदी, मनफूल निषाद, मनोज कुमार यादव, नागेंद्र सिंह, कुसुम यादव, लक्ष्मी मद्धेशिया, सलोनी पाण्डेय, अनिता सिंह, पूनम चौरसिया, नेहा तिवारी, सुधा सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने की प्रोबेशन एवं महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोबेशन एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी इकाइयों की समेकित समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों को समयबद्ध ढंग से प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसे मामलों में प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं बाल श्रम पर नियंत्रण हेतु कठोर कदम उठाए जाएं।उन्होंने जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में व्यवहार परिवर्तन लाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएं, वहां उसके प्रभाव एवं लोगों के व्यवहार में आए परिवर्तन का भी मूल्यांकन किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए महिला एवं बाल अपराधों में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास करें उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि किसी भी निर्माण कार्य को सीधे न कराकर पीडब्ल्यूडी अथवा आरएलडी के माध्यम से कराया जाए। साथ ही बजट की उपलब्धता एवं व्यय का विवरण उपलब्ध कराएं जिलाधिकारी ने कन्या जन्मोत्सव, सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभाग की सभी योजनाओं में बेहतर प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, राजकीय बाल गृह (बालक), जिला प्रोबेशन कार्यालय, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना, बाल सेवा योजना कोविड से आच्छादित है।

जया शुक्ला ने रचा इतिहास, सीबीएसई इण्टरमीडिएट में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर क्षेत्र के ग्राम भठही बुजुर्ग की प्रतिभाशाली बेटी जया शुक्ला ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रतिभा के बल पर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। जया ने सीबीएसई इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए अपने विद्यालय सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल लखनऊ में टॉप कर परिवार, गांव और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। जया शुक्ला, अपर जिला जज बाराबंकी ज्ञान प्रकाश शुक्ल की सुपुत्री हैं। उन्होंने पहले भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए हाईस्कूल की परीक्षा में 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। वहीं अब इंटरमीडिएट की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जया की इस उपलब्धि की खबर मिलते ही पूरे गांव में खुशी का माहौल बन गया। परिवारजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। परिजनो बाबा राम छबीला शुक्ल, बड़े पापा ई.सत्य प्रकाश शुक्ल, संयुक्त निदेशक हरि प्रकाश शुक्ल, मेजर गौरव शुक्ल, नथुनी शुक्ला, ई.वंशीधर शुक्ल, अरुण शुक्ल, ई.अनूप शुक्ल, पूर्व ग्राम प्रधान प्रमोद शुक्ल, ग्राम प्रधान मनोज पाण्डेय, समाजसेवी पं.अजय शुक्ला, नित्यानंद शुक्ल, द लर्निंग वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर ब्रजभूषण शुक्ल, रजनीश शुक्ला, राहुल विश्वकर्मा एवं कमलेश प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोगों ने जया की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

ग्रामीणों का कहना है कि जया शुक्ला की यह सफलता साबित करती है कि गांव की बेटियां भी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं। जया आज क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं और उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने का संदेश देती है।

स्थायीकरण को लेकर गरजे शिक्षक विधायक, संघर्ष ही विकल्प

जिला संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की कुशीनगर इकाई के तत्वावधान में पडरौना नगर के हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सम्मान तथा नवनियुक्त प्रधानाचार्यों के अभिनंदन का भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तदर्थ प्रधानाचार्यों के स्थायीकरण का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा और वक्ताओं ने सरकार के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार पर तदर्थ प्रधानाचार्यों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से प्रधानाचार्य पद का दायित्व निभा रहे शिक्षकों को आज भी स्थायीकरण के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अनेक प्रधानाचार्य सेवानिवृत्ति की दहलीज पर पहुंच चुके हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो ह्लसड़क से लेकर सदन तक संघर्षह्व

- सड़क से सदन तक होगा संघर्ष, जून में लखनऊ कूच का आह्वान

किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. मणिशंकर तिवारी ने समस्त प्रधानाचार्यों से जून माह में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब निर्णायक लड़ाई का समय आ गया है और राजधानी से ही आंदोलन का शंखनाद होगा, जिससे स्थायीकरण का रास्ता प्रशस्त किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय संरक्षक डॉ. टी.पी. सिंह ने कहा कि परिषद ने हमेशा संघर्ष के बल पर उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्हें विश्वास है कि सरकार अंततः प्रधानाचार्यों की पीड़ा को समझेगी और न्यायपूर्ण निर्णय लेने को बाध्य होगी। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान हनुमान के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिला अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्यों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और संघर्ष के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।स्वागताध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने कहा कि जब-जब अधिकारों पर संकट आया है, संघर्ष ही समाधान का अस्त्र बना है। उन्होंने संगठन के निदेर्शानुसार आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए तैयार रहने की अपील की। संरक्षक डॉ. गोरख राय ने आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक मनोज शर्मा सारस्वत ने कहा कि प्रबंधक वर्ग भी परिषद के संघर्ष में पूरी मजबूती से साथ खड़ा रहेगा।समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार पांडेय को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा नवनियुक्त प्रधानाचार्य सुनील कुमार मिश्रा, अनिल सिंह, विष्णु प्रसाद शिवम एवं कुलदीपक सिंह सहित लगभग 20 सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व महामंत्री डॉ. रविंद्र त्रिपाठी, डॉ. विजय राय, राजीव मल्ल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, प शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

श्रम कार्ड नवीनीकरण न कराने पर योजनाओं का लाभ होगा बंद : सहायक श्रम आयुक्त

देवरिया। सहायक श्रम आयुक्त स्कन्द कुमार ने बताया है कि ऐसे श्रमिक, जिन्होंने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत अपना पंजीयन तो करा लिया है, लेकिन अभी तक अपने श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है, वे बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा श्रमिकों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिक की पुत्री की घर पर विवाह होने पर ?65,000 की एकमुश्त सहायता दी जाती है। इसी प्रकार मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत ?26 हजार से ?84 हजार तक की सहायता प्रदान की जाती है।निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के तहत ?2लाख,25 हजार से ?5 लाख,25 हजार तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। वहीं संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों को विद्यालय आने-जाने हेतु साइकिल क्रय के लिए ?4 हजार ,500 की सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

इसके अतिरिक्त श्रमिकों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मण्डल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जहाँ पंजीकृत श्रमिकों के दो बच्चों तक को कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण एवं स्मार्ट क्लास आधारित आधुनिक शिक्षा प्रदान की जाती है।

सहायक श्रम आयुक्त ने अपील की है कि सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपने निकटतम सहज जन सेवा केंद्र (उरउ) के माध्यम से अपने श्रमिक कार्ड का अनिवार्य रूप से नवीनीकरण कराएं, ताकि वे सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही जो श्रमिक अभी तक पंजीकृत नहीं हैं, वे भी उरउ के माध्यम से पंजीयन अवश्य कराएं। पंजीयन

जिले को मिली तीन और ट्रूनट मशीन

देवरिया। जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी मेडिकल कॉलेज में चार-चार मॉड्यूल की दो टीबी ट्रूनट मशीनें और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पथरदेवा में मशीन का शुभारम्भ किया गया। मेडिकल कॉलेज में सीएमओ डॉ अनिल गुप्ता व मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या रजनी पटेल ने फीता काटकर किया। यह व्यवस्था जनपद में टीबी रोगियों की त्वरित और सटीक जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थापित की गई है। इन तीन ट्रूनट मशीनों के लगने से अब जिले में 24 ट्रूनट मशीने हो गईं हैं। मेडिकल कालेज में ट्रूनट मशीन का शुभारम्भ करते हुए सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि यह मशीन टीबी के संभावित मरीज के जांच के लिए प्रयोग की जाएगी।ट्रूनेट मशीन जिले के 18 स्वास्थ्य संस्थानों में लगाई गई है। जिनमें मेडिकल कॉलेज सहित सीएचसी गौरीबाजार, सीएचसी रुद्रपुर, पीएचसी महेन, सीएचसी बरहज, पीएचसी भलुअनी, सीएचसी परसिया चंदौर, सीएचसी लार, पीएचसी भाटपाररानी, पीएचसी बनकटा, सीएचसी भटनी, सीएचसी सलेमपुर, पीएचसी मझगंवा, पीएचसी रामपुरकारखाना, सीएचसी पथरदेवा, सीएचसी तरकुलवा, सीएचसी पिपरादौलाकदम, पीएचसी बैतालपुर शामिल हैं। जहां ट्रूनट मशीने लगाई गईं हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने कहा कि टीबी (ट्यूबरक्लोसिस) एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु के कारण होती है। यह जीवाणु हवा के माध्यम से फैलता है और आमतौर पर फेफड़ों को संक्रमित करता है, लेकिन शरीर के अन्य भागों को भी संक्रमित कर सकता है। टीबी के जीवाणु जब किसी व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं, तो वे फेफड़ों में संक्रमण पैदा करते हैं। टीबी के लक्षणों में खांसी, बलगम, बुखार, थकान, वजन कम होना और रात में पसीना आना है। इसका निदान आमतौर पर छाती के एक्स-रे और बलगम की जांच के माध्यम से किया जाता है, लेकिन इस मशीन के आने से लक्षण की पुष्टि जल्द हो जाएगी और उपचार भी समय पर हो जाएगा।

कार्यक्रम में सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, डीपीसी देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे

कागजों पर उगा 39 लाख पौधों का जंगल

कुशीनगर। जनपद में वृक्षारोपण महाभियान-2025, सरकारी उपलब्धि कम और गंभीर सवालों का विषय ज्यादा बन गया है। करोड़ों रुपये खर्च कर जनपदवासियों को ह्लहरियालीह्व का जो सपना सरकारी फाइलों में दिखाया गया है, उसकी जमीनी हकीकत बिल्कुल इतर है जिसकी पोल खुद सरकारी बैठकों में खुलने लगी है। ऐसे मे विभाग और जिले के डीएफओ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वभाविक हैं।बतादे कि बीते दिनो सरकारी समीक्षा बैठक में दावा किया गया कि 9 जुलाई 2025 को जनपद में एक ही दिन में 39 लाख 72 हजार 500 पौधरोपण किए गए। इनमें से वन विभाग द्वारा अकेले 10 लाख 49 हजार 600 पौधे लगाने की बात कही गई, जबकि अन्य 23 विभागों ने मिलकर 29 लाख 22 हजार 900 पौधों का रोपण किया।इतना विशाल आंकड़ा सुनने में किसी रिकॉर्ड से कम नहीं लगता, लेकिन अब यही आंकड़ा विभागीय दावों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर रहा है। क्योंकि जिस अभियान को ह्लऐतिहासिकह्व बताया जा रहा है, उसी अभियान की जियो टैगिंग तक पूरी नहीं हो सकी है।बैठक में साफ तौर पर सामने आया कि राजस्व विभाग पौधों की जियो टैगिंग का कार्य अब तक पूरा नहीं कर पाया है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी को खुद निर्देश देना पड़ा कि 18 मई 2026 तक जियो टैगिंग शत-प्रतिशत पूरी कराई जाए। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब पौधों की लोकेशन तक तय नहीं है, तो उनकी जीविता का दावा किस आधार पर किया जा रहा है?

- डीएफओ के महाभियान पर उठे सबसे बड़े सवाल

डीएफओ के दावों पर उठ रहे सवाल

बेशक ! पूरा वृक्षारोपण अभियान वन विभाग की अगुवाई में चला। ऐसे में इसकी जवाबदेही सीधे डीएफओ पर आकर टिकती है। सवाल यह है कि क्या इतने बड़े स्तर पर लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी हुई? क्या पौधों की सुरक्षा के लिए कोई स्थायी व्यवस्था बनाई गई? कितने पौधे आज भी जीवित हैं?कितने पौधे सिर्फ फाइलों और पोर्टल पर जिंदा हैं?सूत्रों की मानें तो कई स्थानों पर पौधारोपण सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया। बरसात में गड्ढे खोदे गए, पौधे लगाए गए, फोटो खिंची गयी और फाइल बंद हो गई। कुछ दिनों बाद अधिकांश पौधे सूख गए, लेकिन सरकारी आंकड़ों में ह्लहरियालीह्व लगातार बढ़ती रही।

हरियाली शो बन गया पौधरोपण अभियान

जनपद में हर साल पौधारोपण अभियान को बड़े आयोजन की तरह पेश किया जाता है। मंत्री, अधिकारी, जनप्रतिनिधि फोटो खिंचवाते हैं, सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली जाती हैं और प्रेस नोट जारी होते हैं। लेकिन कुछ महीने बाद उन्हीं स्थानों पर सूखे पौधे, खाली ट्री गार्ड और उजड़ी जमीन दिखाई देती है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पौधों की देखरेख के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति और वजट खर्च होती है। कई जगह तो रोपित पौधों का नामोनिशान तक नहीं बचा। इसके बावजूद विभागीय रिपोर्टों में उन्हें ह्लसुरक्षित और जीवितह्व बताया जाता रहा है।

अभियान की पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक

जानकार बताते है कि जियो टैगिंग किसी भी पौधारोपण अभियान की सबसे अहम प्रक्रिया मानी जाती है। इसी से यह साबित होता है कि पौधा वास्तव में कहां लगाया गया और उसकी स्थिति क्या है। लेकिन जब खुद सरकारी बैठक में यह सामने आ गया कि जियो टैगिंग अधूरी है, तो पूरे अभियान की पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

करोड़ों खर्च, जवाबदेही शून्य

वृक्षारोपण अभियान में हर साल करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। पौधों की खरीद, गड्ढों की खुदाई, मजदूरी, सिंचाई, सुरक्षा, जियो टैगिंग और निगरानी हर स्तर पर बजट जारी होता है। लेकिन अगर इतने बड़े अभियान के बाद भी पौधों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं है, तो यह सीधे-सीधे प्रशासनिक विफलता मानी जाएगी। सबसे गंभीर सवाल यह है कि क्या कभी किसी अधिकारी ने यह जांचने की कोशिश की कि जिन पौधों का रिकॉर्ड दर्ज या फिर पोर्टल पर अपलोड है, वह वास्तव में जमीन पर मौजूद भी हैं या नहीं?

आम लोगो पर सख्ती, बड़े खेल पर चुप्पी

वन विभाग की कार्यशैली को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई गरीब व्यक्ति सूखी लकड़ी काट ले तो विभाग तुरंत कार्रवाई करता है, लेकिन लाखों पौधों के गायब होने और वन भूमि पर कब्जों के मामलों में विभाग की सक्रियता सूरदास की बन जाती है।

पौध रोपण की निष्पक्ष जांच

अब तक पाच वर्षो मे हुए पौधरोपण की बात को दरकिनार कर वृक्षारोपण महाभियान-2025 के आंकड़े पर ही नजर दौडायें तो खुद वन विभाग सवालो के घेरे मे है।सबब यह है कि जनपद में लगाए गए सभी पौधों का भौतिक सत्यापन कराया जाए।

भाकियू ने मनायी किसान महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती

देवरिया । भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी की 15 हवी पुण्यतिथि भुजौली कालोनी स

निर्यात बढ़ायें

देश की करेंसी लगातार गिर रही है। डॉलर दिन प्रति दिन मजबूत हो रहा है और इस कारण देश की आर्थिक स्थिरता, महंगाई पर नियंत्रण और फॉरेक्स रिजर्व बनाये रखना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए देश को बड़े पैमाने पर पेट्रोलियम, फर्टिलाइजर, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, गोल्ड आदि आयात किया जाता है। इससे विदेशी मुद्रा बाहर चली जाती है। इसी तरह इस समय अमरीकी बाजार ज्यादा आकर्षक हैं और इस कारण एफआईआई भारत के पूंजी बाजार से अपना निवेश निकाल रहे हैं। इस कारण भी डॉलर देश से बाहर जा रहा है। ऐसे में भारत के सामने अभूतपूर्व संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए भारत को अपना आयात सीमित करना होगा, एफआईआई को बाहर जाने से रोकना होगा और निर्यात बढ़ाना होगा ताकि देश में फॉरेक्स की आगत बढ़े, विदेशी मुद्रा की आय बढ़े। इससे रुपये में स्थिरता आयेगी, महंगाई रोकने में मदद मिलेगी और देश का आर्थिक विकास भी सामान्य गति से आगे बढ़ता रहेगा। दरअसल भारत सरकार के समक्ष निर्यात के मोर्चे पर पहले से ही बेशुमार चुनौतियां थीं। निर्यात व्यापार बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। वैश्विक चुनौतियां, जियो-इकोनॉमिक्स और आर्थिक मंदी के बीच निर्यात बढ़ाना पहले ही बहुत कठिन था लेकिन अमेरिका में ट्रंप की वापसी और उनके मागा अर्थात मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और अमेरिका फर्स्ट की नीति ने विश्व व्यापार में एक अघोषित युद्ध का आगाज कर दिया। इससे वैश्विक व्यापार अस्त-व्यस्त हो गया। इससे भारत के निर्यात पर भी बहुत ही विपरीत असर पड़ा है। हालांकि सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियां और योजनाएं प्रस्तावित की हैं जिनके जरिए भारत सरकार निर्यात व्यापार को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निर्यात

बढ़ाने और वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाना चाहती है। बजट में 2,250 करोड़ रुपये का आवंटन करते हुए निर्यात संवर्द्धन मिशन के शुरूआत की घोषणा की। इसका मकसद ऐसे समय में भारत के निर्यात की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है जब वैश्विक स्तर पर संरक्षणवाद और अनिश्चितता बढ़ रही है। मिशन के तहत वाणिज्य विभाग, सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) के साथ वित्त मंत्रालय विभिन्न सेक्टरों के लिए निर्यात लक्ष्य तय करेंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन करने के उपाय भी किए जाएंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन देने के कदम ऐसे समय में उठाए जा रहे हैं, जब भारत के निर्यातक यूरोपीय संघ (ईयू) की जलवायु परिवर्तन से जुड़ी गैर शुल्क उपायों को लागू करने से प्रभावित हुए हैं। इन उपायों में कार्बन बॉर्डर अडजस्टमेंट मैकेनिज्म और ईयू डीफॉरेस्टेशन रेगुलेशन शामिल हैं। 2025-26 के बजट में सीतारमण ने कहा, हम निर्यात संवर्द्धन मिशन स्थापित करेंगे। इसमें मंत्रालय और सेक्टर के स्तर पर लक्ष्य तय होंगे। इसका संचालन वाणिज्य, एमएसएमई और वित्त मंत्रालय मिल जुलकर करेंगे। यह निर्यात ऋण तक आसान पहुंच, सीमा पार से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के साथ विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से एमएसएमई को निपटने में मदद करेगा। दिलचस्प है कि वाणिज्य विभाग और निर्यातकों के अनुरोध के बावजूद वित्त मंत्रालय ने निर्यातकों के लिए इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम की अवधि नहीं बढ़ाई है, जिसका लक्ष्य खासकर एमएसएमई को लाभ पहुंचाना था। मार्केट एक्सेस इनीशिएटिव योजना का आवंटन भी खत्म कर दिया गया है। निर्यात संवर्द्धन और प्रोत्साहन के लिए बजटीय प्रयास आवश्यक है लेकिन वैश्विक स्तर पर उभरती नयी चुनौतियों के बीच भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नियोजित प्रयास करने होगें जिसमें सुलभ और सस्ता कर्ज, स्किल्ड लेबर और कैपिटल इन्सेन्टिव जैसे इनिशिएटिव शामिल होने चाहिए।

दुनिया के बदलते भू-राजनीतिक समीकरण

लोकमित्र

इस समय (15 मई को सुबह 11:30 बजे) जब मैं ये पंक्तियां लिख रहा हूं। पूरी दुनिया की निगाहें नई दिल्ली और बीजिंग पर लगी हैं। क्योंकि दोनो ही राजधानियों में इस समय दुनिया के नये भू-राजनीतिक समीकरण बन रहे हैं। बीजिंग में अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शायद अब तक के पहले ऐसे अमरीकी राष्ट्रपति हैं, जो चीन के सामने दबे-दबे से नजर आ रहे हैं। हालांकि जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वाभाव है, वो ऐलान कर रहे हैं कि ईरान के होर्मुज संकट पर चीन मदद करने के लिए तैयार है। लेकिन यह अधूरी जानकारी है, सही बात तो यह है कि चीन ने न केवल यह कहा है कि वह होर्मुज में अपनी सेना नहीं भेजगा, जैसा कि ट्रंप चाहते थे। पर हां, उसने यह जरूर कहा है कि वह चाहेगा कि होर्मुज संकट खत्म हो और चीन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह ईरान की सम्प्रभुता का सम्मान करता है। बात साफ सी है कि चीन बिना अपनी सेना भेजे मध्यस्थ बनने के लिए तैयार है। लेकिन इससे बड़ी बात शायद ये है कि शी जिनपिंग ने डोनाल्ड ट्रंप से औपचारिक बातचीत के दौरान साफ-साफ कहा दिया है कि ताइवान का कोई भी जिक्र चीन और अमरीका के संबंधों के लिए बेहतर नहीं होगा।

दूसरी तरफ नई दिल्ली में भी ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक चल रही है। हालांकि चीन इसमें भाग नहीं ले रहा, लेकिन रूस, ईरान और बाकी देशों की मजबूत उपस्थिति के बीच जिस तरह से रूसी विदेश मंत्री लावरोव और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने दुनिया के मौजूदा संकट के लिए अमरीका को जिम्मेदार ठहराया है। ईरानी विदेश मंत्री ने तो साफ-साफ शब्दों में कहा है कि ब्रिक्स देशों को अमरीका और इजरायल की आलोचना करना चाहिए, जिस तरह से उसने एक ब्रिक्स सदस्य पर अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए हमला किया और रूसी विदेश मंत्री ने अमरीका का बिना नाम लिए कहा कि दुनिया नियम-कानूनों से ही चल सकती है। कुल मिलाकर भारत और चीन दोनो की राजधानियों में इस समय पूरी दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि अगले कुछ घंटों में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों के बैठक पर साझा वक्तव्य जारी होगा और इन पंक्तियों के छपकर

> अमरीका एक तरफ भारत को अपनी हिंद प्रशांत रणनीति का प्रमुख साझेदार मानता है, दूसरी तरफ पाकिस्तान को ईरान-अमरीका समझौते के लिए मंच बनाकर हम पर तंज करने की कोशिश कर रहा है। हाल के सालों में जिस तरह से पूरी दुनिया के आतंकवाद के तार पाकिस्तान से जुड़ते रहे हैं, उसके बावजूद उसको एक कूटनीतिक मध्यस्थ देश का दर्जा देकर अमरीका पूरी दुनिया के लिए भ्रम पैदा कर रहा है।

पाठकों के सामने पहुंचने के पहले डोनाल्ड ट्रंप अमरीका के लिए रवाना हो चुके होंगे। मगर अगले कुछ घंटे दुनिया की भू-राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक हैं। जिस तरह होर्मुज संकट के कारण दुनिया के 50 से ज्यादा देशों की अर्थव्यवस्थाएं संकट से घिर गई हैं और भारत में तो लगभग एनर्जी इमरजेंसी के हालात पैदा हो रहे हैं, उस सबके बीच यह तो देखना ही होगा कि महज किसी ताकत के इगो के कारण क्या दुनिया को दांव पर लगाया जा सकता है? हमसे भले इस युद्ध के गोलाबारूद दूर हों, लेकिन इस युद्ध के कारण जो हालात पैदा हुए है, उससे लगता है कि अब हम सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 90 प्रतिशत तेल, गैस और खाद आयात करता है और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने के कारण हमारी 50 फीसदी से ज्यादा सप्लायी रूक गई है। एक बड़ा संकट यह भी है कि भारत एक साल पहले तक रूस से अपनी कुल तेल जरूरतों का करीब 44 फीसदी आयात करता था, लेकिन अब अमेरिका के दबाव के कारण हमारा आयात घटकर 20 फीसदी के आसपास पहुंच गया है और हालांकि सरकार कह रही है 67 दिनों का रिजर्व हमारे पास है, लेकिन जिस तरह से गैस की किल्लत है और तेल की खपत कम करने के लिए प्रधानमंत्री ने खुद आह्वान किया है, उससे साफ है कि संकट जितना दिख रहा है, उससे कहीं गहरा है। ऐसे में एक बात बिल्कुल स्पष्ट हो गई है कि भारत को अब भू-

दिल्ली में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों का सम्मेलन

राजनीति में निर्णायक संतुलन साधना ही होगा। ब्रिक्स समूह में इस समय ब्राजील, रूस, ईरान और दक्षिण अफ्रीका, भारत की तरफ ही निर्णायक फैसले के लिए देख रहे हैं। क्योंकि जिस तरह का आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, उससे लगता है कि धीरे-धीरे यह राजनीतिक संकट की तरफ बढ़ रहा है। अगर भारत कोई निर्णायक कदम नहीं उठाता और हमारी ऊर्जा जरूरतें जबर्दस्त ढंग से प्रभावित होती हैं, तो पहले ही हम दो महीनों में दुनिया की चैथी से छठवीं अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और अगर और देरी की, तो एक डॉलर 100 रुपये के पार चला जायेगा। पिछले एक दशक में हमारी जो वैश्विक आवाज मजबूत हुई थी, वह भी खो जायेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हाल के सालों में ब्रिक्स संगठन, पश्चिम संस्थाओं के खिलाफ एक वैश्विक दक्षिण की आवाज बनकर उभरा है। ऐसे में अगर रूस और ईरान जो कि दोनो इशारा कर रहे हैं, तो भारत को इनके साथ ऊर्जा सहयोग का दीर्घकालिक समझौता कर ही लेना चाहिए।

अगर हम इस उम्मीद में बैठे रहे कि अमेरिका हमारी मदद करेगा और हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर नहीं पड़ने देगा तो हमारी भूल होगी। अमरीका-भारत से यह तो कह रहा है कि हमसे चाहे जितना तेल चाहो ले लो, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक तो अमरीका तेल भारत तक आते-आते 15 से 16 फीसदी महंगा हो जाता है और फिर जिस दर पर हमें रूस और ईरान तेल देने के लिए तैयार है, अमरीका उस दर पर कभी नहीं देगा। इससे भी बड़ी बात यह है कि हम जरा सी कोशिश से रूस और ईरान दोनो से रुपये में तेल ले सकते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में हमारी विदेशी मुद्रा बचेगी। भले फिलहाल रूस के साथ रूबल रुपी ट्रेड उस स्तर पर न हो, जैसे पहले था। लेकिन भारत मौजूदा दुनिया की ऐसी संतुलकारी ताकत है कि अगर हम चाहें तो रूस कतई रुपये में तेल देने से पूरी तरह से मना नहीं करेगा और अगर हम आधा तेल भी रुपये में ले पाते हैं तो हमारी विदेशी मुद्रा जो दिन दूनी, रात चैगुनी रफ्तार से घट रही है, उस पर रोक लगेगी।

भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। हमारी डिजिटल क्षमता, विशाल बाजार, रणनीतिक स्थिति और लोकतांत्रिक व्यवस्था, हमारे पास एसेट की तरह हमारी यूएसपी हैं। ऐसे में हमें अपनी गिरती हुई सेहत के लिए किसी और की तरफ क्यों देखें? क्यों उम्मीद करें कि कोई आकर हमें संभालेगा? भारत एक ताकत है और हमें अपनी ताकत का प्रदर्शन कम से कम अपने अस्तित्व के लिए तो करना ही चाहिए। अगर हम अमेरिका के भरोसे बैठे रहे, तो गच्चा खा जाएंगे।

अमरीका एक तरफ भारत को अपनी हिंद प्रशांत रणनीति का प्रमुख साझेदार मानता है, दूसरी तरफ पाकिस्तान को ईरान-अमरीका समझौते के लिए मंच की तरह चुनकर हम पर तंज करने की कोशिश कर रहा है। हाल के सालों में जिस तरह से पूरी दुनिया के आतंकवाद के तार पाकिस्तान से जुड़ते रहे हैं, उसके बावजूद उसको एक कूटनीतिक मध्यस्थ देश का दर्जा देकर अमरीका पूरी दुनिया के लिए भ्रम पैदा कर रहा है। ऐसे में हमें बहुत दिन तक अनिर्णय की स्थिति में नहीं रहना चाहिए। जब हम साफ-साफ कहते हैं कि हमारी रणनीति हमारे अपने हितों के मद्देनजर तय होगी, तो हमें अपने ऊर्जा संकट को हल करने के लिए उपलब्ध विकल्पों को क्यों नहीं स्वीकार करना चाहिए? अभी पिछले पखवाडे.ही इस खबर ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा था कि रूस का एलपीजी से भरे एक जहाज को भारत ने बिना खरीदे वापस कर दिया। जाहिर है यह सब अमरीका के दबाव के कारण हुआ। भारत को अब दबाव या लिहाज की विदेश नीति छोड़कर अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को स्पष्ट रूप से सामने लाना ही होगा। तटस्थ रहने से हमारे हित प्रभावित हो रहे हैं।

सोशल मीडिया

विद्या जीवन की ऐसी पूंजी है, जिससे बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, विद्या अज्ञानता के अंधकार से हमको निकालकर सफलता एवं आत्मविश्वास की ओर ले जाती है। पीएम मोदी.

कर्तव्य परायणता

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

अंतर्दृष्टि

विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।
-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।
-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।
-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।
-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।
-रूसो.

जीवन के लिए बचानी होगी जैव विविधता

धरती पर जीवन का सारा ताना-बाना जैव विविधता पर ही टिका हुआ है। लेकिन इंसानी करतूतों से धरती लगातार बदल रही है, इंसान के अलावा इस ग्रह पर सभी जीव घट रहे हैं। इस वजह से भी इंसानी अस्तित्व के सामने दिन पर दिन खतरा बढ़ता जा रहा है। क्योंकि जंगलों में गूंजती पक्षियों की आवाजें, नदियों में तैरती मछलियां, खेतों में परागण करती मधुमक्खियां, औषधीय पौधे, समुद्री जीव और अनगिनत सूक्ष्म जीवाणु मिलकर ही धरती को न सिर्फ जीवित बल्कि संतुलित बनाते हैं। लेकिन इंसान के लालच के कारण आज धरती की यही जैव विविधता जबर्दस्त संकट में है। संयुक्त राष्ट्र और वैज्ञानिक संस्थाओं की लगातार आती चेतावनियां बताती हैं कि दुनिया तेजी से ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है, जहां हजारों प्रजातियां हमेशा के लिए समाप्त हो सकती हैं। इसी भयावहता को संबोधित करने के लिए यानी धरती के इंसानों का जमीर जगाने के लिए हर साल 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।



अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विशेष

याद रखिए, यह दिन कोई औपचारिक आयोजन नहीं है बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य को बचाने की चेतावनी है। इसलिए इस दिन को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि अगर वाकई धरती में जीवों की विविधता न बची, तो इंसान का अस्तित्व भी संभव नहीं रहेगा। धरती में इंसानी सभ्यता तभी तक फल-फूल रही है, जब तक विविध किस्म की वनस्पतियां, अनगिनत किस्म के जीव-जंतु इस धरती पर मौजूद हैं। मनुष्य के जीवन के लिए जैव विविधता कितनी महत्वपूर्ण है, इसका महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि अगर नंगी आंखों से न दिखने वाले सूक्ष्म जीव भी धरती से खत्म हो जाएं तो धरती में इंसानों के बने रहने की कोई संभावना नहीं बचती। वास्तव में यह धरती अकेले किसी जीव या कुछ जीवों के लिए नहीं बनी, यह धरती तभी तक फले-फूलेगी, जब दुनिया में बहुसंख्यक जीव जंतु और वनस्पतियां मौजूद रहेंगी। क्योंकि पृथ्वी की संरचना ही कुछ ऐसी है जिसमें पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता अत्यंत महत्वपूर्ण है और हां, यह भी जान लीजिए कि यह महज पर्यावरण का विषय नहीं है बल्कि भोजन, स्वास्थ्य, जल, जलवायु, अर्थव्यवस्था और समूचे मानव अस्तित्व के हर पहलू से जुड़ा हुआ है।

दुनिया की 80 फीसदी से ज्यादा ग्रामीण आबादी आज भी अपने प्राथमिक स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक औषधियों पर ही निर्भर है और आज भी धरती का तीन चैथाई से ज्यादा कृषि उत्पादन प्राकृतिक ढंग से होने वाले परागण पर ही निर्भर है। इसी तरह समुद्री जैव विविधता न सिर्फ करोड़ों लोगों का सीधे भोजन है बल्कि करोड़ों अन्य लोगों के भोजन का प्रमुख जरिया यानी रोजगार है। पृथ्वी पर इस तरह की अंतर्निर्भरता के बावजूद आधुनिक विकास मॉडल ने कुछ इस तरह का दबाव बनाया है कि सदियों से बनी रहने वाली प्राकृतिक व्यवस्था अब डगमगाने लगी है। जहां तक अपने देश भारत का सवाल है, तो हमारे लिए तो जैव विविधता का महत्व कहीं अधिक है? दुनिया का महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग रखने वाले हम सदियों से दुनिया की लगभग 8 फीसदी जैव विविधता के मालिक रहे हैं। लेकिन हाल के दशकों में हमारे विकास मॉडल में कुछ ऐसे तत्व हावी हुए हैं, जिससे भविष्य में हमारे हिस्से जैव विविधता की इस थाती का बना रहना बहुत मुश्किल हो गया है। हिमालय की पर्वत चोटियों से लेकर पश्चिमी घाट तक और सुंदरवन से लेकर थार के मरुस्थल तक हमारे देश में हजारों प्रकार की वनस्पतियां और जीव-जंतु पाये जाते हैं। यही वजह है कि भारत दुनिया के 17 मेगा-बायोडायवर्स देशों में शामिल है। लेकिन तेजी से बढ़ता शहरीकरण, कंक्रीट के जंगलों का अंधाधुंध खड़ा होना, आंख मूंदकर जंगलों की कटाई तथा प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन ये वो बड़े कारण हैं, जिनके चलते हर गुजरते दिन हमारी जैव विविधता सम्पदा पर संकट के बादल घने होते जा रहे हैं। जिसे एक नहीं अनेक तरीकों से देखा जा रहा है। गौरैय्या जैसी कभी देश में हर जगह दिखने वाली चिड़िया अब शहरों में मुश्किल से दिखती है। भारतीय गिद्धों की संख्या में लगातार और डरावनी कमी होती जा रही है। मधुमक्खियों की संख्या भी लगातार घट रही है, जिससे कृषि उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। इसी तरह समुद्री प्रदूषण के चलते कछुओं और डाल्फिनों की संख्या में भारी कमी हो गई है।

जंगल लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं, इस कारण हाथी और बाघ जैसे वन्यजीवों को लगातार सरकारी प्रयास के बावजूद बचाना मुश्किल होता जा रहा है। खासकर इसलिए भी क्योंकि जंगली जानवरों के प्राकृतिक आवास तथा भोजन व पानी की कमी के कारण न सिर्फ वन्यजीवों के बीच आपस में संघर्ष बढ़ा है बल्कि यह संघर्ष बढ़कर इंसानी बस्तियों तक पहुंच गया है। हाल में जिस तरीके से ग्लोबल वार्मिंग ने कहर ढाया है और मौसम व जलवायु लगातार अनिश्चित हो रहे हैं, अनियमित बारिश, बार-बार पड़ते सूखे, डरावनी बाढ़ और जंगलों में लगती भीषण आग, इन घटनाओं के कारण जंगली जानवरों के प्राकृतिक आवासों को जबर्दस्त नुकसान पहुंचा है। वैज्ञानिक मानते हैं कि अगर इंसान और जानवर जल्दी से जल्दी बदली हुई परिस्थितियों में एडजेस्ट करने के लायक नहीं बनते, तो संकट और ज्यादा गहरायेगा। दरअसल तकनीकी विकास और औद्योगीकरण के इस दौर में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या विकास और प्रकृति साथ-साथ चल सकते हैं? निश्चित रूप से विशेषज्ञों का इस संदर्भ में जवाब 'हां' है। लेकिन जल्द से जल्द अंधाधुंध विकास करने की होड़ ने ऐसी स्थितियां बना दी हैं कि विकास और प्रकृति एक दूसरे के विरुद्ध होकर आमने-सामने खड़े हो गये हैं। क्योंकि हम प्रकृति की इजाजत के मुताबिक विकास नहीं कर रहे बल्कि हम अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप प्रकृति के ढलने की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन ऐसा होगा नहीं। इंसानों को ही प्रकृति के अनुरूप ढलना होगा और अगर इंसान ने ऐसा नहीं किया, तो किसी और के नहीं, वह अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मारेगा और पिछली डेढ़-दो शताब्दियों से हम यानी इंसान यही कर रहे हैं। यही कारण है कि करोड़ों साल में धरती का जो जैव संतुलन नहीं बिगड़ा, वह पिछली डेढ़ से दो शताब्दियों के बीच इतना बिगड़ चुका है कि अगर जल्द कोई बड़ा कदम नहीं उठाया गया, तो धरती का विनाश अपनी आंखों के सामने देखने के अलावा हम इंसानों के पास कोई और विकल्प नहीं बचेगा। यही कारण है कि वैज्ञानिक बार-बार चेतावनी दे रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस जैसे आयोजनों के जरिये बार-बार यह समझाने और जताने की कोशिश कर रहे हैं कि पृथ्वी में जैव विविधता को बचाइये। क्योंकि अगर जैव विविधता नहीं बचती, तो न इंसान बचेगा और न इंसानी सभ्यता बचेगी।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पूरी दुनिया में पर्यावरणविद, वैज्ञानिक और हर वह शख्स जो धरती को बनाये रखने के लिए चिंतित है, लगातार हमें याद दिलाते हैं कि प्रकृति कोई बाहरी चीज नहीं है बल्कि यह हमारी जिंदगी की अनिवार्य बुनियाद है। अगर हम इस बुनियाद को ही खत्म कर देंगे या खोखला कर देंगे तो भला पृथ्वी और प्रकृति कहां बचेगी? विशेषज्ञों का मानना है कि हमें जितना जल्दी हो नेचर पॉजीटिव होना होगा यानी विकास की कोई भी योजना बनाते समय प्रकृति और पृथ्वी को ध्यान में ही नहीं बल्कि उसके केंद्र में रखना होगा। इसलिए आज दुनियाभर में कार्पोरेट जगत को अपने हर निर्माण के पहले उसके पर्यावरणीय प्रभावों को ध्यान में रखना पड़ता है। अगर अब भी हम सचेत नहीं हुए, तो हमारा कोई भविष्य नहीं बचेगा, क्योंकि जीवन तभी बचेगा, जब जैव विविधता बचेगी।

क्यों नष्ट हो रही है जैव विविधता

-तेजी से जंगलों की कटाई के कारण।
- शहरीकरण और अतिक्रमण के कारण।
- जलवायु परिवर्तन के कारण।
- नदियों और समुद्रों में बढ़ते प्रदूषण के कारण।
- रासायनिक खेती और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण।
- अवैध शिकार और वन्यजीव तस्करी के कारण।
- प्लास्टिक कचरे के बढ़ते खतरे के कारण।

इन सब कारणों से संयुक्त राष्ट्र से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक दुनिया में तकरीबन 10 लाख जीव प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर खड़ी हैं। भारत इस पूरी बहस में इसलिए दुनिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि-

- भारत विश्व के 17 मेगा जैव विविध देशों में शामिल है।
- देश में हजारों औषधीय पौधों की प्रजातियां हैं, जितनी दुनिया के दूसरे किसी भी देशों में नहीं है।
- यहां कृषि और मानसून व्यवस्था पर प्रकृति का गहरा प्रभाव है।
- करोड़ों लोगों की अजीविका जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर टिकी है।

इसलिए आज सिर्फ सरकार या विशेषज्ञों की तरफ देखने से बात नहीं बनेगी। धरती की जैव विविधता तभी बचेगी, जब हर आम और खास लोग-

- अपने इर्दगिर्द स्थानीय पेड़-पौधे लगाएंगे।
- प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करेंगे।
- अपने इर्दगिर्द के पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करेंगे।
- जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाएंगे।

आप की बात

ई-वाहन सस्ता करें

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है।

ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़ें। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं।

राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.

युवा शक्ति का उपयोग करें

देश की युवाशक्ति के समुचित उपयोग के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार का अधिकार प्रदान किया जाये। अगर सरकार रोजगार नहीं तो वित्तीय प्रोत्साहन दे ताकि युवा अपना व्यवसाय कर सके। अधिक से अधिक रोजगार सृजन देश की जरूरत है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। भर्तियों पर पूरी निष्पक्षता जरूरी है।

शिव प्रताप त्रिपाठी, लखनऊ.

संक्षेप

विकास कार्यों को लेकर अहम बैठक

फतेहपुर। जनपद की आर्थिक वर्ष वार्षिक कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद नरेश उत्तम, माननीय विधायक जहानाबाद से राजेंद्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड सहित विभागीय अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने जनपद में विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रस्तावित एवं चल रहे कार्यों नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, सेतु निर्माण, धर्मार्थ कार्य, ग्राम्य संपर्क मार्ग तथा निरीक्षण भवन आदि की विस्तृत तकनीकी और वित्तीय जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने प्रस्तुतियों में कार्यों के लिए निर्धारित गुणवत्ता मानक समय-सीमाएँ और शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी, जिससे उपस्थित प्रतिनिधियों को परियोजनाओं की व्यवहार्यता व अनिवार्य प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का स्पष्ट आकलन मिल सका।सदस्यों ने विधानसभाओं के अनुरूप प्राप्त निष्कर्षों व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत आवश्यकताओं पर आवश्यकतानुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रस्तावों का वरीयकरण करते समय जनहित और क्षेत्रीय आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक प्रस्ताव का स्थलीय भ्रमण कर गहन परीक्षण किया जाए ताकि वास्तविक स्थिति के अनुरूप ही संसाधनों का आवंटन और क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि यह वार्षिक कार्ययोजना जनपद के समग्र और संतुलित विकास की आधारशिला है।

मनोरोगी के लिए सहज उपलब्ध है चिकित्साः डीएम

बांदा। जिला अधिकारी के निदेर्शानुसार आत्महत्या की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के माध्यम से आम जनमानस में ऐसे व्यक्तियों का जिनमें उक्त प्रवृत्तियों के लक्षण पाये जाते है तो उसके परिवार जानो को जागरूक करने का एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की है। जिसको स्वास्थ्य विभाग की आशा, एएनएम, पैरामेडिकल कर्मियों के माध्यम से आम जनमानस को जागरुक करने, उक्त प्रवृत्ति के लक्षण युक्त व्यक्तियों की पहचान, काउंसलिंग, उपचार के लिए जानकारी दी जाएगी। सीएमओ ने बताया कि परिवार के किसी व्यक्ति में मै जीना नहीं चाहता जैसी बाते करना, स्वयं को नुकसान पहुंचाना, पूर्व में आत्महत्या के किये गए प्रयास, व्यक्ति के मन में आत्महत्या के विचार, व्यक्ति के पास हानिकारक वस्तु या पदार्थ का होना संबंधी लक्षण किसी व्यक्ति के अंदर पाए जाते है तो तत्काल उसे इमरजेंसी मेडिकल सहायता लेने के लिए टेलीफोन नंबर-14416, एंबुलेंस नंबर-108, पुलिस सहायता नंबर-112, वन स्टॉप सेंटर महिला के लिए 181 पर संपर्क किया जा सकता है।एसे व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय में संचालित मनकक्ष संख्या-04 में काउंसलिंग कराये एवं मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श, उपचार से सहायता लें सकते हैं।

केन में डूबे दो बच्चे, एक की तलाश शुरू

बांदा। केन नदी नहाने गए दो बच्चे डूब गए है। स्थानीय मछुवारों ने एक बच्चे को बचाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है लेकिन एक बच्चा अभी भी लापता है। अभी तक कोई रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंची। शहर के भूरागढ़ के पास हादसा होना बताया जा रहा है।

14 नए वाहनों की एंट्री से सफाई व्यवस्था को मिली नई रफ्तार

ललितपुर। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को गति देने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा ने शुक्रवार को 14 नए वाहनों को नगर सेवा के लिए रवाना किया गया। इन वाहनों में 2 ट्रैक्टर, 11 डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन और 1 फॉगिंग टैक्सी वाहन शामिल हैं। वाहनों को शहर के चन्द्रशेखर उद्यान पार्क (कम्पनी बाग) के सामने पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य सिर्फ सफाई कराना नहीं, बल्कि शहर के हर वार्ड और गली तक बेहतर सफाई व्यवस्था पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि नए वाहनों के शामिल होने से उन क्षेत्रों में भी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुविधा पहुंचेगी।

स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर तीन लोगों की जान लेने वाला चालक गिरफ्तार

जिला संवाददाता

ललितपुर। तालबेहट क्षेत्र में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे को अंजाम देने वाले स्कॉर्पियो चालक को पुलिस ने बंदी बना लिया है। वांछित अभियुक्त राजाराम कुशवाहा पुत्र रूपलाल कुशवाहा उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम जमालपुर थाना तालबेहट

- पांच व्यक्ति हुए थे गंभीर घायल, टक्कर मारने के बाद भागने की फिराक में था आरोपी

जनपद ललितपुर है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाना तालबेहट पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त राजाराम कुशवाहा पुत्र रूपलाल कुशवाहा उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम जमालपुर थाना तालबेहट जनपद ललितपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार की रात्रि में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक के बाद एक चार बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे चाचा और पांच माह की भतीजी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह हादसा बुधवार रात करीब 8 बजे तालबेहट के पूराकलां मार्ग स्थित राधा हॉस्पिटल के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सबसे पहले बाइक सवार देवसिंह यादव (45) पुत्र भैरव यादव और उनकी पांच माह की भतीजी नैंसी पुत्री नरेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर झांसी की ओर भागने लगा। इस दौरान उसने रास्ते में तीन अन्य बाइकों को भी टक्कर मार दी, जिससे कई लोग घायल हो गए। कुछ दूरी पर स्कॉर्पियो का टायर फट गया, जिसके बाद वाहन रुक गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में घायल होने वालों में

सुरेंद्र (25) पुत्र गोविंददास निवासी बसई, मध्य प्रदेश, रामू (30) पुत्र राधे सोनी, विकास (27) पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी तालबेहट रेंज ऑफिस, मुस्कान (18) पुत्री रज्जू निवासी जमालपुर, सोनम (25) पत्नी नरेंद्र निवासी पिपरई तथा करन (38) पुत्र रघुनाथ निवासी दरदरी खांदी शामिल हैं। सभी घायलों को गंभीर हालत में इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो चालक राजाराम कुशवाहा पुत्र रूपलाल कुशवाहा जमालपुर गांव का रहने वाला है और अपने परिवार के साथ ग्राम खांदी में आयोजित एक शादी समारोह से लौट रहा था। वहीं मृतक देवसिंह भी अपनी भतीजी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ तालबेहट में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

खाई में पलटा ट्रैक्टर पांच घायल, एक रेफर

बांदा। दाहिनवारा कार्यक्रम के बाद गांव जाते समय ओरन रोड मुक्तिधाम के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। ट्रैक्टर मे सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी मे भर्ती कराया गया है। ट्राली में कुल 30 लोग सवार बताए जा रहे हैं।बबेरू कस्बे के ओरन रोड मुक्तिधाम के पास दोपहर में ट्रैक्टर-ट्राली में लगभग 30 से 35 लोग सवार होकर गांव जा रहे थे। तेज रफ्तार ट्रैक्टर के आगे अचानक चार पहिया गाड़ी आ गई, जिसको बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मुक्तिधाम के सामने खाई में पलट गया। ट्रैक्टर में सवार सभी लोग खाई में गिर गए। इसमें पांच लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद 50 वर्षीय विमल पुत्र मंगल निवासी सरजो का पुरवा ओरन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ट्रैक्टर में सवार अन्य घायलों में आरती पुत्री चंद्रशेखर उम्र 15 वर्ष, मुन्नी देवी पत्नी राम ललन 50 वर्ष, रानी पत्नी श्रीकेशन उम्र 35 वर्ष, दयावती पत्नी रामबरन उम्र 38 वर्ष का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में किया गया है। ट्रैक्टर में सवार अन्य लोग बाल बाल बच गए हैं। तभी मुक्तिधाम के पास ट्रैक्टर के सामने अचानक चार पहिया गाड़ी आ गई, जिसको बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

एसपी ने पुलिस लाइन परिसर स्थित कार्यालयों का किया निरीक्षण

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिस बल को अनुशासन, एकरूपता एवं उत्कृष्ट टर्नआउट बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिवहन शाखा का निरीक्षण करते हुए वहां रखे अभिलेखों एवं उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पेशी रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों की गुणवत्ता एवं अद्यतन स्थिति की जांच की गई तथा अभिलेखों के समुचित संधारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। डायल 112 वाहनों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध फर्स्ट एड किट की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

तहसीलदार व बार संघ अध्यक्ष ने जनगणना को लेकर की चर्चा

बांदा। जनगणना को लेकर बार संघ अध्यक्ष विमल कुमार सिंह व वरिष्ठ अधिवक्ताओ की बैठक हुई। बैठक में जनगणना प्रक्रिया को सुचारू और समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर चर्चा हुई।सदर तहसीलदार विकास पांडेय व विमल सिंह ने बताया कि जनगणना के लिए प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था है। घर-घर सर्वेक्षण के दौरान सटीक आंकड़े जुटाने और लोगों को सहयोग के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। कहा कि जनगणना के आंकड़े सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की नींव होते हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा गया। अध्यक्ष विमल सिंह ने वकीलों व नागरिकों से भी अपील की है कि जनगणना कर्मियों को सही जानकारी देकर सहयोग करें। बैठक में महासचिव राजेश कुमार त्रिपाठी, सोनू, विनोद सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामकृष्ण त्रिपाठी परशुराम, राजेश दुबे, शिवचरण तिवारी, कालका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सपा की अभद्र टिप्पणी पर भाजपा का जोरदार प्रदर्शन

बांदा। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ महोबा के सपा सांसद अर्जेन्द्र सिंह लोधी ने अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी की। इसे लेकर भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिलाओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों का एक जुलूस राइफल क्लब मैदान से शुरू होकर संकट मोचन, अशोक लाट चैराहा, जजी चैराहा होते हुए कलक्ट्रेट प्रांगण में समाप्त हुआ। यहां कार्यकताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ सपा नेताओं की अभद्र , अशोभनीय एवं स्तरहीन टिप्पणियां उनकी राजनीतिक हताशा, मानसिक दिवालियापन का प्रमाण है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी दल का नहीं बल्कि पूरे देश का गौरव होता है। उनके खिलाफ की गई असंसदीय टिप्पणी अशोभनीय और अक्षम्य है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मालती बासू, ममता मिश्रा, अर्चना शुक्ला, जाग्रति वर्मा, प्रभा गुप्ता, निर्मला गौतम, अर्चना मिश्रा, रंजना श्रीवास्तव, पार्वती गुप्ता, मंजू सिंह, रूपा सिंह, सुमन तिवारी के आलावा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, विवेकानंद गुप्ता, राकेश गुप्ता लल्ला, अजय पटेल, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, अमित सेठ भोलू, दुर्गा चैरसिया, निखिल सक्सेना, अशोक गुप्ता, संतोष राजपूत, राजेश गुप्ता, संतू गुप्ता, सुधीर कुशवाहा आदि शामिल रहे।

आज से चलेगा भूमि पैमाइश अभियान जिलाधिकारी करेंगे रोजाना समीक्षा

ललितपुर। जिले में भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निस्तारण और राजस्व कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से शनिवार से विशेष भूमि पैमाइश अभियान शुरू किया जाएगा। इसकी जानकारी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि लेखपालों के माध्यम से कल से ही जनपदभर में भूमि पैमाइश अभियान चलाया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने ने विगत पांच वर्षों से लंबित राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। साथ ही धारा 34 के अंतर्गत एक वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगली बैठक में यदि ऐसे प्रकरण लंबित पाए गए तो संबंधित तहसीलदारों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। भू-राजस्व वसूली की प्रगति संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदारों को व्यक्तिगत रुचि लेकर वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगली समीक्षा बैठक में तहसीलवार भू-राजस्व रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। नगर विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को स्वकर वसूली में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों, उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वगणना प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने तथा क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर द्वारा स्वगणना से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक में जिलाधिकारी ने तय की जिम्मेदारी

जिला संवाददाता

बांदा। जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से पूर्व तैयारियों की बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों

- आईजीआरएस मामलों में कराया जिम्मेदारी का अहसास

का दायित्व तय करते हुए समय कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल, तटबंध चेक किए जाएं। रात्रि में कर्मचारियों की ड्यूटी एवं जनरेटर की व्यवस्था हो, अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड तृतीय वर्षा से पूर्व बांधों के फाटकों को ठीक कराएं एवं तटबंधों की मरम्मत कराएं। अधिशासी अभियंता केन नहर प्रखंड जल प्लावन के दृष्टिगत नहर पटरियों को ठीक करें, बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाएं। जो सड़कें निमार्णाधीन हैं जिन सड़कों में पूर्व में जल भराव हुआ है, उन पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। वर्षा से पूर्व पुल, पुलिया, रपटों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नाले-नालियों की सफाई कराएं। समस्त अधिशासी अधिकारी वषार्काल से पूर्व कूड़े के ढेर हटवाएं, साफ-सफाई व्यवस्था करें। खंड विकास अधिकारी बाढ़ से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था व जल भराव वाले क्षेत्रों में नालियों का निर्माण कराएं। उप जिलाधिकारी बाढ़ चैकियों को चिन्हित कर कार्य योजना बनाएं, समय से मैपिंग करें कि किन गांवों में बाढ़ की संभावना है। तहसील स्तर पर बैठकें कर नाविकों, मोटर बोट आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। तहसील, ब्लॉक एवं न्याय पंचायत स्तरों पर बाढ़ समितियों का गठन किया जाए। बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं प्रभारी दैवीय आपदा अधिकारी को बाढ़ चैकियों के सत्यापन की रिपोर्ट दी जाए। विद्युत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत लाइन ठीक की जाए, लूजिंग समाप्त की जाए। जल

भराव वाले क्षेत्रों में तत्काल विद्युत काटी जाए। स्वास्थ्यरू मुख्य चिकित्सा अधिकारी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें एवं कीटनाशक छिड़काव कराएं। कृषि जिला कृषि अधिकारी वर्षा से पूर्व पर्याप्त भूसा एकत्र करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में आईजीआरएस के प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। अनावश्यक रूप से स्पेशल क्लोज न किए जाएं।

भाकियू ने मनायी किसान नेता टिकैत की पुण्यतिथि

बांदा। भारतीय किसान यूनियन ने महेंद्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि पर कलक्ट्रेट के पास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बुंदेलखंड कानपुर जोन रहे। उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों को अपनी आवाज उठाने के लिए एक मजबूत मंच दिया और उन्हें आंदोलन का तरीका सिखाया। टिकैत की जिंदगी अधिकांशतया रेलवे में बीती लेकिन उन्होंने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। मंडल अध्यक्ष कमलनयन पटेल ने कहा कि टिकैत ने पांच लाख किसानों के साथ विजय चैक से लेकर इंडिया गेट तक जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इससे तत्कालीन सरकार को झुकना पड़ा और मांगे माननी पड़ी। इस दौरान यूनियन के जिलाध्यक्ष अवधेश पटेल, उपाध्यक्ष रामदास साहू, बृजेश त्रिपाठी, जोनल महासचिव सरोज सिंह, मेवालाल साहू, राजाबाई व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ललितपुर की बेटी निकहत खान ने किया जनपद को गौरवान्वित

ललितपुर। शहर के एक सामान्य परिवार से निकलकर विज्ञान की दुनिया में अपनी पहचान बना रहीं निकहत खान आज जिले ही नहीं बल्कि देश के

- बैंकॉक के बाद अब अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन ऑस्ट्रिया में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व
- विज्ञान शोध में हासिल की बड़ी उपलब्धि

लिए गर्व का विषय बन गई हैं। अपनी मेहनत, लगन और वैज्ञानिक सोच के दम पर निकहत ने साइंस के क्षेत्र में कई बीमारियों से जुड़े जीवाणुओं पर महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। उनकी पीएचडी के लिए शोध प्रबंध (थीसिस) भी जमा हो चुका है। निकहत खान की इस उपलब्धि के चलते उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसी क्रम में उन्होंने फरवरी 2026 में बैंकॉक में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में भारत की ओर से हिस्सा लिया, जहां उन्होंने अपने शोध और प्रस्तुतिकरण से वैज्ञानिकों को प्रभावित किया तथा सराहना प्राप्त की। अब निकहत खान को 19 से 21 मई 2026 तक ऑस्ट्रिया में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में भाग लेने की स्वीकृति मिली है। वह 17 मई को भारत से ऑस्ट्रिया के लिए रवाना होंगी और वहां देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। निकहत के पिता

अब्दुल समद स्वयं एक अच्छे बैडमिंटन खिलाड़ी और प्रशिक्षक रहे हैं। बेटी की इस सफलता से परिवार, खेल जगत और शहर के लोगों में खुशी का माहौल है। निकहत खान की यह उपलब्धि खासतौर पर मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। उनकी सफलता यह संदेश दे रही है कि मेहनत, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण से किसी भी ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है।

अवैध खनन का वीडियो वायरल

फतेहपुर। जनपद में मानक विहीन खनन और ओवरलोडिंग का मुद्दा कुछ दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बार मामला संगोलीपुर मौरम खदान से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां यमुना नदी की जलधारा के भीतर से रात में खनन किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जम कर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद खदान संचालन, खनिज विभाग की निगरानी व्यवस्था और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर कई गंभीर सवाल उठने लगे थे। बताया जा रहा है कि संगोलीपुर खदान पहले भी अनियमितताओं को लेकर विवादों में रह चुकी है। सूत्रों की मानें तो कुछ समय पूर्व अवैध खनन और नियमों के उल्लंघन के आरोप में खदान पर भारी-भरकम जुमार्ना भी लगाया गया था। इसके बावजूद हालात में कोई विशेष सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। वायरल वीडियो में जिस तरह नदी की जलधारा के भीतर मशीनों से खनन होते दिख रहा था, उसने पर्यावरणीय मानकों और खनन नियमों के पालन पर प्रश्नचिह्न लगा दिए थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खदान में जमकर ओवरलोडिंग भी की जा रही है। क्षमता से अधिक मौरम भरकर निकलने वाले ट्रकों के कारण क्षेत्र की सड़कें तेजी से टूट रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात दौड़ रहे भारी वाहनों से धूल और कंपन की समस्या बढ़ गई है, जिससे आसपास के गांवों में रहने वाले लोग परेशान हैं। वहीं ओवरलोड ट्रकों की वजह से सड़क हादसों का खतरा भी लगातार बना रहता है। कई बार हादसों में लोगों की जान जाने तक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि जांच और छापेमारी की सूचना पहले ही खदान संचालकों तक पहुंच जाती है कैसे व किसके द्वारा यह विचारणीय है? चर्चा है कि जब भी कोई जांच टीम खदान की ओर रवाना होती है, उससे पहले ही वहां गतिविधियां बदल दी जाती हैं। यही कारण है कि अधिकांश मामलों में कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई की जाए तो मानक विहीन खनन और ओवरलोडिंग पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। जनपद में खनिज विभाग की कार्यशैली भी लगातार सवालों के घेरे में रही है। पूर्व में जिले में अवैध खनन के खिलाफ बड़े स्तर पर

अभियान चल चुके हैं। तत्कालीन जिलाधिकारी के कार्यकाल में कई खदानों पर कार्रवाई हुई थी और करोड़ों रुपये के जुमार्ने लगाए गए थे। उस दौरान प्रशासन की सख्ती से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया था। हालांकि वर्तमान परिस्थितियों को देखकर लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि अब जल्द ही उसी तरह की सख्ती दिखाई दे सकती है। लोगों का कहना है कि खदान संचालक नियमों का पालन करने के बजाय मनमानी पर उतर आया हैं। पर्यावरणीय नियमों, खनन नियम और परिवहन मानकों की अनदेखी कर सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा कमाने की कोशिश की जा रही है। इससे सरकार को राजस्व नुकसान होने के साथ-साथ आम जनता को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग दो सप्ताह पूर्व वायरल वीडियो सामने आने के बाद अब लोगों की नजर प्रशासन और खनिज विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब पहले भी खदान पर कार्रवाई हो चुकी है और अनियमितताओं की शिकायतें लगातार मिलती रही हैं, तो फिर अब तक बड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

बड़ेदेव बाबा बिलगांव में गाजे-बाजे के साथ श्रीराम शोभायात्रा

बांदा। बिलगांव में गाजे-बाजे की धुन के बीच बड़ेदेव बाबा परिसर से बिलगांव, अजीतपारा गांव में शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक पंडित देवेंद्र द्विवेदी ने पहले दिन श्रीराम कथा का महात्म्य सुनाया। कहा कि श्रीराम कथा के सुनने मात्र से जीव का कल्याण होता है।

शुक्रवार से बिलगांव के प्रमुख स्थल श्रीबड़ेदेव बाबा परिसर में श्रद्धालु भक्तों के जनसहयोग से सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा शुभारंभ से पहले कथावाचक पंडित देवेंद्र द्विवेदी की अगुवाई में गांव के मंदिरों में कलश पूजन यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर कौशल किशोर मंदिर पहुंची, यहां पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई। जहां कथा वाचक श्री द्विवेदी ने पहले दिन की कथा में श्रीराम कथा का महात्म्य बताया। कहा कि कथा सुनने मात्र से मनुष्य जीवन रूपी भवसागर से पार उतरा जा सकता है। शोभायात्रा में राकेश शर्मा, अरुण पांडेय, निखिल शुक्ला, धीरज शर्मा, अतुल सिंह, डॉ राकेश कुशवाहा, फूल सिंह, रामरूप सिंह, संतु सिंह, मास्टर सिंह, अभिषेक सिंह, छोटू सिंह, कामता, संदीप, पिंकू, संतराम कुशवाहा, देवीचरण, प्रभाकर पांडेय, शिवम सिंह आदि शामिल रहे।

नाबालिग से छेड़खानी मामले में पॉक्सो कोर्ट का सख्त आदेश

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र में नाबालिग बालिका से कथित छेडखानी और विरोध करने पर परिवार को धमकाने के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना जखौरा पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) नवनीत कुमार

- जखौरा पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

भारती ने विविध वाद संख्या 138/2026 में सुनाया। अदालत में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार अधिवक्ता सुदेश नायक ने बताया कि बीती 25 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे थाना जखौरा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति अपनी नाबालिग पुत्री के साथ खेत से बकरियां लेकर घर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही सन्नी और गोटीराम ने शराब के नशे में नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकतें करते हुए पकड़ लिया और छेडखानी की। विरोध करने पर आरोपियों ने मां-बेटी को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर लोग जुटने लगे तो आरोपी मौके से भाग गए। पीड़ित पक्ष ने अदालत को बताया कि घटना की शिकायत थाना जखौरा और बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी की गई, लेकिन पुलिस ने गंभीर धाराओं में कार्रवाई करने के बजाय आरोपियों के खिलाफ केवल निरोधात्मक कार्रवाई कर मामला शांत करने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपियों और उनके परिजनों द्वारा लगातार धमकियां देने का आरोप भी लगाया गया। सुनवाई के दौरान थाना जखौरा पुलिस ने अदालत में अपनी रिपोर्ट पेश कर मामले को पड़ोसियों के बीच पुराने विवाद और होम थिएटर पर तेज आवाज में संगीत बजाने से उपजा विवाद बताया तथा छेडखानी के आरोपों की पुष्टि न होने की बात कही। हालांकि न्यायालय ने पत्रावली, पुलिस अधीक्षक को भेजे गए प्रार्थना पत्र और डाक रसीद समेत उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद माना कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध परिलक्षित होता है। न्यायाधीश नवनीत कु

संक्षेप

इंडक्शन कुकिंग को गति दे रही स्टोवक्राफ्ट

बेंगलुरु। स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड ने 31 मार्च, 2026 को खत्म हुई तिमाही एवं वित्त वर्ष में अपने इंडक्शन एवं एनर्जी एफिशिएंट अप्लायंस पोर्टफोलियो में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। कुकिंग को लेकर लोगों की बदलती प्राथमिकता और वैकल्पिक कुकिंग सॉल्यूशंस की बढ़ती स्वीकार्यता से यह वृद्धि हुई है। बीती तिमाही में कंपनी की इंडक्शन कुकटॉप कैटेगरी विकास का प्रमुख कारक बनकर सामने आई है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में इस कैटेगरी की वैल्यू ग्रोथ 89.4 प्रतिशत रही। इसी अवधि में वॉल्युम ग्रोथ की तुलना में यह काफी ज्यादा है। यह मजबूत प्रदर्शन एनर्जी एफिशिएंट कुकिंग अप्लांयस को लेकर लोगों की बढ़ती प्राथमिकता को दिखाता है।

एचडीएफसी लाइफ ने किया 4596 करोड़ का बोनस घोषित

मुंबई। एचडीएफसी लाइफ ने 16 अप्रैल 2026 को आयोजित कंपनी की बोर्ड बैठक में 4,596 करोड़ रुपए के बोनस की घोषणा की है। कंपनी का यह अब तक घोषित किया गया सबसे बड़ा बोनस है। इसका फायदा 22.2 लाख भागीदार (पार्टिसिपेटिंग) पॉलिसीधारकों को लाभ मिलेगा। यह कंपनी की अपने पॉलिसीधारकों को सर्वोपरि रखने, निरंतर प्रदर्शन और बेहतर वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है। घोषित कुल बोनस में से अनुमानित 3,761 करोड़ रुपए का भुगतान वित्त वर्ष 2026-27 में मैच्योरिटी या सर्वाइवल भुगतान के रूप में किया जाएगा। शेष बोनस पॉलिसीधारकों के खाते में जोड़ा जाएगा। यह पॉलिसी की शर्तों एवं नियमों के अनुसार भविष्य में देय होगा।

एएएचएल और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट ने किया समझौता

बंगलुरु। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) और दुनिया की प्रमुख आतिथ्य कंपनियों में शामिल आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने भारत के प्रमुख एयरपोर्ट-लिंक्ड और उच्च-विकास वाले शहरी स्थानों पर पांच होटलों को विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक मैनेज्ड होटल पोर्टफोलियो समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अदाणी ग्रुप हॉस्पिटैलिटी और एयरपोर्ट-केंद्रित शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए विश्व स्तरीय गंतव्यों का निर्माण करना चाहता है, जहां यात्रा, ठहरने और शहरी अनुभवों को भारत के तेजी से बढ़ते एविएशन इकोसिस्टम के साथ सहज रूप से जोड़ा जाए। हम यह प्लेटफॉर्म विश्व स्तर के प्रमुख होटल ब्रांड्स के साथ साझेदारी में बना रहे हैं, जो वैश्विक मानकों, परिचालन उत्कृष्टता और स्केल लाते हैं।

ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने पेश किया रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज

बंगलुरु। ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज नामक एक नए सांस्कृतिक मंच की शुरूआत की है जिसका उद्देश्य फ्लेवर को केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए उसे सभी इंद्रियों से महसूस किए जाने वाले अनुभव में बदलना है। ऐसे समय में जब उपभोक्ता अधिक अर्थपूर्ण और प्रीमियम अनुभवों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो उनकी बदलती पसंद और जीवनशैली को दर्शाते हैं, ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए फ्लेवर को एक नई अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है। आज के उपभोक्ता ऐसे अनुभवों की तलाश में हैं, जो केवल उपयोगिता तक सीमित न होकर अधिक खास, प्रीमियम और अलग महसूस हों।

चांदी 21600 रुपये टूटी सोना 3200 रुपये लुढ़का

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी का भाव 21,600 रुपये टूटकर 2.75 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया जबकि सोने की कीमत 3,200 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। मजबूत डॉलर और निवेशकों की भारी मुनाफावसूली से यह गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,200 रुपये यानी 1.93 प्रतिशत टूटकर 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमतें भी 21,600 रुपये यानी 7.3 प्रतिशत टूटकर 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

सेंसेक्स में 161 अंकों की गिरावट

मुंबई। प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर गिरावट के साथ बंद हुए। धातु, तेल एवं गैस और पीएसयू बैंक शेयरों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों में सतर्कता देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार- चढ़ाव के बीच 160.73 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने एक समय करीब 470 अंक तक की बढ़त ले ली थी। लेकिन बाद में बिकवाली के दबाव में यह नीचे आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 46.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत गिरकर 23,643.50 पर बंद हुआ। इसके साथ ही दो दिनों से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट रही। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और सन फार्मा में बढ़त दर्ज की गई। हाल में आई तेजी के बाद निवेशक सतर्क हो गए हैं। बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल, कमजोर रुपये और ईंधन कीमतों में वृद्धि से मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। चौथी तिमाही के मजबूत नतीजों और आकर्षक मूल्यांकन से कुछ सहारा मिल रहा है, लेकिन निकट भविष्य में बाजार की दिशा वैश्विक घटनाक्रमों और भू-राजनीतिक स्थिति पर निर्भर करेगी। इस बीच, रुपया पहली बार 96 के स्तर के नीचे फिसल गया और डॉलर के मुकाबले 95.94 प्रति डॉलर (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है जबकि सीएनजी कीमतों में दो रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड तीन प्रतिशत से अधिक चढ़कर 109.23 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 187.46 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 684.33 करोड़ रुपये का निवेश किया। बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 789.74 अंक चढ़कर 75,398.72 अंक और एनएसई निफ्टी 277 अंक बढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुए थे।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ मई को समाप्त सप्ताह में 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर पर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी, 2026 को समाप्त सप्ताह में 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बढ़ने से आरबीआई को डॉलर बेचकर बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, आठ मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 56.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 552.39 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का असर शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.64 अरब डॉलर बढ़कर 120.85 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.87 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का आरक्षित कोष भी 1.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.87 अरब डॉलर पहुंच गया।

आयकर के आईटीआर-1 एवं आईटीआर- 4 फॉर्म दाखिल करने की ऑनलाइन सुविधा शुरू

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर- । और आईटीआर-4 फॉर्म को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुक्रवार को शुरू कर दी। ये फॉर्म मुख्य रूप से छोटे और मध्यम करदाताओं द्वारा भरे जाते हैं।

आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईटीआर- । और आईटीआर-4 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटी और ऑनलाइन फाइल करने की सुविधा अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है। इन दोनों फॉर्म को 30 मार्च को अधिसूचित किया गया था। ऑनलाइन फाइलिंग और एक्सेल यूटिलिटी शुरू होने के साथ ही करदाता अब आयकर रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आईटीआर- । दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जबकि आईटीआर-4 (गैर-ऑडिट मामलों) के लिए यह समयसीमा 31 अगस्त तय की गई है। आईटीआर- । (सहज) फॉर्म उन निवासी व्यक्तियों के लिए है, जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, ब्याज जैसे अन्य स्रोतों और 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। इसमें 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की सूचना भी दी जा सकती है।

रुपया 22 पैसे टूटकर 95.86 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 22 पैसे टूटकर 95.86 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा है।

कारोबार के दौरान एक समय यह 96 प्रति डॉलर के से नीचे चला गया था। रुपया इस वर्ष अब तक छह प्रतिशत से अधिक टूट चुका है और पिछले छह कारोबारी सत्रों में यह लगभग दो प्रतिशत कमजोर हुआ है। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के साथ रुपये में गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं, अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन और एआई-आधारित निवेश अवसरों की कमी ने पूंजी प्रवाह पर दबाव डाला है। इसके अलावा, कमजोर शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से भुगतान संतुलन पर दबाव पड़ने की संभावना है, जबकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा रही हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.86 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह पिछले बंद भाव से 50 पैसे टूटकर 96.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अंततः रुपया 95.86 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से इसे कुछ सहारा मिला। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.96 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि, अंत में दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.64 पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के बीच रुपये में गिरावट जारी रहेगी। मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक का कोई भी हस्तक्षेप और सोने-चांदी पर आयात शुल्क में बढ़ोतरी निचले स्तरों पर रुपये को सहारा दे सकती है।

भारत का निर्यात बढ़कर 43.56 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अप्रैल में 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर हो गया।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि अप्रैल में आयात में पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 71.94 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान व्यापार घाटा 28.38 अरब डॉलर रहा। अग्रवाल ने कहा कि पिछले महीने पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात 28 प्रतिशत घटकर 4.16 अरब डॉलर रहा, जबकि अप्रैल 2025 में यह 5.78 अरब डॉलर था। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया से आयात अप्रैल में 31.64 प्रतिशत घटकर 10.47 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 15.32 अरब डॉलर था।

बट्टेखाते में डाले गये बैंकों के कर्ज निचले स्तर पर

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की तरफ से बट्टेखाते में डाले गए कर्ज की राशि वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर कई वर्षों के निचले स्तर पर आ गई। कर्ज फंसने के मामलों में कमी और बकाया कर्ज की वसूली में सुधार इसके प्रमुख कारण रहे। सार्वजनिक बैंकों के वित्तीय नतीजों के द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक और इंडियन बैंक सहित अधिकांश बैंकों ने पिछले आठ वर्षों में सबसे कम कर्जों को बट्टेखाते में डाला।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2025-26 में 6,330 करोड़ रुपये के कर्ज बट्टेखाते में डाले, जो 2017-18 के बाद सबसे कम है। इसी तरह, बैंक ऑफ इंडिया ने 5,735 करोड़ रुपये बट्टेखाते में डाले जो 2015-16 के बाद न्यूनतम स्तर है। इंडियन बैंक का कर्ज बट्टाखाता 2018-19 के बाद सबसे कम 6,695 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह, इंडियन ओवरसीज बैंक का 1,189 करोड़ रुपये रहा, जो कई वर्षों के निचले स्तर पर है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 1,718 करोड़ रुपये के कर्ज बट्टेखाते में डाले, जो 2021-22 के बाद सबसे कम है। आमतौर पर बैंक उन कर्जों को बट्टेखाते में डालते हैं, जिनकी वसूली की संभावना कम होती है और जिनके लिए 100 प्रतिशत वित्तीय प्रावधान करना पड़ता है। कर्ज को बट्टेखाते में डालने से बैंकों का बहीखाता साफ-सुथरा होता है और फंसे कर्ज (एनपीए) का स्तर कम दिखता है। हालांकि, बैंक फंसे कर्ज को बट्टेखाते में डालने के बाद भी वसूली की कोशिश जारी रखते हैं, ताकि बाद में मुनाफे को समर्थन मिले सार्वजनिक बैंकों के बट्टेखाते में डाली गयी कर्ज राशि में कमी की मुख्य वजह नए एनपीए में गिरावट, पुराने फंसे कर्जों में कमी और वसूली में सुधार है। बैंकों ने प्रावधान कवरेज अनुपात भी मजबूत किया है, जिससे बट्टेखाते में डालने की जरूरत घटी है। वित्त मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च 2026 तक पीएसबी का सकल एनपीए अनुपात घटकर 1.93 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 0.39 प्रतिशत रह गया, जो ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर है। इस दौरान फंसे कर्ज की कुल वसूली 86,971 करोड़ रुपये रही। बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, कर्ज वृद्धि और आय में बढ़ोतरी के चलते पीएसबी का शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार चौथा साल है जब सरकारी बैंकों ने सकल रूप से मुनाफा दर्ज किया।

भारत और ब्रिटेन इस्पात मुद्दे को सुलझाने के लिए कर रहे है काम

नयी दिल्ली। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन के हाल के इस्पात संरक्षण उपाय से उत्पन्न मुद्दों से निपटने के लिए भारत और ब्रिटेन विशिष्ट एवं रचनात्मक समाधान तलाश रहे हैं ताकि प्रस्तावित व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) को जल्द लागू किया जा सके। दोनों देशों ने 24 जुलाई 2025 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सचिव ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम इसे लागू करने के बहुत करीब हैं। जैसा कि आप जानते हैं, कुछ अड़चनें हैं। ब्रिटेन हाल ही में एक इस्पात उपाय लेकर आया है जिसे भारत-ब्रिटेन समझौते की वार्ता के दौरान ध्यान में नहीं रखा गया था। हम इस इस्पात उपाय पर भी एक विशिष्ट, रचनात्मक समाधान खोजने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि भारत-ब्रिटेन सीईटीए को जल्द लागू किया जा सके। ब्रिटेन एक जुलाई 2026 से शुल्क-मुक्त इस्पात आयात पर सीमा लागू करेगा जिससे कुल कोटा मात्रा इस्पात संरक्षण उपाय की तुलना में 60 प्रतिशत कम हो जाएगी। इन स्तरों से अधिक आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत रद्द की, बरकरार रहेगी सजा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जेल की सजा निलंबित करने और उसे जमानत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को शुक्रवार को रद्द करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा है। इसके साथ ही न्यायालय ने उच्च न्यायालय को दोषसिद्धि के खिलाफ उसकी अपील पर तेजी से दो महीने के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को पुनर्विचार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के पास वापस भेज दिया और स्पष्ट किया कि यदि अपील पर तुरंत सुनवाई नहीं की जाती है, तो उच्च न्यायालय गर्मी की छुट्टियों की शुरुआत से पहले सजा के निलंबन के लिए सेंगर की याचिका पर नए सिरे से विचार कर सकता है।

पेज एक का शेष

प्रदेश में

नेटवर्क, सिंचाई, रोजगार और सुरक्षा से जोड़ा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को महराजगंज में ?208 करोड़ से अधिक की 79 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित जन-समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं टूलकिट भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा व सहयोगी दलों के विधायक बनने के बाद विधानसभा क्षेत्रों में मंदिरों के सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी गई। पहले जनता के करोड़ों रुपये कब्रिस्तानों की बाउंड्री वॉल पर खर्च होते थे, जबकि अब वही धन मंदिरों में बेहतर सुविधाएं विकसित करने और आम जनता के हित में लगाया जा रहा है। महराजगंज में दिख रहा विकास सही सांसद और विधायक चुनने का परिणाम है। बनेलिया माई के नाम पर रोहिन नदी पर बैराज का निर्माण हो या गोरखपुर से सोनौली तक फोरलेन मार्ग का कायाकल्प, ये सब जनता के एक सही वोट की ताकत से संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले महराजगंज इंसेफेलाइटिस, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं, अराजकता, माफियावाद और पलायन की त्रासदी झेल रहा था। दिमागी बुखार मासूम बच्चों की जान ले रहा था, सड़कें गड्ढों में तब्दील थीं, बिजली व्यवस्था चरमराई हुई थी, गरीबों की जमीनों पर कब्जे आम थे और किसान, नौजवान व बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस करते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार बनने के बाद महराजगंज की तस्वीर बदल गई। इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण हुआ, मेडिकल कॉलेज संचालित हुआ, नौतनवा, फरेंदा, चौक, सिसवा, श्यामदेउरवा, घुघली और पनियरा बेहतर सड़क नेटवर्क से जुड़ गए तथा गोरखपुर-सोनौली फोरलेन बनने से यात्रा समय दो घंटे से घटकर 45-50 मिनट रह जाएगा। वनटांगिया गांवों को पट्टा, मतदाता पहचान और सरकारी योजनाओं से जोड़कर सम्मानजनक जीवन देने का काम भी डबल इंजन सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महराजगंज अब शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिले में मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक और अन्य शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना हो चुकी है, जबकि स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए नए उद्योगों और बंद चीनी मिलों को नई कार्ययोजना के साथ पुनः शुरू करने की तैयारी है। महराजगंज, कुशीनगर और सिद्धार्थनगर से इंसेफेलाइटिस जैसी घातक बीमारी पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और केवल बीमारी ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश का बीमारू टैग भी हट गया है। उत्तर प्रदेश देश के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है, जिसे आगे बढ़ने से अब कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों की पीड़ा को कभी नहीं समझा, जबकि डबल इंजन सरकार हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उनके जीवन में बदलाव ला रही है। महराजगंज के सैकड़ों नौजवान उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए हैं और किसान सिंचाई, बीज, ट्रैक्टर, उन्नत खेती तथा सरकारी क्रय केंद्रों का लाभ उठा रहे हैं। माफिया का आतंक समाप्त हो चुका है, गरीबों की जमीनों पर कब्जा नहीं हो सकता, बेटियां सुरक्षित हैं और किसी में भी गोहत्या या जबरन अत्याचार करने का दुस्साहस नहीं बचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदियों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण हुआ है। महराजगंज के हजारों नौजवान, महिलाएं, किसान, व्यापारी और बुजुर्ग भी राममंदिर आंदोलन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। 492 वर्ष बाद मंदिर का शिलान्यास हुआ और 496 वर्ष बाद प्रधानमंत्री के कर-कमलों से अयोध्या में रामलला विराजमान हुए।

हाईकोर्ट ने

न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी ने इस मामले से संबंधित पांच याचिकाओं और एक रिट अपील पर पुरातात्विक व ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की अधिसूचनाओं व उसके वैज्ञानिक सर्वेक्षण और कानूनी प्रावधानों की रोशनी में फैसला सुनाया।

उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के मुकदमे में शीर्ष अदालत के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों का भी उल्लेख किया। खंडपीठ ने सामाजिक संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस और कुलदीप तिवारी व अन्य लोगों की दायर दो अलग-अलग जनहित याचिकाएं मंजूर करते कहा, भोजशाला परिसर और कमाल मौला मस्जिद के विवादित क्षेत्र का धार्मिक स्वरूप वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर वाली भोजशाला के रूप में तय किया जाता है। खंडपीठ ने पाया कि इस स्थल पर हिंदू पूजा-अर्चना की निरंतरता कभी समाप्त नहीं हुई है, भले ही समय के साथ इसे विनियमित किया गया हो। अदालत ने कहा हम इस निष्कर्ष को दर्ज करते हैं कि ऐतिहासिक साहित्य ने स्थापित किया है कि विवादित क्षेत्र का स्वरूप भोजशाला के रूप में था जो परमार वंश के राजा भोज से जुड़ा संस्कृत अध्ययन केंद्र था और राजा भोज के काल से संबंधित संदर्भों सहित साहित्य और स्थापत्य-संबंधी संदर्भ संकेत देते हैं कि धार में देवी सरस्वती को समर्पित एक मंदिर विद्यमान था। हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं ने लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में रखी वाग्देवी की प्रतिमा को भारत वापस लाने और उसे भोजशाला परिसर के भीतर पुनः स्थापित करने की गुहार भी की थी।

इस पर अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने भारत सरकार के समक्ष पहले ही इस बारे में कई अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं और सरकार इन पर विचार कर सकती है। उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि भारत सरकार और एएसआई भोजशाला मंदिर और इसमें संस्कृत शिक्षा के मामलों के प्रशासन और प्रबंधन के संबंध में निर्णय लेंगे और एएसआई कानूनी प्रावधानों के मुताबिक इस संपत्ति का समग्र प्रशासन और प्रबंधन जारी रखेगा। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि एएसआई का इस परिसर में धार्मिक पहुंच के परिरक्षण, संरक्षण और विनियमन पर पूर्ण पर्यवेक्षी नियंत्रण होगा। अदालत ने यह भी कहा कि हर सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह पुराने स्मारकों व इमारतों, पुरातात्विक तथा ऐतिहासिक महत्व के मंदिरों, गर्भगृहों और देवी-देवताओं से जुड़े आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों का संरक्षण सुनिश्चित करे। उच्च न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान हिंदू, मुस्लिम और जैन समुदायों के याचिकाकर्ताओं ने विस्तृत दलीलें पेश कीं थीं और विवादित स्मारक में अपने-अपने समुदाय के लोगों के लिए उपासना का विशेष अधिकार मांगा था।

शीर्ष अदालत

और इसकी रिपोर्ट त्रुटिपूर्ण थी तथा उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में मुख्य रूप से इस रिपोर्ट पर भरोसा किया है। वारसी ने यह भी कहा कि विवादित तथ्यों वाले इस मामले का निपटारा संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत नहीं किया जाना चाहिए था और इसे दीवानी अदालत भेजा जाना चाहिए था। यह अनुच्छेद उच्च न्यायालयों को लोगों के मौलिक अधिकारों और अन्य कानूनी अधिकारों के मामलों में अलग-अलग रिट (औपचारिक आदेश) जारी करने की शक्ति देता है।

नीट-यूजी

तौर पर यादव को 500 से 600 प्रश्न उपलब्ध कराए थे, ताकि अच्छे मेडिकल कॉलेज में दाखिले लायक अंक सुनिश्चित किए जा सकें। अधिकारियों के मुताबिक, मंगलीलाल बिवाल ने कथित तौर पर यादव से प्रश्नपत्र हासिल किया। यादव, राजस्थान के सीकर में नीट कोचिंग के दौरान उसके बड़े बेटे विकास बिवाल का परिचित था।

21 जून

प्रक्रिया आठ मई को शुरू हुई तथा आठ, नौ, 10 और 11 मई तक जारी रही। स्पष्टता मिली और यह पुष्टि हो गई कि प्रश्न पत्र लीक हो चुके हैं, तो हमने 12 मई को छात्रों के हित में यह (परीक्षा रद्द करने का) निर्णय लिया।

उन्होंने कहा, तत्काल चर्चा हुई और एनटीए तथा सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग के साथ मिलकर प्रारंभिक जांच शुरू की। इसके बाद मामला भारत सरकार की संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया गया।

अनियमितता पर

की प्रक्रिया को और अधिक सख्त बनाया गया है। योगी सरकार द्वारा अस्पताल इम्पैनलमेंट मॉड्यूल (एचईएम) पोर्टल के माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों का सत्यापन निर्धारित मानकों के आधार पर किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों के लिए 35 महत्वपूर्ण मानकों को पूरा करना अनिवार्य किया गया है। इनमें अस्पताल का पंजीकरण प्रमाणपत्र, फायर सेफ्टी एनओसी, आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, चिकित्सकों की शैक्षणिक योग्यता, एचएफआर पंजीकरण सहित अन्य जरूरी दस्तावेज और व्यवस्थाएं शामिल हैं। सीईओ ने बताया कि नेशनल हेल्थ अथॉरिटी और स्टेट हेल्थ एजेंसी की ओर से ई-मेल, दूरभाष, संदेश, पत्राचार और वर्चुअल बैठकों के माध्यम से अस्पतालों को हर स्तर पर सहायता दी गई। इसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि अब तक 95 प्रतिशत से अधिक अस्पताल सफलतापूर्वक एचईएम 2.0 पोर्टल पर माइग्रेट हो चुके हैं। हालांकि, कुछ निजी अस्पतालों ने निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं की। योगी सरकार की ओर से उन्हें कई बार अवसर दिए गए, लेकिन इसके बावजूद करीब 200 निजी चिकित्सालयों ने मानकों के अनुरूप प्रक्रिया पूरी नहीं की।

विकास योजनाओं

धार्मिक धरोहरों के संरक्षण पर भी सकारात्मक विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने की दिशा में कार्य निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के सुझाव सरकार की नीतियों को अधिक व्यावहारिक और जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्ध

सीएसके के पांच विकेट पर 187 रन

एलएसजी के लिए आकाश सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट झटके

लखनऊ। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) कार्तिक शर्मा (71 रन) के अर्धशतक के बावजूद शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में लखनऊसुपरजायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पांच विकेट पर 187 रन ही बना सकी।

एलएसजी के लिए आकाश सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट झटके। मोहम्मद शमी और शाहबाज अहमद को एक एक विकेट मिला। सीएसके के लिए कार्तिक ने 42 गेंद की पारी के दौरान छह चौके और पांच छक्के लगाए। टीम के लिए शिवम दुबे ने नाबाद 32 रन और डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 रन का योगदान दिया। सीएसके के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की पारी शुरू हो गई है। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श के साथ जोश इंग्लिस उतरे हैं। इंग्लिस इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं। सीएसके के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की पारी शुरू हो गई है। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श के साथ जोश इंग्लिस उतरे हैं। इंग्लिस इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं।

चेन्नई ने लखनऊ को 188 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन बनाए। वहीं, लखनऊ के लिए आकाश सिंह ने तीन विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी और शाहबाज अहमद ने एक-एक सफलता अपने नाम की।

चेन्नई को पांचवां झटका शाहबाज ने दिया। उन्होंने कार्तिक को मार्करम के हाथों कैच कराया। वह 42 गेंदों में 71 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे और प्रशांत वीर फिलहाल क्रीज पर मौजूद हैं।

चेन्नई को चौथा झटका मोहम्मद शमी ने दिया। उन्होंने आकाश सिंह के हाथों ब्रेविस को कैच कराया। वह 16 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए और उन्होंने कार्तिक शर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी निभाई।

कार्तिक शर्मा ने 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह डेवाल्ड ब्रेविस के साथ चौथे विकेट के लिए 60 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। कार्तिक-ब्रेविस की साझेदारी

शुरूआती झटकों के बाद कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने सीएसके की पारी को संभाला। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हो गई है जिससे टीम का स्कोर 100 के पार पहुंच गया है।

अनुशासन और निरंतरता आज के खेल की जरूरतः शोर्ड मारिन

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन अर्जेंटीना के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी आगामी टूर्नामेंटों में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए पूरे अनुशासन के साथ खेलें। भारतीय टीम ने विश्व में नंबर दो टीम अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेली। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने जोरदार वापसी करते हुए अंतिम दो मैच (शूटआउट सहित) जीतकर सीरीज बराबर की।

भारत अगले महीने न्यूजीलैंड में होने वाले एफआईएच नेशंस कप की तैयारियों के तहत 21 मई से तीन जून तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा, जहां वह चार मैचों की श्रृंखला खेलेगा। नेशंस कप की विजेता टीम एलीट एफआईएच प्रो लीग के लिए क्वालीफाई करेंगी। नेशंस कप 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने सभी चार मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेलेगी। पिछले साल प्रो लीग से बाहर होने के बाद भारत को इसमें दोबारा प्रवेश पाने के लिए टूर्नामेंट जीतना जरूरी है। इस साल के शुरू में दूसरी बार भारतीय टीम की कमान संभालने वाले मारिन ने कहा, जनवरी में जब मैंने कार्यभार संभाला तो मेरा पहला काम खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर था। हमारे लगभग 14 खिलाड़ी चोटिल थे। इसके अलावा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण था। इससे बाकी चीजों पर ध्यान देने का समय नहीं मिला। हमने इसके बाद अर्जेंटीना का भी अच्छा दौरा किया। मारिन ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित ऑनलाइन संवाद में कहा, अर्जेंटीना विश्व में दूसरे नंबर की टीम है और इससे हमें विश्व हॉकी के मानदंडों का पता चला। उसके बाद हमने अभ्यास शिविर में फिटनेस पर काम किया। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे और नेशंस कप में मैं जो सबसे महत्वपूर्ण चीज हासिल करना चाहता हूं, वह है पूरे अनुशासन के साथ खेलना और अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना। अगर हम प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखते हैं तो हमारा स्तर काफी ऊंचा हो जाएगा। उन्होंने विश्व स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन और टीम संस्कृति पर भी जोर दिया। मारिन ने कहा, खेल की समझ भी महत्वपूर्ण है। मुझे अनुशासन पसंद है। यह मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। हमें टीम संस्कृति पर भी ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने भी कहा कि विश्व स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन बहुत अधिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा, खिलाड़ी फिटनेस पर वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम फिटनेस का महत्व जानते हैं अगर हम फिट हैं तो हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं। इसके अलावा अनुशासन भी जरूरी है।

संक्षेप

रियाल मैड्रिड के कोच ने चौथी पसंद का स्ट्राइकर बना दिया

मैड्रिड। काइलिन एमबाप्पे गुरुवार को रियाल मैड्रिड के ओविएडो के खिलाफ स्पेनिश लीग फुटबॉल मैच में शुरुआती लाइनअप में जगह न मिलने के बाद कहा कि कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने उनसे कहा कि वह टीम के चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं। अर्बेलोआ ने हालांकि एमबाप्पे की बात पर हैरानी जताई और कहा कि उन्होंने कभी इस तरह की बात नहीं की थी और वह नहीं जानते कि फ्रांस के इस फुटबॉलर को ऐसा क्यों लग रहा है। एमबाप्पे बाएं पांव में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से परेशान थे लेकिन उन्होंने कहा कि वह ओविएडो के खिलाफ शुरू से खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन अर्बेलोआ ने उन्हें मौका नहीं दिया। मैं पूरी तरह से फिट हूं लेकिन मैं इसलिए नहीं खेला क्योंकि कोच ने मुझसे कहा कि मैं टीम में (फ्रेंको) मास्टांटुओनो, विनी (विनीसियस जूनियर) और गोंज़ालो (गार्सिया) के बाद चौथी पसंद का स्ट्राइकर हूं। मैं इसे स्वीकार करता हूं। मैं शुरुआती लाइनअप में खेलने के लिए तैयार था, यह उनका फैसला था। आप कोच से नाराज़ नहीं हो सकते, आपको हमेशा कोच की राय का सम्मान करना चाहिए। मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा और शुरुआती लाइनअप में जगह बनाने का इंतज़ार करूंगा। अर्बेलोआ ने बाद में कहा कि उन्होंने एमबाप्पे से कभी नहीं कहा कि वह टीम में चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं। मेरे पास चार स्ट्राइकर नहीं हैं और मैंने एमबाप्पे को ऐसा कुछ नहीं कहा। मुझे लगता है कि वह मेरी बात को सही तरह से नहीं समझ पाए। मैं उन्हें कभी यह नहीं कह सकता कि वह चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं।

सिंधू थाईलैंड ओपन से बाहर

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां थाईलैंड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में एक गेम की बढ़त बनाने के बावजूद जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से हार गईं। सिंधू 5,00,000 डॉलर पुरस्कार राशि के सुपर 500 टूर्नामेंट के एक घंटे से ज्यादा समय तक चले महिला एकल क्वार्टरफाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची से 21-19, 18-21, 15-21 से हार गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीय सिंधू बृहस्पतिवार को डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 21-13, 21-15 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंची थीं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दिन में बाद में क्रमशः पुरुष एकल और पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में खेलेगी।

हार्दिक चोटिल हैं, केकेआर के खिलाफ अगले मैच में वापसी कर सकते हैंः शार्दुल ठाकुर

धर्मशाला। मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कप्तान हार्दिक पंड्या के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को भी खारिज करते हुए साफ किया कि वह चोटिल होने के कारण पिछले तीन मैच में नहीं खेल पाए तथा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अगले मैच में वापसी कर सकते हैं।

हार्दिक मुंबई की टीम के साथ धर्मशाला नहीं गए थे जहां उनकी टीम ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। सूर्यकुमार यादव भी अपने बच्चे के जन्म के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे और इसलिए जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की। वह इस सत्र में टीम के तीसरे कप्तान थे। ठाकुर ने पत्रकारों से कहा, हार्दिक चोटिल है और इसलिए वह पिछले कुछ मैच में नहीं खेल पाए। हार्दिक पीठ दर्द के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ भी मैच में नहीं खेल पाए थे। ठाकुर ने कहा, वह रायपुर (10 मई को आरसीबी के मैच के लिए) गए थे, लेकिन खेल नहीं पाए। वह अभी मुंबई में अभ्यास कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वह कोलकाता (20 मई को ईडन गार्डन्स) में खेलेंगे। उनके जैसे खिलाड़ियों की कमी हमें हमेशा खलती है। मुंबई इंडियंस की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। हार्दिक का इस दौरान प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और इसलिए फ्रेंचाइजी के साथ उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। ठाकुर ने इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं चल रही हैं, कुछ सही हैं, कुछ गलत। लेकिन उनके धर्मशाला नहीं आने का फैसला टीम प्रबंधन ने किया था। पंजाब किंग्स के खिलाफ ठाकुर ने 39 रन देकर चार विकेट लिए और मुंबई की जीत में अहम भूमिका निभाई। ठाकुर ने कहा कि मुझे लगता है कि बुमराह के साथ मेरा तालमेल अच्छा है। हमने काफी बातचीत की है। मुझे अन्य गेंदबाजों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से वह अपने विचार साझा करने में कभी संकोच नहीं करते।

मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह जगह मेरे लिए नहीं हैः कोहली

नयी दिल्ली। विराट कोहली को अब भी क्रिकेट से इतना लगाव है कि वह अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने स्पष्ट किया कि अगर किसी विशेष माहौल में उनकी योग्यता पर लगातार सवाल उठाए जाते हैं, तो उन्हें यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी कि वह जगह उनके लिए नहीं बनी है।

इस 37 वर्षीय सुपरस्टार ने अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पॉडकास्ट पर कहा कि उन्हें अपने महत्व को लेकर किए जा रहे आकलन में लगातार बदलाव से नफरत है। कोहली ने कहा कि मैं हमेशा तैयार रहता हूं क्योंकि यही मेरी रोजर्मा की जिंदगी है। मैं कसरत करता हूं, हम घर पर अच्छा खाना खाते हैं। मुझे इस तरह जीना पसंद है। यह केवल क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं है। मेरा कहने का मतलब है कि 2027 के विश्व कप को लेकर होने वाली बातें और बाकी सब। मुझे कई बार पूछा गया है कि क्या आप 2027 में खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे इसका जवाब पता है और अगर मैं खेल रहा हूं तो फिर मैं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं। भारत के लिए विश्व कप खेलना शानदार है। कोहली ने कहा, मेरा नजरिया बिल्कुल स्पष्ट है। मैं जिस माहौल का हिस्सा हूं उसमें कुछ योगदान दे सकता हूं और टीम को भी लगता है कि मैं योगदान दे सकता हूं, तो मैं खेलता रहूंगा। अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करने की जरूरत महसूस कराई जाती है तो मैं उस माहौल में नहीं रह सकता। कोहली 2024 में टी20 अंतरराष्ट्रीय और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब केवल वनडे में खेलते हैं। पिछले कुछ वर्षों से बहुत कम वनडे मैच खेले जा रहे हैं जिससे कोहली कम अवसरों पर ही भारत का प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोहली और एक अन्य स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा के टीम का हिस्सा बनने की उनकी इच्छा के बावजूद उनके भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है।

कोहली ने कहा कि जब तक टीम को उनकी जरूरत होगी, वह टीम के साथ बने रहेंगे।

उन्होंने कहा, मैं अपनी तैयारियों के प्रति ईमानदार हूं, मैं खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के प्रति ईमानदार हूं। मैं पूरी लगन से मेहनत करता हूं। जब मैं खेलने के लिए जाता हूं तो मैं दूसरों से कम नहीं बल्कि उनसे भी ज्यादा मेहनत करता हूं और सही तरीके से खेलता हूं। कोहली ने खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में कहा कि वह हमेशा कड़ी मेहनत के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा, मैं इसी तरह से तैयारी करता हूं। मैं 50 ओवर तक फील्डिंग करने के लिए तैयार हूं। इस तरह से खेलने के बाद भी अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह जगह मेरे लिए नहीं है। कोहली ने 2025-26 सत्र के दौरान दो दशकों के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का उदाहरण दिया। उन्होंने दिल्ली के लिए दो मैच खेले और उनमें से एक में शतक लगाने के साथ-साथ लिस्ट ए में सबसे कम पारियों में 16,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। मैं तब स्पष्ट सोच के साथ वहां गया था कि मुझे वहां किसी को कुछ साबित नहीं करना है।

भारतीय महिला टीम ने वुशु विश्व कप में दो स्वर्ण के साथ दबदबा कायम किया

मकाऊ। भारतीय वुशु टीम ने 11वें सांडा विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

महिला खिलाड़ियों के छह सदस्यीय दल में इन दोनों स्वर्ण पदकों को जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। सीमा सुरक्षा बल की एथलीट शिवानी ने महिला 75 किलोग्राम वर्ग में अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए रूस की प्रतिद्वंद्वी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। अपर्णा ने भी 52 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। इन दोनों खिलाड़ियों ने इससे पहले ब्राजील में आयोजित विश्व वुशु चैंपियनशिप में रजत पदक जीते थे, लेकिन इस बार उन्होंने अपने पिछले रजत पदक को सांडा विश्व कप में स्वर्ण पदक में बदलकर उल्लेखनीय सुधार दिखाया। भारतीय वायु सेना के एथलीट कुशल कुमार ने 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में चीन के प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एसएसबी की करीना कौशिक और आईटीबीपी के सागर धैया ने कांस्य पदक जीतकर भारत के कुल पदकों की संख्या पांच कर दी। भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी।

केकेआर उम्मीद जीवंत बनाये रखने उतरेगा, गुजरात टाइटंस की नजर शीर्ष दो में जगह बनाने पर

कोलकाता। लगभग एक महीने के बाद अपने घरेलू मैदान पर वापसी करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शीर्ष दो में जगह बनाने की कवायद में लगी गुजरात टाइटंस का सामना करेगी।

अनुभवी अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल की तरह इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है जिससे उन्हें फिर से कप्तान नियुक्त करने के फैसले पर सवाल उठने लग गए हैं। केकेआर को मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत के लिए सातवें मैच (आधे चरण) तक इंतजार करना पड़ा था। वह इस दौरान एक संतुलित टीम संयोजन तैयार करने में नाकाम रहा। केकेआर ने इसके बाद लगातार चार मैच जीते लेकिन पिछले मैच में विराट कोहली के शानदार शतक के कारण उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर के अब तीन मैच बचे हैं और अगर वह सभी मैच जीत जाता है तो अधिकतम 15 अंक तक पहुंच पाएगा। इसके बावजूद उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं हो पाएगी और इसके लिए उसे अगर मगर के समीकरणों से गुजरना होगा। एक और हार से उसकी आगे बढ़ने की संभावना खत्म हो जाएगी। केकेआर की लगातार चार मैचों में जीत का श्रेय काफी हद तक सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी को जाता है जबकि उपकप्तान रिंकू सिंह ने भी निरंतर योगदान दिया है। चक्रवर्ती बाएं पैर में चोट लगने के कारण आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल पाए थे जो टीम को महंगा पड़ा। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने उनकी वापसी के संकेत दिए हैं जो टीम के लिए अच्छी खबर है। केकेआर की बल्लेबाजी में पूरे सत्र में निरंतरता का अभाव रहा है। उसके बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी रिंकू को निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर सवाल उठाए थे। युवा खिलाड़ी अंगकृष रघुवंशी 139.44 के स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों सहित 340 रन बनाकर केकेआर के कुछ सफल खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, जबकि रिंकू ने दो अर्धशतकों के साथ 148.95 के स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं। केकेआर के शेष घरेलू मैचों में गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इन दोनों खिलाड़ियों की भूमिका अहम होगी। इसके विपरीत शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस का इस सत्र में अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा है। उसके शीर्ष पर काबिज आरसीबी के समान 16 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण वह दूसरे स्थान पर है। गुजरात के इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक उसके गेंदबाजों को जाता है। उसकी तरफ से कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और जेसन होल्डर ने तेज गेंदबाजी विभाग अच्छी तरह से संभाला है जबकि स्टार स्पिनर राशिद खान ने मानो अपना पुराना जादू फिर से हासिल कर लिया है। बल्लेबाजी में उसके शीर्ष क्रम में गिल और साई सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले साल टूर्नामेंट में सर्वाधिक 759 रन बनाने वाले सुदर्शन इस बार भी अभी तक 501 रन बना चुके हैं। वह अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर काबिज हेनरिक क्लासेन से सिर्फ सात रन पीछे हैं। उन्होंने अपनी पिछली छह पारियों में पांच अर्धशतक लगाए हैं, जिनमें एक शतक भी शामिल है। गिल भी बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं, वहीं वाशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अच्छी भूमिका निभाई है। गुजरात को अगर शीर्ष दो में जगह बनानी है तो उसके इन प्रमुख खिलाड़ियों को अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना होगा।

टीम इस प्रकार हैः

कोलकाता नाइट राइडर्सः अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, राहुल त्रिपाठी, फिन एलन, तेजस्वी सिंह, टिम सीफर्ट, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, कैमरन ग्रीन, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, नवदीप सैनी, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, मथीशा पथिराना, कार्तिक त्यागी, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, प्रशांत सोलंकी।

गुजरात टाइटंसः शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, अरशद खान, अशोक शर्मा, जोस बटलर, कॉनर एस्टरहुइज़न, गुरनूर बरार, जेसन होल्डर, कुलवंत खेजरोलिया, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, ग्लेन फिलिप्स, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, राशिद खान, साई किशोर, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, इशांत शर्मा, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, ल्यूक वुड, जयन्त यादव। मैच शुरू होने का समयः भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे।

भारत के रक्षा इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

राजनाथ सिंह ने आंध्र प्रदेश में लड़ाकू विमान अवसरंचना परियोजना की आधारशिला रखी

पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को श्री सत्य साई जिले में यहां लगभग 16,000 करोड़ रुपये की लागत वाली लड़ाकू विमान अवसंरचना परियोजना की आधारशिला रखी।

सिंह ने कहा कि यह भारत के रक्षा इतिहास में एक ऐतिहासिक अध्याय है। उन्होंने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश में एक नए युग की शुरुआत हो रही है। सिंह और नायडू ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम अवसंरचना की आधारशिला रखी। रक्षा मंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज आंध्र प्रदेश के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत हो रही है और भारत के रक्षा इतिहास में एक ऐतिहासिक अध्याय लिखा जा रहा है। आज के शिलान्यास समारोह में चार बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत हो रही है। इनके अलावा आठ ड्रोन कंपनियां भी कुरनूल में ड्रोन सिटी की शुरुआत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया कई चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे कठिन समय में यदि हम अपनी ताकत के दम पर खड़े हो सकते हैं, तो हम मजबूती से अपनी रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब भी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अन्य देशों पर निर्भर है और इसी कारण आज शुरू हो रही परियोजनाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि पुट्टपर्थी में शुरू की जा रही परियोजना का विकास वैमानिक विकास अभिकरण (एडीए) द्वारा किया जा रहा है जो रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का हिस्सा है। सिंह ने कहा कि यह एजेंसी पांचवीं पीढ़ी के एएमसीए लड़ाकू विमान का विकास कर रही है। सिंह ने कहा कि लगभग 16,000 करोड़ रुपये के निवेश से यहां विमान एकीकरण और उन्नत उड़ान परीक्षण केंद्र विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसी सुविधाएं दुनिया के केवल कुछ ही देशों के पास हैं। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि विभिन्न रक्षा सुविधाओं के विकसित होने से आंध्र प्रदेश देश की रक्षा ढाल बनकर उभरेगा। एएमसीए परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नायडू ने कहा कि यह पहल भारत के रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं को प्रदर्शित करेगी और स्वदेशी तकनीक के जरिए लड़ाकू विमान निर्माण को मजबूती देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुट्टपर्थी में लगभग 650 एकड़ भूमि पर स्थापित की जा रही एएमसीए परियोजना एक समर्पित टाउनशिप के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी और करीब 7,500 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। नायडू ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बढ़ती तकनीकी ताकत और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत पहल की सफलता का गौरवशाली उदाहरण बताया। भारत ने अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मई 2025 में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर नाम से सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। एएमसीए परियोजना के साथ-साथ सिंह और नायडू ने कुछ अन्य रक्षा तथा ड्रोन सिटी परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी। एक विज्ञप्ति के अनुसार, बाद में दोनों नेताओं ने मिसाइलों, हथगोलों, अत्याधुनिक बंदूकों, लड़ाकू विमान के प्रोटोटाइप और अन्य रक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

केरल, कर्नाटक और तेलंगाना की कांग्रेस सरकारें विमान ईंधन पर घटायें वैट : गोयल

मुंबई। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को केरल, कर्नाटक और तेलंगाना की कांग्रेस सरकारों से विमान ईंधन (एटीएफ) पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कटौती करने का आग्रह किया।

उन्होंने इन राज्यों को महाराष्ट्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार का अनुसरण करने की सलाह दी। गोयल ने यहां सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (एसईईपीजेड) में संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र के सुझाए गए खर्चों में कटौती संबंधी उपाय स्वैच्छिक प्रकृति के हैं और संकट के समय हर देशभक्त भारतीय को देश की मदद करनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि कर्नाटक, केरल और तेलंगाना जैसे जिन राज्यों में अभी कांग्रेस की सरकार है, वे भी एटीएफ के मुद्दे पर विचार करेंगे और जनहित से जुड़े कदम उठाएंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने एटीएफ पर वैट 18 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत करने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे हवाई माल ढुलाई शुल्क कम होगा, नए बाजारों की तलाश में यात्रा करने वाले निर्यातकों को सहायता मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विदेशी मुद्रा बचाने के लिए उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) पर प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी सवाल पर गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील स्वैच्छिक है। उन्होंने कहा, उन्होंने (प्रधानमंत्री) अपील की है, अनुरोध किया है और मुझे भरोसा है कि देशहित में योगदान देने की भावना हर भारतीय में होगी। संकट के समय हमें खर्च में संयम बरतना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह संकट का समय है और ऐसे समय में हम सभी को खर्च में संयम बरतना चाहिए।

संक्षेप

महाराष्ट्र ने विमान ईंधन पर वैट घटाया

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने विमान ईंधन (एटीएफ) पर मूल्य वर्धित कर (वैट) को 18 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह छूट 15 मई से अगले छह महीने तक लागू रहेगी। अधिकारी ने कहा कि राज्य के वित्त विभाग ने 14 मई को महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2002 के तहत इस संबंध में अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, यह रियायत 15 मई से 14 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद सरकार द्वारा अवधि नहीं बढ़ाने या संशोधन नहीं किए जाने की स्थिति में पुरानी दर लागू हो जाएगी। अधिसूचना में कहा गया कि महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2002 की अनुसूची-बी की प्रविष्टि-6 में मौजूदा 18 प्रतिशत कर दर की जगह सात प्रतिशत कर दिया गया है।

भ्रामक दावों पर दो कोचिंग संस्थानों पर लगा जुर्माना

नयी दिल्ली। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने जेईई और नीट परीक्षा परिणामों से जुड़े भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड पर 10 लाख रुपये और सीकर स्थित करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी) पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि जांच में पाया गया कि दोनों कोचिंग संस्थानों ने अपनी प्रचार सामग्री में सफल छात्रों की उपलब्धियों को प्रमुखता से दिखाया, लेकिन यह महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली कि इन छात्रों ने किस तरह के पाठ्यक्रम में हिस्सा लिया था। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा के आदेश में इस गतिविधि को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार और उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन माना गया। मोशन एजुकेशन ने अपने विज्ञापनों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 91.2 प्रतिशत और आईआईटी-जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 51.02 प्रतिशत सफलता दर का दावा किया था।

भारी वर्षा के बीच गिरी छत, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

विजयपुरा (कर्नाटक)। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में तेज हवाओं के साथ हुई भारी वर्षा के दौरान एक किराये के पुराने मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान गुरुनाथ बडिगेरा (35), उसकी पत्नी ज्योति बडिगेरा (28) और उनके दो बच्चों कलम्मा बडिगेरा (13) तथा कीर्ति बडिगेरा (9) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना विजयपुरा जिले के अलमेला तालुका के मोरतगी गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि इस परिवार के निजी आवास में मरम्मत कार्य हो रहा था जिसके कारण परिवार के लोग इस किराए के पुराने मकान में रह रहे थे।

ड्रोन, यूएएस अब आसमान में बाज के पंजों की तरह : वायुसेना प्रमुख

नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ड्रोन और अन्य मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) से हवाई ताकत बढ़ी है और अब ये केवल आकाश में निगरानी करने वाले उपकरण ही नहीं हैं, बल्कि आसमान में बाज के पंजों की तरह हैं। वायुसेना अध्यक्ष ने मानवरहित हवाई प्रणालियों और यूएएस रोधी प्रणालियों पर एक रक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रेखांकित किया कि किसी भी आधुनिक हवाई खतरे से निपटने के लिए उस क्षेत्र की पूरी जानकारी अति महत्वपूर्ण है, और एक ही हवाई क्षेत्र में काम करने वाली तीनों सेवाओं के बीच पूर्ण समन्वय होना चाहिए। वायु सेना प्रमुख ने पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान हुई हालिया घटना का जिक्र करते हुए कहा, हमने देखा है कि क्या होता है... अगर आपके पास उक्त क्षेत्र की जानकारी नहीं है, तो आपको पता नहीं होता कि आपके लोग कहां हैं और दूसरे कहां हैं। हमने देखा है कि कुवैत में एफ-15 विमानों के साथ क्या हुआ। आपसी संघर्ष। इसलिए हम ऐसी घटनाओं को सह नहीं कर सकते। अमेरिका की मध्य कमान ने दो मार्च को एक बयान में कहा था कि एक मार्च को कुवैत के ऊपर तीन अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमान कथित तौर पर गलती से मित्र राष्ट्र की ओर से की गई गोलेबारी की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। यह संगोष्ठी थिंक-टैंक सेंटर फॉर एयरोस्पेस पावर एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीएपीएसएस) और इंडियन मिलिट्री रिव्यू (आईएमआर) प्रकाशन द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय वायु सेना के सुब्रतो पार्क में आयोजित की जा रही है। वायु सेनाध्यक्ष ने कहा कि ड्रोन, मानवरहित हवाई प्रणालियां (यूएएस) और यूएएस रोधी प्रणालियां आज के समय में बेहद प्रासंगिक हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com